

अमित शाह का दावा, भाजपा पहले चरण की 110 सीटें जीतेगी - 12



अनिश्चितता से घिरे शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा- 12



इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था के लिए नाबालिग को बाध्य नहीं कर सकते : सुप्रीम - 13



दिग्गज तेंदुलकर ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन - 14

आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.39
सूर्यास्त 06.46

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी 06:28 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 25 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 22, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# आप के केजरी की ढही 'वॉल'

## राघव चड्ढा, मालिवाल समेत सात राज्यसभा सांसद आप का दामन छोड़ भाजपा में शामिल | चड्ढा बोले- जिस पार्टी को उन्हें खून-पसीने से सींचा वह अपने सिद्धांतों से पूरी तरह भटकी

नई दिल्ली, एजेंसी



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राघव चड्ढा

**इन सांसदों ने छोड़ा आम आदमी पार्टी का साथ**



संदीप पाठक



अशोक मित्तल



हरभजन सिंह



विक्रजीत साहनी



राजिंदर गुप्ता



स्वाती मालिवाल

दिल्ली में सत्ता गंवाने के बमुश्किल एक साल बाद शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) को तब सबसे बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा समेत उसके सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा के अलावा 'आप' से इस्तीफा देने वाले अन्य राज्यसभा सदस्यों में संदीप पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, अशोक मित्तल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रम साहनी शामिल हैं।

उन्होंने कहा, आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है। हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था।

उन्होंने कहा, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य हैं। इनमें से दो-तिहाई से अधिक सांसद इस पहल में हमारे साथ हैं। चड्ढा ने कहा, उन्होंने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, और शुक्रवार सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों एवं अन्य औपचारिक दस्तावेज सहित सभी आवश्यक कागजात सौंप दिए हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए चड्ढा ने कहा कि पार्टी अब देश के लिए नहीं, बल्कि अपने ही फायदे के लिए काम कर रही है। चड्ढा ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, मुझे यह महसूस होने लगा है कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। आज, मैं आप से अलग होने और जनता के साथ अधिक निकटता से काम करने के अपने निर्णय की घोषणा करता हूं। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी, लेकिन ऐसा हो गया है।

पाठक ने कहा, मैं दस साल तक इस पार्टी से जुड़ा रहा। और आज मैं आम आदमी पार्टी से अलग हो रहा हूं।

### भाजपा बोली- भ्रष्ट आम आदमी पार्टी पर कोई भरोसा नहीं करता

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि राघव चड्ढा और संदीप पाठक सहित आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के इस्तीफा देने और भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद आप पूरी तरह से बिखर गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भ्रष्ट आम आदमी पार्टी पर कोई भरोसा नहीं करता। यह पार्टी, जिसने खुद को एक अलग तरह की पार्टी होने का दावा करते हुए शुरुआत की थी, भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा, आम आदमी पार्टी पूरी तरह से बिखर गई है। इसका टूटना अब अटकलबाजी नहीं रही, बल्कि यह वास्तविक रूप से हो रहा है। चड्ढा और पाठक ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे आप के पांच अन्य सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चड्ढा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप के राज्यसभा के 10 में से 7 सदस्य भाजपा में शामिल हो रहे हैं। संविधान के अनुसार, किसी पार्टी के कुल सांसदों में से दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में विलय कर सकते हैं। हमने इस संबंध में आज राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक पत्र सौंपा है।

### केजरीवाल ने कहा-भाजपा ने पंजाब के साथ धोखा किया



**नई दिल्ली।** आप के सात राज्यसभा सदस्यों के पार्टी छोड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा ने एक बार फिर पंजाब की जनता के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा ने एक बार फिर पंजाबियों के साथ धोखा किया है।

# टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन और किसानों की आय बढ़ाना लक्ष्य : शिवराज सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- केंद्रीय कृषि मंत्री और सीएम योगी ने किया क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का उद्घाटन, फार्मर आईडी पर फोकस
- रामनाथ ठाकुर बोले- कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्यों के साथ समन्वय जरूरी

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर राज्य को कृषि के लिए स्पष्ट रोडमैप के साथ फार्मर आईडी बनाने में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन और किसानों की आय बढ़ाना लक्ष्य है। किसानों को नई तकनीक, बेहतर बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना ही सरकार की प्राथमिकता है। बिना लक्ष्य ठोस योजना के खेती और किसानों का समग्र विकास संभव नहीं है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को लखनऊ के एक होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी के साथ उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में फार्मर आईडी बनाने का काम तेजी से चल रहा है, जिससे किसानों को एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस आईडी के माध्यम से किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने राज्यों से इस दिशा में तेजी से कार्य करने का आह्वान किया। चौहान ने कहा कि देश में अब 'लैब टू लैंड' की अवधारणा को तेजी से लागू किया जा रहा है, जिससे शोध सीधे खेत तक पहुंच रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कृषि को वैल्यू एडिशन और प्रोसेसिंग से जोड़ना समय की आवश्यकता है। फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग नेटवर्क के विस्तार से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। कार्यक्रम में यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उद्यान मंत्री हिमाचल प्रदेश जगत सिंह नेगी, कृषि मंत्री उत्तराखंड गणेश जोशी आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

### पहले औपचारिक आयोजनों तक सीमित थीं नीतियां: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले नीतियां केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित थीं, लेकिन अब किसानों को जानकारी, संसाधन और बाजार तीनों उपलब्ध हो रहे हैं। यही कारण है कि किसान नई तकनीकों को अपनाकर बेहतर परिणाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 'लैब टू लैंड' की अवधारणा अब धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे वैज्ञानिक तकनीकों का लाभ मिल रहा है। वैज्ञानिक तकनीकों, एग्रो-क्लाइमेटिक जोन आधारित रणनीति और केंद्र-राज्य के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ा है, बहुफसली खेती का विस्तार हुआ है और वैल्यू एडिशन पर फोकस बढ़ा है।

## ब्रीफ न्यूज

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जारी किया गया बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के मामले इस तरह से संचालित किए जा रहे थे, जो बैंक और उसके जमाकर्ताओं के हित के लिए हानिकारक थे। आरबीआई ने कहा, बैंक के प्रबंधन का सामान्य चरित्र जमाकर्ताओं के हित के साथ ही सार्वजनिक हित के लिए भी प्रतिकूल है। इसके चलते पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी बैंकिंग व्यवसाय के संचालन से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में एक आवेदन करेगा। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास बैंक के बंद होने पर अपनी पूरी जमा देनदारी चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध है।

### राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** आपत्तिजनक सोशल मीडिया सामग्री और हथियारों के गैरकानूनी इस्तेमाल से जुड़ी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त दो लोगों को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। यह मामला 23 नवंबर, 2025 को इंस्टाग्राम पर प्रसारित एक वीडियो से संज्ञान में आया, जिसमें आकिब 'लाइव सत्र' के दौरान अन्य लोगों के साथ हथियार प्रदर्शित करते हुए दिखाई दे रहा था। बाद में यह वीडियो मीडिया प्रोफाइल पर पोस्ट किया गया। जांच में कई की पहचान की गई। इनमें से उवैद मलिक, जलाल हैदर, समीर उर्फ रूहान और माजुल पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

# सीईसी ज्ञानेश को हटाने के लिए 73 सांसदों का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दलों ने राज्यसभा के महासचिव को सौंपा नया प्रस्ताव
- कांग्रेस ने कहा- सीईसी का पद पर बने रहना संविधान पर हमला

विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के संदर्भ में शुक्रवार को राज्यसभा को नया नोटिस सौंपा और उन पर सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता सहित कई आरोप लगाए। संसद के उच्च सदन के 73 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को दिया गया है।

राज्यसभा के महासचिव ने कहा कि यह मांग 15 मार्च 2026 को और उसके बाद उनके द्वारा किए गए कृत्यों और गलतियों के आधार पर सिद्ध दुराचार के आधार पर की गई है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 324(5) को अनुच्छेद 124(4) के साथ पढ़ते हुए, साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) तथा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत आता है। रमेश ने कहा कि अब मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप हैं, जिन्हें बेहद विस्तार से दर्ज किया गया है और जिन्हें न तो नकारा जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया, उनका पद पर बने रहना संविधान पर हमला है। यह पूरी तरह शर्मनाक है कि वह अब भी पद पर बने हुए हैं, ताकि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारों पर काम कर सकें। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने का नया नोटिस देते हुए उनके विरुद्ध कई आरोप लगाए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता, आचार संहिता से जुड़ी कार्रवाइयों में पक्षपात और 'त्रुटिपूर्ण' एसआईआर को पूरे देश में क्रियान्वित करना प्रमुख हैं।

### विपक्ष बोला- बड़ी संख्या में मतदाता हुए वंचित

विपक्षी दलों ने एसआईआर का हवाला देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया तथा 90 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पश्चिम बंगाल में आयोग के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग शिकायतों पर जानबूझकर कार्रवाई नहीं की गईं। विपक्षी सांसदों का यह दावा भी है, 'दोषपूर्ण एसआईआर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर करने की संस्तुति दी गई।

## नौका विहार



**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह हुगली नदी में नौका की सवारी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नदी की दिव्य जलधाराएं एक पूरी सभ्यता की शाश्वत भावना को अपने अंदर समेटे हुए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वह पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि के प्रति प्रतिबद्ध हैं। ● अमृत विचार

# गन्ना किसानों की फसल का होगा जीपीएस सर्वे

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग ने शुरू की तैयारी

**लखनऊ।** सीएम के निर्देश पर प्रदेश में गन्ना किसानों की फसल का जीपीएस आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने इसके लिए नीति जारी कर दी है। सर्वे 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। सर्वेक्षण की सूचना पंजीकृत किसानों को तीन दिन पहले मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी।

सर्वे टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे, जिन्हें पहले से प्रशिक्षित किया जाएगा। सर्वे के दौरान किसान की मौजूदगी अनिवार्य होगी और टीम खेत पर पहुंचकर जीपीएस के माध्यम से डेटा सीधे विभागीय सर्वर पर दर्ज करेगी। सर्वे पूरा होने के बाद खेत का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म किसानों को एसएमएस के जरिए भेजे जाएंगे। वीना कुमारी ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए यह सर्वेक्षण नीति लागू की गई है और आंकड़े ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## अमेरिका से शांति वार्ता को इस्लामाबाद जाएंगे अराघची

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात इस्लामाबाद आ सकता है। अमेरिका की साजो-सामान और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद है। यह घटनाक्रम उस फोन कॉल के कुछ घंटे बाद सामने आया है, जिसमें पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार तथा अराघची ने अमेरिका-ईरान संघर्षविराम एवं पाकिस्तान के कूटनीतिक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया। वहीं, ईरानी दूत काजेम जलाली ने कहा है कि ईरान मामलों को कूटनीति से सुलझाना पसंद करेगा लेकिन अगर बात बिगड़ती है, तो वह युद्ध जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने इस्लामिक गणराज्य के कई मर्तबा धोखा खाने के बावजूद कभी भी कूटनीति का साथ नहीं छोड़ने की भी बात कही।

# डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




- ओवरटेक करने के दौरान मैनाठेर क्षेत्र के असदपुर पुलिया के पास हुआ हादसा
- दर्दनाक हादसे में दो बच्चों समेत चार की मौत, डंपर चालक समेत 16 घायल

**अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 5:25 बजे असदपुर पुलिया के पास सड़क हादसे में दो महिलाओं और दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में डंपर चालक समेत 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने डंपर नंबर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार संभल जनपद के भटौला गांव निवासी नरेश सैनी अपने रिश्तेदारों के साथ गुरुवार रात मुरादाबाद के गुरेर गांव में बेटी की शादी में भात न्योतने आए थे। सभी लोग शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बजरी से भरे डंपर ने ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड से टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में 55 वर्षीय शांति देवी पत्नी तोताराम, सुमन पत्नी विनोद और अजीत पुत्र विनोद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सृष्टि पुत्री जयप्रकाश ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर मैनाठेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने संभल के भटोला गांव निवासी नरेश की ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक किरणपाल सिंह ने बताया घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। इनमें डंपर चालक भी शामिल है।

# गाजियाबाद में मासूम से दुष्कर्म कर हत्या मामले में डीजीपी को महिला एसआईटी बनाने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- एसआईटी में पुलिस आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की एक महिला अधिकारी होंगी शामिल

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया कि वह पिछले महीने गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में समयबद्ध जांच के लिए किसी आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी के नेतृत्व में पूरी तरह से महिला अधिकारियों की एसआईटी का गठन करें।

कोर्ट ने मामले की जांच के प्रति गाजियाबाद पुलिस की टालमटोल को लेकर चिंता जताई थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एसआईटी का गठन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक अधिसूचित किया जाए। संबंधित घटना 16 मार्च को हुई थी जब एक पड़ोसी दिहाड़ी मजदूर की बेटी को चॉकलेट दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब बच्ची वापस नहीं लौटी, तो उसके पिता ने उसकी तलाश शुरू की और बच्ची को खून से लथपथ एवं बेहोश पाया। मामले में चौंकाने वाली बात यह रही कि जब बच्ची मिली थी तो वह जीवित थी, लेकिन दो निजी अस्पतालों ने उसका इलाज करने से इनकार कर दिया जिसके कारण बाद में गाजियाबाद जिला अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। पीठ ने आदेश दिया कि एसआईटी में महिला पुलिस अधिकारी शामिल होंगी, जिनमें उप्र कैडर की पुलिस आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की महिला अधिकारी भी शामिल होंगी, लेकिन जिनका राज्य से कोई संबंध नहीं होगा।


### एसआईटी दो सप्ताह के जांच पूरी करे : पीठ

पीठ ने निर्देश दिया कि एसआईटी बिना देरी के जांच शुरू करे और अधिमानत: दो सप्ताह के भीतर जांच पूरी करने का प्रयास करे। इसने कहा कि एसआईटी बच्ची के माता-पिता द्वारा की गई सभी शिकायतों की जांच करेगी। पीठ ने कहा, जांच के परिणाम के आधार पर, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**अध्ययन** | जीएसवीएम मेडिकल कालेज के अध्ययन में चार फीसदी गर्भवती मिलीं थैलेसीमिया पीड़ित

# गर्भवती महिलाओं में तेजी से बढ़ रहा थैलेसीमिया रोग

विकास कुमार, कानपुर





**अमृत विचार :** चिकित्सकीय अध्ययन के मुताबिक देश में करीब डेढ़ लाख थैलेसीमिया मरीज हैं, और हर साल लगभग 12 हजार से ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं। लेकिन चौंकाने वाला तथ्य यह है कि गर्भवती महिलाओं में इस रोग की दर तेजी से बढ़ रही है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में हुई सतत जांच में चार फीसदी गर्भवती थैलेसीमिया से पीड़ित पाई गई हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसुति विभाग की ओपीडी में थैलीसीमिया की जांच के लिए लैब स्थापित की गई है। लैब में बीते डेढ़ साल के भीतर 5285 गर्भवतियों में थैलीसीमिया की जांच की गई, जिसमें 206 गर्भवती महिलाएं थैलीसीमिया पॉजिटिव मिलीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इन महिलाओं के पति थैलेसीमिया पीड़ित नहीं पाए गए। इसलिए जन्म लेने वाले बच्चों के संक्रमित होने की संभावना लगभग न के बराबर है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीना गुप्ता के अनुसार थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है। यदि पैदा होने वाले बच्चे के माता-पिता दोनों के जींस में माइनर थैलेसीमिया होता है, तो बच्चे में मेजर थैलेसीमिया हो सकता है, यह काफी घातक होता है। लेकिन माता-पिता में से किसी एक में माइनर थैलेसीमिया होने पर बच्चे को खतरा नहीं होता है। थैलेसीमिया माइनर में व्यक्ति को एक सामान्य हीमोग्लोबिन जीन और एक थैलेसीमिया जीन विरासत में मिलता है, जबकि थैलेसीमिया मेजर अधिक गंभीर है, इसमें व्यक्ति को दो थैलेसीमिया जीन विरासत में मिलते हैं, एक माता और एक पिता से। थैलेसीमिया मेजर वाली महिलाओं में गंभीर एनीमिया, हृदय संबंधी जटिलताएं, समय से पूर्व प्रसव और मृत्यु दर का खतरा बढ़ जाता है।

### शादी से पहले कुंडली मिलवाने के साथ रक्त की जांच भी कराएं

चिकित्सकों के मुताबिक जागरूकता की कमी, रक्त संबंधी विवाह और यह धारणा कि ज्योतिष विज्ञान, आधुनिक विज्ञान से अधिक महत्वपूर्ण है, एक थैलेसीमिया माइनर की दूसरे थैलेसीमिया माइनर से शादी होने के मामलों को बढ़ा रही है, जबकि ऐसे विवाहों में थैलेसीमिया मेजर बच्चा होने की संभावना 25 फीसदी हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि जन्म लेने वाले बच्चे को इस गंभीर रोग से बचाने के लिए शादी से पहले लड़के और लड़की की खून की जांच करानी चाहिए।



थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो माता-पिता से बच्चों में स्थानांतरित होता है। यह शरीर की हीमोग्लोबिन बनाने की क्षमता प्रभावित करता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कणों की संख्या 45 से 50 लाख प्रति घन मिलीमीटर होती है। बीमारी में ये कण तेजी से नष्ट होने लगते हैं और नई कोशिकाएं नहीं बन पाती हैं। शरीर में खून की कमी होने से पीड़ित कई बीमारियों का शिकार हो जाता है। -**डॉ. नीना गुप्ता**, वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ।

न्यूज ब्रीफ

## घर से गायब हुए बच्चे को मां-बाप से मिलाया

**बिलारी अमृत विचार :** घर से बच्चा निकल कर गांधी मूर्ति चौराहे पर पहुंच गया। आसपास के लोगों ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए बच्चों के माता-पिता की तलाश शुरू की, काफी मशक्कत के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों के माता-पिता कोतवाली पहुंचे। जहां बच्चे को सुपुर्द कर दिया गया। महिला पुलिसकर्मियों व स्थानीय पुलिस ने बच्चों के मां-बाप खोजने के लिए प्रयास किया जो प्रयास सफल हुआ। बच्चे की पहचान बिलारी के प्रेम विहार कॉलोनी निवासी अमित कुमार के बेटे के रूप में हुई। बच्चा मिलने के बाद परिवार के लोग काफी खुश दिखाई दिए।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ग्रामीणों को किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गढ़ी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया ग्रामीणों से विकास कार्यों के बारे में चर्चा की गई और उन्हें ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। सहायक विकास अधिकारी सतीश कुमार ने कई ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आजीविका, जल संरक्षण और सामाजिक न्याय सहित हर क्षेत्र में ग्रामीण स्वशासन की भूमिका को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार मिला है जिससे सशक्तिकरण के अनेक रास्ते खुल जाते हैं और नारी शक्ति हमारे समाज के आधारशिला है। सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को बताया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम पंचायत सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## घर में घुसकर युवक को मारी गोली, मेरठ में इलाज के दौरान मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के रावटी गांव में घर में घुसकर युवक को गोली मारने की सनसनीखेज घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। गंभीर रूप से घायल युवक सौरभ ने मेरठ के एक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना 20 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे की है। मृतक के पिता सुदेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। इसी दौरान दरवाजे पर दस्तक हुई। दरवाजा खोलते ही बाहर खड़े तीन युवक अंकित, अतुल और एक अज्ञात जबरन घर में घुस आए और सौरभ के बारे में पूछताछ करने लगे। उस समय सौरभ एक शादी समारोह में गया हुआ था। कुछ देर बाद जब सौरभ घर लौटा, तो आरोप है कि तीनों आरोपियों ने उसे घेर लिया और एक हमलावर ने तमंचे से उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित पिता का आरोप है कि जब आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उन पर भी फायरिंग की और फरार हो गए। जाते समय मोटरसाइकिल भी मौके पर छोड़ गए। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी न होने से परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

### कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके ने विधेयक का विरोध कर महिला-विरोधी मानसिकता उजागर की

# नीति-निर्माण में भागीदारी महिलाओं का अधिकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की ओर से शुक्रवार को 16 व 17 अप्रैल को संसद में प्रस्तुत महत्वपूर्ण विधेयकों पर विपक्ष के विरोध को लेकर सर्किट हाउस सभागार में प्रेसवार्ता में विपक्ष के रुख की कड़ी निंदा की गई।

मुख्य अतिथि महानगर प्रभारी मोहनलाल सैनी ने कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में संविधान (13वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन विधेयक तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयकों पर चर्चा देश के लोकतांत्रिक भविष्य और महिलाओं की भागीदारी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर था। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने इन विधेयकों का विरोध कर अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया। इन दलों ने इसके माध्यम से देश की आधी आबादी माताओं, बहनों और बेटियों के साथ भी विश्वासघात किया है।

प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। ऐसे में जो लोग इसमें बाधा डाल रहे हैं, उन्हें आने वाले समय में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

महानगर प्रभारी ने आगे कहा कि विपक्षी दल समाज को धर्म के आधार पर बांटने और महिला आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, भाजपा के जिला महामंत्री नवीन चौधरी, आदित्य शंखधार, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला उपाध्यक्ष आदेश चौधरी, जिला मंत्री कशिश चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. शशि चौहान, सिंपल चौहान, लवी सक्सेना, अभियान संयोजक विशाल त्यागी, महामंत्री शम्मी भटनागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विरोध करने वालों के खिलाफ निकाली जन आक्रोश पदयात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने का विरोध करने वाली विरोधी पार्टियों के खिलाफ शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शाम को पाकबड़ा में महिला जन आक्रोश पदयात्रा निकाली। पदयात्रा समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस द्वारा इस महत्वपूर्ण अधिनियम को लागू न होने देने के विरोध स्वरूप निकाली गई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष आदेश चौधरी और कार्यक्रम संयोजक लवी सक्सेना रहीं। पदयात्रा के बाद पुतला दहन भी किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ममता रुहेला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशि चौहान, सिंपल चौहान, कशिश चौहान, पूजा राघव, मीरा सागर एवं महिला मोर्चा की अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



भाजपा महिला मोर्चा की जन आक्रोश पदयात्रा में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

# स्मार्ट मीटर को लेकर जागरूकता अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रमुख स्थानों पर केनोपी लगाकर उपभोक्ताओं की दूर करेंगे शंकाएं

**अमृत विचार :** जिले में स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिजली विभाग से जुड़ी स्मार्ट मीटर कंपनी ने विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर कैनोपी (स्टॉल) लगाए जाएंगे।

इन कैनोपी पर तैनात कर्मचारी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के प्रीपेड और पोस्टपेड (नेट) मोड की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही, स्मार्ट मीटर के उपयोग, इसके लाभ और सही तरीके से संचालन के बारे में भी लोगों को समझाया जाएगा।

अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को यह बताया जाएगा कि स्मार्ट मीटर के जरिए वे अपने बिजली खर्च पर बेहतर नियंत्रण रख सकते हैं। इसके अलावा, रीयल-टाइम खपत की जानकारी मिलने से पारदर्शिता बढ़ेगी और गलत बिलिंग की समस्या में भी कमी आएगी। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि बिजली विभाग की इस पहल का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और उन्हें इसके फायदों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# परिवार के चार लोगों की मौत से भटोला में मचा कोहराम

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं, गांव में भी फैल गई शोक की लहर, परिजनों को सांत्वना देने पहुंचने लगे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** संभल जनपद के कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव भटोला में बेटी की शादी की तैयारियों के बीच दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। जिस घर में ढोलक की थाप और मंगल गीत गूंज रहे थे, वहां अब मातम पसरा हुआ है। भात न्योतने की रस्म निभाकर लौट रहे परिवार के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस दर्दनाक घटना से न केवल परिवार, बल्कि पूरा गांव गमगीन है।

गांव भटोला निवासी नरेश की बेटी की शादी आगामी 30 अप्रैल को होनी थी। घर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं और परिजन रिश्तेदारी में 'भात न्योत' की रस्म निभाने में जुटे थे। इसी सिलसिले में नरेश के भाई विनोद गुरुवार को अपने परिवार के साथ मैनाठेर क्षेत्र के गुरेर गांव स्थित ससुराल गए थे। वहां रिश्तेदारों के आग्रह पर सभी लोग रात में रुक गए। विनोद शुक्रवार सुबह परिवार और अन्य रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस गांव लौट रहे थे। तभी असदपुर पुलिया के पास हादसा हो गया। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

हादसे ने विनोद के परिवार को पूरी तरह से तोड़कर रख दिया है। परिवार के चार सदस्यों की एक साथ मौत से घर उजड़ गया है और अब उनके घर में केवल बेटा चंदन ही शेष रह गया है। जिस घर में बेटी की शादी को लेकर उत्साह और खुशियों का माहौल था, वहां अब मातम का साया छाया हुआ है। शादी की तैयारियां थम गई हैं और घर में सन्नाटा पसरा है। गांव के लोग भी इस हृदय विदारक घटना से स्तब्ध हैं और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हादसा इतना भयावह था कि जिसने भी देखा, उसकी आंखें नम हो गईं।


संभल के भटोला गांव में हादसे के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। • अमृत विचार


संभल के भटोला गांव में हादसे के बाद गमगीन महिलाएं। • अमृत विचार

- भात निभाने की रस्म के लिए ससुराल गया था न्योता देने

**हादसे में ये हुए घायल**

मोनिका, सन्तोष, मोनी, वेदप्रकाश, ममता, कुसुम, लक्ष्मी, सुरेश, सरोज, भूमिका, ऊषा, सुखिया, मनीषा एवं शशि, धर्मपाल, मन्नी व अनमोल समेत डंपर चालक गुरमेल सिंह शामिल हैं। इनका इलाज मुरादाबाद जिला अस्पताल में चल रहा है।

### हादसे में चाची और बहन-भाई की मौत पर मचा कोहराम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में दो महिलाओं और दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत की खबर से मुरादाबाद के गुरेर और संभल के भटोला गांव में सन्नाटा छा गया। दोनों गांवों में सड़क हादसे से कोहराम मच गया।

घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक परिजनों की चीख पुकार मचती रही। संभल के भटोला गांव के नरेश की बेटी स्वाति की 30 अप्रैल को बारात आनी थी। इसके लिए पिता नरेश अपने सगे संबंधियों के साथ गुरेर गांव अपनी ससुराल भात न्योत कर ट्रैक्टर ट्राली से वापस लौट रहे थे। शुकवार की सुबह संभल जिले के भटोला गांव के रहने वाले नरेश के परिवार के लिए अशुभ साबित हुई। नरेश अपनी बेटी स्वाति की शादी की तैयारियों में लगे थे। उसके रिश्तेदार सगे संबंधी और गांव के लोग शादी को उत्साहित थे। नरेश अपने भाई व रिश्तेदारों को परिवार समेत मुरादाबाद के गुरेर गांव अपने साले तेजप्रकाश के घर बेटी की शादी में भात न्योतने की रस्म करने गुरुवार की रात पहुंचे थे। सुबह अपने गांव लौटते समय असदपुर की पुलिया के पास पीछे से बजरी से भरे डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए।


मृतका शांति।

हादसे की सूचना मिलते ही गुरेर और भटोला गांव में सन्नाटा पसर गया। तमाम लोग दौड़ कर जिला अस्पताल पहुंच गए और पीड़ितों को सांत्वना देते रहे।

## डीजे संचालक और स्टाफ को मारपीट कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के चिड़िया भवन गांव निवासी रोहित सागर पुत्र दान सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह डीजे संचालक है। 19 अप्रैल को अपने ही गांव के श्याम सिंह पुत्र धर्म सिंह की बेटी की शादी में डीजे बज रहा था। बताया कि तभी श्याम सिंह, होराम सिंह, वीरपाल और चंद्रशेखर उसके पास आए और अपनी पसंद का गाना बजाने को कहा। जिस पर उसने उनका पसंदीदा गाना बजा दिया। आरोप लगाया कि इसी दौरान श्याम सिंह और चंद्रशेखर ने उसके डीजे के कॉलम पर तेज तेज हाथ मारना शुरू कर दिया । बताया कि जब उसने विरोध किया तब सभी लोगों ने उसे और उसके स्टाफ के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया।

जिससे उसके छोटे भाई शिव कुमार भानु प्रताप और उसके गंभीर घायल हो गए । शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए ,तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हादसे के बाद उठी ओवरलोड डंपरों पर सख्ती की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- व्यापारी और सपा विधायक ने उठाई आवाज

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों के बाद ओवरलोड और तेज रफ्तार डंपरों पर अंकुश लगाने की मांग तेज हो गई है। हाल ही में हुए भीषण हादसे ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है, जिसके चलते स्थानीय नागरिक, व्यापारी और जनप्रतिनिधि प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में ओवरलोड डंपर बेखौफ होकर दौड़ रहे हैं, जिससे आमजन की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि आए दिन हो रही दुर्घटनाएं प्रशासन की लापरवाही को दर्शाती हैं। उन्होंने मांग की कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित चेकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं सपा विधायक नवाब जान ने भी इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसे बेहद चिंताजनक हैं। आरोप लगाया कि ओवरलोड डंपरों और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने के कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। प्रशासन से, विशेष अभियान चलाने और दोषी चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से प्रमुख मार्गों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## लाखों के जेवर व नकदी लेकर प्रेमी के घर पहुंची युवती

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक युवती अपने पिता के घर से जेवर और 90 हजार की नकदी लेकर अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती अपने पिता के घर से सोने की चार चूड़ियां, लगभग तीन तोला डेढ़ तोले का मंगलसूत्र, 500 ग्राम चांदी, एक तोले के कानों के सोने के कुंडल, 90000 रुपए की नकदी लेकर 21 अप्रैल को अपने घर से फरार हो गई थी।

युवती के माता-पिता अपने खेत पर गन्ने की सिंचाई करने गए थे। युवती के प्रेमी की मां ने युवती के पिता को फोन किया कि तुम्हारी पुत्री हमारे घर पर आ गई है।

# संभल में 4 इंस्पेक्टर, 3 चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जनसुनवाई में लापरवाही बरतने वालों पर एसपी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** संभल जनपद में पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बड़ी कार्रवाई की है। जनसुनवाई में लापरवाही बरतने वाले चार थाना इंस्पेक्टर और तीन पुलिस चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है, जबकि दो चौकी प्रभारियों को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित किया गया है।

बहजोई स्थित पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने शुक्रवार को कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में लापरवाहों पर कार्रवाई कर सख्त संदेश देने का काम किया। संभल सदर कोतवाली के प्रभारी गजेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी सुधीर पंवार को संभल का कोतवाल नियुक्त किया गया है। वहीं एसपी ने अपने पीआरओ संजय कुमार को हजरतनगर गढ़ी थाना प्रभारी नियुक्त किया है। नखासा के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान को हयातनगर जबकि हयातनगर के प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह को नखासा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को बहजोई का कोतवाल बनाया गया है जबकि बहजोई कोतवाल अजीत कुमार को लाइन भेजा गया है। कैला देवी थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा को कुढ़ फतेहगढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है। कैला देवी का प्रभारी आरटीसी प्रभारी राधेश्याम शर्मा को बनाया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी अमरीश कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। फील्ड यूनिट प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान को साइबर क्राइम थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार का तबादला कर गुन्नौर का थाना प्रभारी बनाया गया है। जुनावई थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान को धनारी भेजा गया है। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक धीरज सिंह को थानाध्यक्ष जुनावई की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन में तैनात मोहित काजला को एसपी ने अपना पीआरओ नियुक्त किया है। इसके अलावा मनोटा चौकी प्रभारी संदीप कुमार शर्मा को पीआरओ द्वतीय बनाया गया है।

### गंभीर आरोपों में दो चौकी प्रभारी निलंबित

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने गंभीर शिकायतों पर दो चौकी प्रभारियों पर निलंबन की कार्रवाई की है। संभल कोतवाली क्षेत्र की नूरियों सराय चौकी प्रभारी अनुज आर्य पर बाइक के कागज न मिलने के मामले में 80 हजार रुपये लेने का आरोप था, जिसकी जांच में पुष्टि होने पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। इसके अलावा बहजोई थाना क्षेत्र की पाठकपुर चौकी प्रभारी आकाश को गांव सादातबाड़ी में कमलेश नामक महिला से मारपीट के मामले में कार्रवाई न करने के आरोप में निलंबित किया गया है। एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनसुनवाई में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता की शिकायतों का समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा चंदौसी कोतवाली क्षेत्र की मंडी समिति चौकी प्रभारी दुष्यंत गोस्वामी, सीताआश्रम चौकी प्रभारी शिवाजी पुंडीर और बरई चौकी प्रभारी अमरपाल सिंह को भी जनसुनवाई में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि इन तीनों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन भेजा जाए।

अनदेखी

### सरकारी स्कूलों को कान्वेंट की तर्ज पर विकसित करने के दावे हवा-हवाई, कई स्कूल भवन खस्ता हाल

# स्कूल का जर्जर भवन बन रहा छात्रों की जान पर आफत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


**अमृत विचार :** प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर सुविधा देने का सरकारी फरमान कागजों में दम तोड़ रहा है। महानगर के कई स्कूलों के साथ ही दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण स्कूलों की हालत और भी खस्ता है। मुख्यमंत्री के आगामी भ्रमण कार्यक्रमों में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति, छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों की संख्या देखे जाने को लेकर विभाग के उच्चाधिकारी के आदेश के बाद भी जिले में शिक्षाधिकारियों की नींद नहीं टूट रही है। यह स्थिति बिलारी ब्लॉक के एक स्कूल मात्र की नहीं है। कई स्कूलों की हालत जर्जर है।

बिलारी ब्लॉक के अन्तर्गत प्राथमिक स्कूल भिंडवारी (अंग्रेजी माध्यम) के भवन की स्थिति जर्जर है। पांच कमरों के इस स्कूल में एक कमरा लगभग दो दशक से इतना जर्जर है कि इसके सीलिंग का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ गया है।

दीवारों के ईंटें प्लास्टर गिरे प्लास्टर के झरोखे से बदहाली को निहार रहे हैं। इस स्कूल में वर्तमान में 130 छात्र नामांकित हैं। जबकि नामांकन बढ़ने पर यह संख्या 150 के आसपास पहुंच जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में यह अंग्रेजी माध्यम के इस सरकारी स्कूल की बदहाली से बच्चों की शिक्षा पर संकट खड़ा हो रहा है। 15 वर्षों से खस्ताहाल इस कमरे की सुध लेने की जहमत किसी शिक्षाधिकारी ने नहीं उठाई। स्कूल बिलारी-सिरसी मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के चलते बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अधिकतर समय स्कूल का गेट बंद रखना शिक्षकों की लाचारी है। इस स्कूल में प्रधानाध्यापक सहित 6 शिक्षक हैं। लेकिन फिर भी यहां संसाधन को ठीक करने में विभाग की रूचि नहीं दिख रही है।

प्राथमिक स्कूल भिंडवारी (अंग्रेजी माध्यम) के प्रधानाध्यापक विशाल यादव का कहना है कि स्कूल के इस जर्जर कमरे का उपयोग छात्रों की पढ़ाई में नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि 2010 से वह इस दूरस्थ विद्यालय में तैनात हैं। स्कूल के इस जर्जर कमरे को ठीक कराने के लिए उन्होंने ब्लॉक के पूर्व खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से उच्चाधिकारियों को भी पत्र लिखकर आग्रह किया। लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ।


प्राथमिक विद्यालय भिंडवारी के कमरे का जर्जर सीलिंग, उखड़ा प्लास्टर।



प्राथमिक विद्यालय भिंडवारी का गेट।

- बिलारी ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल भिंडवारी (अंग्रेजी माध्यम) का भवन बदहाल
- दो दशक से बदहाल है स्थिति, प्रधानाध्यापक की गुहार भी नहीं आई काम
- मेन सड़क पर स्कूल होने से बना रहता है छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा

# टॉपर बनकर किया नाम रोशन

**मुरादाबाद :** यूपी बोर्ड परीक्षा में मुरादाबाद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की सूची भी लंबी रही। परिणाम में अलग-अलग विद्यालयों में टॉप करने वाले विद्यार्थियों ने भी 90 या उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय और माता पिता का नाम रोशन किया। आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज में हाईस्कूल में सृष्टि अग्रवाल 90.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहले और दर्शिल कश्यप 88.3 प्रतिशत अंक के दूसरे, जबकि 87.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अनुष्का प्रजापति, किंजल सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं इंटरमीडिएट में रितिका विश्नोई 86.2 प्रतिशत अंकों के साथ कालेज में प्रथम स्थान पर रहीं। पलक और मानसी रस्तोगी 83.4 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर और लवली 82.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, मूंढापांडे के शिवराज सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज दौलारी की छात्रा किरन सैनी ने हाईस्कूल 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया तो 91.5 प्रतिशत अंकों के साथ रितिका दूसरे स्थान पर रहीं।



शिशु वाटिका इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रा का सम्मान किया गया। • अमृत विचार


किरन सैनी।


दर्शिल कश्यप।


पलक।


मानसी रस्तोगी।


रितिका विश्नोई।


रितिका।

## शहर में आज

- होमगार्ड भर्ती परीक्षा महानगर के केंद्रों पर सुबह 10 :00 बजे से।
- लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### 1.15 किलो चरस के साथ गिरफ्तार युवक को जेल भेजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना मझोला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से करीब 1 किलो 150 ग्राम चरस बरामद हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रशांत निवासी नया गांव गागन, थाना मझोला का रहने वाला है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### अवैध गैस रीफिलिंग कार्य बंद कराने की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार : अपना दल कमेरावादी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजू राठौर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन दिया। इसके माध्यम से लाइनपार श्रीराम कालोनी में अवैध रूप से हो रहे गैस रीफिलिंग बंद कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि लंबे समय से यहां गैस रीफिलिंग का अवैध कार्य हो रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामेश्वर दयाल तुरैहा, प्रवेश देवी, सुमन, आंचल कश्यप, अनीता कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, राजू सैनी मौजूद रहे।

### पांडुलिपि सर्वेक्षण समिति में विशेष शर्मा शामिल

मुरादाबाद : प्रदेश के संस्कृति विभाग की ओर से ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। इसमें चित्रगुप्त इंटर कालेज के प्रवक्ता विशेष कुमार शर्मा को भी स्थान दिया गया है।

# डकैती की योजना बनाते सात बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : थाना कटघर पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार, कारतूस, नकदी और डकैती में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया।

शुक्रवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि थाना कटघर पुलिस ने रामपुर रोड से रामगंगा नदी किनारे हाफिज शाह की मजार की ओर जाने वाले मार्ग पर गुरुवार की रात करीब 12:20 बजे एक बिना नंबर प्लेट की कार में सवार सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक एक कार में बैठकर डकैती की योजना बना रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में इरशाद उर्फ चिकना,अफसर अली, जुनैद अख्तर, इरफान, नाजिम, गुलफाम और माजिद शामिल हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन देसी तमंचा 315 बोर,नौ जिंदा कारतूस, चाकू, मोबाइल फोन और 12 हजार की नकदी बरामद की। आरोपियों ने बताया कि वे शहर के सुनसान इलाकों में बने बड़े मकानों को निशाना बनाकर हथियारों के बल पर लूटपाट की योजना बना रहे थे। गिरोह के सदस्य अलग-अलग भूमिकाओं में काम करते थे।

### आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया में धांधली की कराई जा रही जांच

# आरटीई में नियम तार-तार, डीएम का आदेश भी दरकिनार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी ने दिया था जिला समन्वयक के निलंबन का आदेश

अमृत विचार : बीएसए कार्यालय नियमों की अनदेखी और मनमानी कार्यशैली के चलते अधिकारियों के निशाने पर है।

लगातार सख्ती बरतने और कार्रवाई के आदेश के बावजूद सुधार नहीं हो रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में होने वाले प्रवेश में धांधली पकड़े जाने के बाद जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह ने जिला समन्वयक के निलंबन के आदेश दिए, लेकिन बीएसए की ओर से केवल जांच कमेटी बना दी गई है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में होने वाले एडमिशन में बरती जा रही लापरवाही को लेकर मुख्यमंत्री ने सख्ती दिखाई है। जनपद में भी शिकायतों के ढेर लगे हुए हैं। जिलाधिकारी ने इस संबंध में बीएसए और खंड शिक्षाधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में एडमिशन में धांधली सामने आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित डीसी अमित सिंह को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। आदेश के बाद बीएसए विमलेश कुमार ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बना दी है।

### डीसी की मनमानी, नहीं सौंपा कार्यभार

बीएसए कार्यालय में 13 अप्रैल को जिला समन्वयकों के पद पर नई नियुक्ति हो गई है। इन सभी को कार्यालय में तैनाती भी दे दी गई है। इसी तिथि को प्रतिनियुक्त पर कार्य कर रहे जिला समन्वक अमित सिंह सहित अन्य को कार्यमुक्त कर दिया गया, लेकिन, अभी तक अमित सिंह ने नई नियुक्ति पर आए जिला समन्वयक को कार्यभार ही नहीं सौंपा है। वह प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थिति भी दर्ज करा रहे हैं। इस प्रकरण में बीएसए की ओर से भी उन्हें संबंधित डीसी को कार्यभार सौंपने और अपने मूल विद्यालय में ज्वाइन करने संबंधी आदेश नहीं दिया है। कार्यभार नहीं सौंपे जाने के पीछे बीएसए की अनदेखी और आरटीई के अंतर्गत होने वाले एडमिशन में धांधली को माना जा रहा है।

### 80% विद्यालयों में नियमों के तहत नहीं हुआ एडमिशन

आरटीई के तहत चल रही प्रक्रिया में जनपद में अभी तक हुए बड़ी अनियमितताएं मिली हैं। जनपद में अभी तक हुए एडमिशन की स्थिति यह है कि 80 प्रतिशत विद्यालयों में नियमों के अनुरूप प्रवेश नहीं हुए है। आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शासन की प्राथमिकता में शामिल हैं और मुख्यमंत्री भी इसको लेकर निगरानी करा रहे हैं। वहीं, मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की ओर से भी इस प्रकरण में जांच कराई जा रही है।

# लू के थपेड़ों से झुलसे लोग, दोपहर में सड़कों पर तपे

### मौसम विभाग के अनुसार आज 42 तक पहुंच सकता है पारा, अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सड़क पर गर्मी से बेहाल लोगों को पानी और छांव की रही तलाश
- जिले में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया



कड़ी धूप में हेलमेट से सिर ढककर निकले बाइक सवार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में सूरज की तपिश हर दिन बढ़ रही है। लगातार तीसरे दिन अधिकतम पारा 41 पहुंच रहा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सड़कों पर निकले लोग कड़ी धूप में तपते रहे। गर्मी से लोगों के माथे पर पसीना छलक आया। लोग छांव और प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में भटकते रहे।

सूरज इन दिनों लोगों को खूब तपा रहा है। सुबह दस बजे से ही धूप सहने लायक नहीं रह रही है। दोपहर में और बुरा हाल हो रहा है। पूरे दिन लू के थपेड़ों से लोग झुलस रहे हैं। शुक्रवार को भी दोपहर में कार्य से निकले लोग छांव व हलक सूखने पर गला तर करने के लिए पानी की तलाश में भटकते रहे। दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहन से आने जाने वाले भी बेहाल रहे। गर्म हवा ने लोगों को बेदम कर दिया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन ऐसे ही गर्मी रहेगी।

मौसम विभाग की ओर से शनिवार को अधिकतम तापमान 42 या उससे अधिक होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं रात का तापमान भी बढ़कर 27 डिग्री सेल्सियस होने से रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। बिजली की खपत बढ़ने पर फाल्ट से लोगों की नींद में खलल पड़ रही है। घरों और कार्य स्थलों पर पंखा निरर्थक साबित होने के चलते एयरकंडीशन और कूलर चलाना पड़ रहा है। गर्मी से हलक सूखने पर राहत पाने के लिए बोतलबंद पानी, शिकंजी, नीबू पानी, नारियल पानी का लोगों ने सहारा लिया। वहीं जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन ने लू व भीषण गर्मी से बचाव के उपाय करने के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों से दोपहर में 12-4 बजे तक अति आवश्यक कार्य होने पर ही निकलने की सलाह दी है।

### बचाव के लिए यह करें उपाय

- अधिक से अधिक पानी पियें।
- हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें।
- धूप के चश्मे, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें।
- अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरो को गीले कपड़े से ढके रहे तथा छाते का प्रयोग करें।
- यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जाएं।
- ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू पानी, छाछ का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।

### सूरज की तपिश पर कल से लगेगी ब्रेक

मुरादाबाद, अमृत विचार : सूरज की तपिश पर ब्रेक 26 अप्रैल से लगने का अनुमान जताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 26-30 अप्रैल तक पूर्वांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में छिटपुट बारिश हो सकती है। लगातार बढ़ रहे तापमान के चलते सूरज की तपिश से झुलस रहे लोगों को 26 से 30 अप्रैल तक फौरी राहत मिल सकती है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मौसम विभाग के द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर बताया कि पांच दिन तक हल्की बारिश होगी, जिससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी आएगी। इससे तपती गर्मी से लोगों को फौरी राहत मिलेगी। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि 26 से 30 अप्रैल तक पूर्वांचल के अलावा प्रदेश के पश्चिमी जिलों में भी छिटपुट बारिश होने का अनुमान है।

### 26 से 30 अप्रैल का अनुमानित तापमान

| तारीख | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 26 अप्रैल | 41 डिग्री सेल्सियस | 27 डिग्री सेल्सियस |
| 27 अप्रैल | 40 डिग्री सेल्सियस | 26 डिग्री सेल्सियस |
| 28 अप्रैल | 40 डिग्री सेल्सियस | 26 डिग्री सेल्सियस |
| 29 अप्रैल | 39 डिग्री सेल्सियस | 25 डिग्री सेल्सियस |
| 30 अप्रैल | 39 डिग्री सेल्सियस | 25 डिग्री सेल्सियस |

### गर्मी में प्यासे लोग सूखे पड़े वाटर कूलर



मुरादाबाद, अमृत विचार : भीषण गर्मी के चलते जहां लोग राहत की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों और हाईवे किनारे लगाए गए वाटर कूलर लोगों के लिए किसी काम के साबित नहीं हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा आमजन को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए अधिकांश कूलर खराब हैं।

शुक्रवार को गांव भैसिया, गोट, देवापुर, इस्लाम नगर, त्रिलोकपुर समेत कई गांवों और मुख्य मार्गों पर लगे कूलरों में पानी की व्यवस्था नहीं है, जबकि कुछ कूलर खराब होकर बंद पड़े हैं। ऐसे में राहगीरों और स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ये कूलर केवल औपचारिकता के लिए लगाए गए हैं, लेकिन न तो समय पर पानी भरा जा रहा है और न ही नियमित सफाई हो रही है।

# योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए दिनचर्या में करें शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



एसएस इंटर कॉलेज में आयोजित योग ओलंपियाड में पुरस्कृत खिलाड़ी।

- मंडल स्तरीय योग ओलंपियाड के बालक वर्ग में दक्ष सागर और बालिका वर्ग में गुंजन प्रथम

अमृत विचार : मंडल स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में मुरादाबाद के दक्ष सागर तथा बिजनौर के गुंजन मंडल चैंपियन बने। एसएस इंटर कॉलेज में कराई गई। इसमें मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर के स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मंडलीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं अब 28 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय योगा ओलंपियाड में प्रतिभाग करेंगे।

मंडल स्तरीय योग ओलंपियाड का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं इसमें खेल भावना के साथ प्रतिभाग करें और योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। निर्णायक की भूमिका एसएस इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा शिक्षक वीर सिंह, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार के शारीरिक शिक्षा शिक्षिका नीति पाल और पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय चंगेरी के प्रधानाध्यापक खिलेंद्र सिंह ने निभाई।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पारकर इंटर कॉलेज के दक्ष सागर प्रथम, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के नितिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में एसआरयूएमबी रुस्तमपुर बिजनौर की गुंजन ने प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज लाइनपार मुरादाबाद की विनीता दूसरे स्थान पर रहीं। मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की लक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान टीम मैनेजर बिजनौर सर्वजीत त्यागी, रामपुर से हीरा काली व जीनत परवीन और निशीत बी दास और मुरादाबाद से सोनिया उपस्थित रहे। इस दौरान रश्मि यादव, विद्या निकेतन इंटर कॉलेज सिरसवां हरचंद के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# राजेंद्र प्रसन्ना की बांसुरी ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कार्यक्रम में बांसुरी बजाते राजेंद्र प्रसन्ना।

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में स्पिक मैके की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार: तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंडित प्रसन्ना ने अपनी साधना, कला और मधुर सुरों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। राजेंद्र प्रसन्ना की बांसुरी से निकले सुर ने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श कर अलौकिक अनुभूति प्रदान की। तबले पर पंडित देवज्योति दास गुप्ता और बांसुरी पर सम्यक पाराशरी की संगत ने महफिल को नई ऊंचाई प्रदान की।

मेडिकल के एलटी 2 में दोनों सत्रों में संगीत प्रेमियों के उत्साह ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में स्पिक मैके के क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. मुकुल किशोर, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, प्रो. उपेंद्र मलिक, अनंत भारद्वाज के अलावा डेंटल एवं नर्सिंग कॉलेज की फैकल्टीज और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में टीएमयू कल्चर एंड हेरिटेज क्लब का भी सहयोग रहा। संचालन सीटीएलडी की फैकल्टी मणि सारस्वत ने किया।

# लेखाकार की कार्यशैली पर उठे सवाल, जांच की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार: डीआईओएस कार्यालय में तैनात लेखाकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता जयवीर सिंह ने प्रशासन को शिकायत देकर मामले की जांच की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, संबंधित लेखाकार का वर्तमान अटैचमेंट जिला पंचायत कार्यालय में है, इसके बावजूद वह प्रतिदिन दोपहर बाद से शाम तक जेडी कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। जबकि उनका वहां का अटैचमेंट लगभग दो माह पूर्व समाप्त किया जा चुका है। शिकायतकर्ता का कहना है कि संबंधित व्यक्ति की उपस्थिति का सत्यापन कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, कार्यालय परिसर में अनुशासनहीन गतिविधियों, जैसे कर्मचारियों के साथ देर शाम तक रुकना एवं अनुचित व्यवहार, को लेकर भी शिकायत की गई है। हालांकि आरोपों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# जन समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



ग्राम चौपाल में लोगों को संबोधित करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विकास खंड मूंढापांडे के ग्राम बरबारा खास व अक्का पांडेय भोजपुर में शासन की ओर से ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने किया। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर समस्याओं को सुना। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग, कृषि, विद्युत विभाग, पुलिस, महिला एवं बाल कल्याण विभाग की ओर से योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक सरलता से पहुंचे। विधायक ने कहा कि खुशहाल गांव और सशक्त ग्रामीण ही उनकी भी प्राथमिकता हैं। ग्राम चौपाल में फॉर्मर रजिस्ट्री, पेंशन योजनाओं के लिए ग्रामीणों ने आवेदन किया। ग्राम चौपाल में बीडीओ मूंढापांडे राजेश कुमार, एडीओ ग्राम पंचायत अमरीश कुमार, एडीओ पंचायत देवेश कुमार, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पहल** कन्वेंशन सेंटर में सेमिनार, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

# नगर निगम की विकास योजनाओं से निखरेगा महानगर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ऑडिटोरियम, इंडोर स्टेडियम, सीनियर केयर सेंटर, वर्किंग वूमेन हॉस्टल, कन्वेंशन सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी और एडूटेनमेंट पार्क बनेगा




नगर निगम द्वारा बनवाए जाने वाले आडिटोरियम का प्रस्तावित माडल। ● अमृत विचार



नगर निगम मुरादाबाद शहर में उत्कृष्ट अत्याधुनिक सुविधायुक्त नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख आयोजनों का साक्षी बनेगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार, प्रदर्शनी, व्यावसायिक सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वर्किंग वूमेन हास्टल से महिला सशक्तिकरण एव आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा।

-दिव्यांशु पटेल, नगर आयुक्त

अमृत विचार : नगर निगम की योजनाओं संविधान साहित्य पार्क, हनुमान वाटिका, वार मेमोरियल सहित कई अन्य योजनाओं, परियोजनाओं से मुरादाबाद को नई पहचान मिली है। वहीं अब निगम की प्रस्तावित योजनाओं से महानगर की सूरत और निखरेगी। निगम प्रशासन इस दिशा में कदम बढ़ा चुका है।

नगर निगम पीतल नगरी को अब आधुनिक शहरी सुविधाओं से सुसज्जित करने में जुटा है। इसके लिए समग्र अधोसंरचना का विकास का खाका तैयार कर उस अनुरूप कदम बढ़ रहा है। नगर निगम की ओर से अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, इंडोर स्टेडियम, सीनियर केयर सेंटर, वर्किंग वूमेन हॉस्टल, कन्वेंशन सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी एवं म्यूनिसिपल बॉन्ड के माध्यम से एडूटेनमेंट पार्क जैसी बहुउद्देशीय एवं जनोपयोगी परियोजनाएं शामिल हैं। इनको धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं को पूरा कराकर जन सामान्य को समर्पित होने पर महानगर की चमक बढ़ेगी।

विशेष रूप से प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर से महानगर राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख आयोजनों का साक्षी बनेगा। इसकी बुकिंग से मिलने वाली धनराशि से निगम को अतिरिक्त आय भी होगी। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार, प्रदर्शनी, व्यावसायिक सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इससे महानगर में पर्यटन, व्यापार एवं सेवा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं वर्किंग वूमेन हॉस्टल का निर्माण कार्यरत महिलाओं के लिए सुरक्षित, सुलभ एवं गरिमामय आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# अमेरिका में भारतीय हस्तशिल्प का दिखेगा जादू

मुरादाबाद अमृत विचार : दुनिया भर में चल रह उथल पुथल के बीच भारतीय हस्तशिल्प की वैश्विक मंच स्थिति को सशक्त बनाए रखने के लिए हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद अनेक कार्य कर रहा है। इसके तहत अमेरिका के हाई प्वाइंट मार्केट में विशेष कार्यक्रम का आयोजन करने की तैयारी है, जिसकी थीम इंडिया हैंडमेट : मैजिक ऑफ गिफ्टेड हैंड्स रखी गई है। यह आयोजन 25 अप्रैल से शुरू होगा। जो आगामी 62वें आईएचजीएफ के अंतरराष्ट्रीय प्रमोशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 62वां आईएचजीएफ का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर तक होगा।

इस अवसर पर ईपीसीएच के चेयरमैन नीरज खन्ना के नेतृत्व में भारतीय हस्तशिल्प उद्योग का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत के प्रमुख सोर्सिंग कंसल्टेंट्स भी शामिल होंगे।

# भव्या प्रथम, मानवी को दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




एसएस चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।

- अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता कराई गई

अमृत विचार: एसएस चिल्ड्रन एकेडमी कांठ रोड पर अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता कराई गई। जिसका उद्देश्य नृत्य कला के प्रति रुचि विकसित करना एवं उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व निर्णायक गीतिका ढींगरा पासरीजा और विद्यालय प्रबंधन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें शास्त्रीय, फ्यूजन एवं बॉलीवुड आदि पर आधारित गीतों पर नृत्य किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल, शैक्षणिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल एवं उप-प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन नृत्य शिक्षिका नेहा मिश्रा और गतिविधि प्रभारी आंचल वर्मा ने किया। साज-सज्जा रजनी यादव व नेहा कश्यप ने किया। संगीत व्यवस्था उदय गुप्ता ने संभाली। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 की नेहल चौहान एवं इशानी चौधरी ने किया। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा 6 में प्रथम स्थान भव्या, द्वितीय स्थान मानवी सिंह चौधरी एवं तृतीय स्थान आन्या त्यागी ने प्राप्त किया।

कक्षा 7 में प्रथम स्थान छवि त्यागी, द्वितीय स्थान मानवी यादव, तृतीय स्थान शगुन सक्सेना और सांत्वना पुरस्कार शान्वी को मिला। कक्षा 8 में प्रथम स्थान साक्षी चौधरी, द्वितीय स्थान अनन्या कश्यप एवं तृतीय स्थान अर्थव गहलोत ने पाया। कक्षा 9 में प्रथम स्थान सिद्धिदात्री, द्वितीय स्थान पूर्विका, तृतीय स्थान रिद्धिमा भारद्वाज व सांत्वना पुरस्कार मोहम्मद फारिज़ को मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# दीक्षांत परेड कल, रिहर्सल का निरीक्षण

## एसएसपी ने आरक्षियों के कदमताल, सलामी, दस्ता संचालन और बैंड के पूर्वाभ्यास का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में आरक्षी पुलिस सीधी भर्ती 2025-2026 बैच की 26 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत परेड के मद्देनजर शुक्रवार को रिहर्सल किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने परेड की तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

दीक्षांत परेड का मुख्य आयोजन 26 अप्रैल को होगा, जिसमें प्रशिक्षण पूरा कर चुके नव-नियुक्त आरक्षी अनुशासित एवं आकर्षक परेड का प्रदर्शन करेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में परेड निरीक्षण एवं सलामी भी दी जाएगी। रिहर्सल के दौरान आरक्षियों ने कदमताल, सलामी, दस्ता संचालन और बैंड के साथ तालमेल का अभ्यास किया। एसएसपी ने



पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करते एसएसपी। ● अमृत विचार

● **दीक्षांत परेड के दौरान होने वाली तैयारियां भी देखीं**

परेड की शुद्धता, अनुशासन और समन्वय पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके साथ ही परेड ग्राउंड की साज-सज्जा, मंच व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग और चिकित्सा सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## आज से तीन दिन सुबह 6 से रात आठ बजे तक बड़े वाहनों का आवागमन रहेगा ठप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में होमगार्ड भर्ती परीक्षा शनिवार से तीन दिन तक दो पालियों में किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। तीन दिन शहर की सड़कों पर छोटे माल वाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद गंगवार ने बताया कि जिले में बनाए गए 28 परीक्षा केंद्रों पर करीब 24 हजार 500 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह में दस से 12 और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। हर केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल जैसी गतिविधियों को रोका जा सके। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर सघन चेकिंग की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले तलाशी प्रक्रिया से गुजरना होगा और केवल एडमिट कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज ही अंदर ले जाने की अनुमति होगी। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी भी की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगे, इसके लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही, संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचे और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# महिला पूर्व सभासद ने किया जहर खाकर जान देने का प्रयास

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला ठाकुरान में मोबाइल टावर लगाने की तैयारी चल रही है। जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी को लेकर नगर पालिका की पूर्व सभासद व किसान यूनियन मुलायम महिला सभा की नगर अध्यक्ष ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। गंभीर हालत में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां से उपचार के बाद जिला अस्पताल को रेफर किया गया।

मोहल्ला ठाकुरान वार्ड संख्या 10 में एक मोबाइल टावर आबादी के बीच लगाया जा रहा है। इसके विरोध में लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल के अलावा नगर पालिका परिषद व उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन मोबाइल टावर लगाने वाली कंपनी जबरन टावर लगाने का प्रयास कर रही है। पूर्व सभासद रोशन वारसी के नेतृत्व में महिलाओं ने ज्ञापन भी दिए, कार्रवाई नहीं हुई तो शुक्रवार की दोपहर

● **विरोध के बाद भी मोबाइल टावर लगना नहीं रुकने से थीं आहत**



पुलिस से नोंक-झोंक करतीं महिलाएं।

पूर्व सभासद रोशन वारसी ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ी तो परिवार और मोहल्ले के लोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आए, पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यहां पर पहुंची महिलाओं की पुलिस से भारी नोकझोंक हुई। महिलाओं ने मोबाइल टावर लगाने का विरोध किया। डॉक्टरों ने पूर्व सभासद का इलाज करने के बाद जिला अस्पताल को रेफर कर दिया जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

# बिजली समस्या को लेकर भाकियू टिकैत गुट ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने नलकूप फीडरों पर केवल दो घंटे विद्युतापूर्ति दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को एसडीओ कार्यालय, बिलारी पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शासनादेश के अनुसार दस घंटे विद्युत आपूर्ति देने की मांग उठाई।

धरना प्रदर्शन शुक्रवार दोपहर शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। देहात क्षेत्र के जेई पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए हटाने की मांग की। स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की भी तमाम शिकायतें रखीं। उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह की मध्यस्थता में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता अमरीश कुमार, एसडीओ अवधेश कुमार और यूनियन पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। अधिकारियों ने समस्याओं को दो दिन में हल कराने



भाकियू टिकैत के धरने में किसानों को समझाते एसडीएम विनय सिंह।

● **जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप दस घंटे की सप्लाई देने की मांग**

का आश्वासन दिया। साथ ही अन्य लंबित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण तथा आरोपी जेई के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। अधिशासी अभियंता ने कहा कि बिलारी क्षेत्र में 30 से अधिक ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के साथ सभी फीडरों के जर्जर विद्युत तारों को बदले जाने को स्वीकृति मिल चुकी है। समाधान का आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी माजिद हुसैन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह आदि रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चार दिन पूर्व उत्तराखंड के काशीपुर में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव टंडोला निवासी चंद्रसेन पुत्र मुरली सिंह उत्तराखंड के थाना काशीपुर में परिवार के साथ रहे है। बता दें कि चंद्रसेन ने अपनी बेटी का विवाह 19 अप्रैल को उत्तराखंड के काशीपुर में शान शौकत के साथ किया था। परिवार में बेटी की शादी के बाद खुशी का माहौल था। विवाह के अगले ही दिन 20 अप्रैल को काशीपुर क्षेत्र में स्थित वह अपनी फैक्ट्री में ड्यूटी पर गए थे। देर शाम घर लौटते समय अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, परिजन उन्हें ऋषिकेश एम्स अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# पुलिस ने मृत महिला का शव कब्र से निकलवाकर कराया पोस्टमार्टम

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी व एसडीएम की मौजूदगी में पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्र से निकलवा कर उसका पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जाएगी।

जनपद बिजनौर के थाना धामपुर के ग्राम तीवडी निवासी जैनब की शादी अकबरपुर चैदरी निवासी नौशाद के साथ लगभग 8 वर्ष पूर्व हुई थी। विवाहिता दो बेटियां बताई गई है। 28 अक्टूबर 2025 गर्भवती जैनब को अमृत नर्सिंग होम कांठ में भर्ती कराया गया था जिसमें उसने बच्चे को जन्म दिया और डिलीवरी के दूसरे दिन उसकी मौत हो गई थी। उस समय मृतक के परिजनों और ससुराल वालों ने मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया था।



मौके पर मौजूद अधिकारी, पुलिस व लोग। ● अमृत विचार

● **डीएम के निर्देश पर एसडीएम की मौजूदगी में हुई कार्रवाई**

इसके कुछ दिन बाद मृतका की मां बानो ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी के ससुराल वालों और डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी हत्या की बात कही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने एसडीएम कांठ और पुलिस क्षेत्राधिकार को मृतक महिला के सब को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए थे। एसडीएम संत दास पवार, पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस वाले के साथ कब्रिस्तान में पहुंचे और मृतक महिला के शव को कब्र से निकाल कर उसकी वीडियो ग्राफी करने के बाद इसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेशपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# नारायणपुर छंगा में सन्नाटा पुलिस का कड़ा पहरा जारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नारायणपुर छंगा में धारा 163/144 लागू होने के बाद हालात पूरी तरह नियंत्रित नजर आ रहे हैं। एहतियातन लगाए गए प्रतिबंधों के चलते गांव की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि पुलिस प्रशासन लगातार गश्त कर स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

एक सप्ताह पूर्व डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने उग्र रूप ले लिया था। इस दौरान जमकर हंगामा, तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाएं सामने आई थीं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था। मामले में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं और पुलिस जांच जारी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पूरे तहसील क्षेत्र में धारा 163/144 लागू कर दी है, जिसके तहत किसी भी प्रकार के जमावड़े और सार्वजनिक गतिविधियों पर रोक लगाई गई है।

## विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर धन्ना में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर और बल्ले से शॉट लगाकर उद्घाटन किया। विधायक ने सबसे पहले मुंबई इंडियन टीम के कप्तान भूपेंद्र और दिल्ली कैपिटल के कप्तान विशेष को हाथ मिलवाया और टॉस करवाया। टॉस मुंबई इंडियन ने जीता और फील्डिंग करने का फैसला लिया। दिल्ली कैपिटल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट होकर 120 रन बनाए। मुम्बई इंडियन की टीम ने 9.1 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

# देवकीनंदन इंटर कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम ने क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया। देवकीनंदन शर्मा इंटर कॉलेज, बहेड़ी ब्रह्मनान के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी बेहतरीन प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट वर्ग में छात्र नवेद ने 500 में 375 अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। वहीं अब्दुल रहमान ने 357 अंक के साथ द्वितीय तथा मोहम्मद आसिल ने 355 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल वर्ग में आयुष ने 600 में 500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। हिमांशु 472 अंकों के साथ द्वितीय और मोहम्मद समीर 468 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य दाऊद अली ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।



अब्दुल रहमान।



मो आसिल।



आयुष।



हिमांशु।



समीर।



नवेद।

## द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह उमंग शुरू

**कांठ, अमृत विचार :** शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय कांठ में द्वि दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2026 एवं उमंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नजाकत हुसैन के द्वारा किया। प्राचार्य ने बताया कि खेलकूद केवल शारीरिक व्यायाम का साधन ही नहीं है, वरन इनकी व्यक्तिगत विकास के लिए भी परम आवश्यकता है जिससे छात्र-छात्र अपने जीवन में हार तथा जीत को समान रूप से आंक कर लगातार प्रयत्नशील रहें। क्रीड़ा प्रभारी डॉ मुदित सिंघल ने छात्र-छात्राओं को क्रीड़ा के नियमों से अवगत कराया।

# सपा विधायक ने यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश और जिला टॉपर बेटियों को किया सम्मानित

संवाददाता बिलारी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जिले में प्रथम और प्रदेश में छठा स्थान पाने वाली छात्रा शिखा दक्ष और जिले में सातवां स्थान लाने वाली छात्रा इल्मा नूर के घर पहुंचकर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सम्मानित किया।

सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान नगर के मोहल्ला अंसारियान निवासी छात्रा इल्मा नूर के घर पहुंचे जहां उनके पिता मोहम्मद उस्मान, माता सायरा और परिजनों से मुलाकात की। सपा विधायक फहीम इरफान ने छात्रा इल्मा नूर को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद प्रतिनिधि रशीद पन्ना, यासीन अंसारी, एजाज रजा, तहजीब सभासद, वशीउददीन, जावेद अंसारी, तसलीम फारूकी, फरीद फारूकी, शाहिद अंसारी, डा तालिब, फरमान फारूकी, मो, शान फारूखी, तैय्यब फारूकी, गुलाम वारिश आदि मौजूद रहे। इसके बाद स्टेशन रोड स्थित मोहल्ला प्रेम विहार कालोनी निवासी टॉपर छात्रा शिखा दक्ष के घर पहुंचे जहां छात्रा के पिता लाखन सिंह, मां गीता देवी और परिजनों से मुलाकात की। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सपा विधायक ने कहा कि मेरे वालिद मरहूम हाजी मोहम्मद इरफान साहब का ख्वाब था, बिलारी विधानसभा के बच्चे पढ़ लिखकर नाम रोशन करें। उनकी स्मृति में मोहम्मद इरफान एजूकेशनल एवार्ड हर वर्ष टॉपरों को दिया जाता रहा है। इसी कड़ी में आज टॉपरों के घर पहुंचकर सम्मानित किया गया है।



प्रदेश में छठा स्थान लाने वाली शिखा दक्ष को सम्मानित करते सपा विधायक फहीम इरफ़ान।



सातवां स्थान पर इल्मा नूर को सम्मानित करते सपा विधायक।

## जिला टॉपर अभिषेक को गांव पहुंचकर किया सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** वंदे भारत के संयोजक ने नगर के अन्य सदस्यों के साथ भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर निवासी केसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के छात्र जिले में नंबर एक पर स्थान पाने वाले अभिषेक का गांव पहुंचकर सम्मान किया। वन्दे भारत संस्कार संस्कृति संवाहक संस्था के संयोजक धवल दीक्षित एवं गोपाल हरि गुप्ता के द्वारा, मुरादाबाद जिले में इंटरमीडिएट में सर्वाधिक 96 .20 प्रतिशत अंक लाने वाले अभिषेक कुमार पुत्र ऋषिपाल को उनके गांव भैंसली जमालपुर कांठ में पहुंच कर, अंगवस्त्र एवं मॉ भारती का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। अभिषेक के साथ ही उनके माता पिता और पूर्व में हाई स्कूल इंटरमीडिएट टॉपर अभिषेक के भाई विशाल को भी सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंजी आचार्य भावेश शर्मा, विकास शर्मा गौ सेवा गतिविधि जिला संयोजक, संजय कौशिक, अनिल शर्मा, प्रदीप कुमार एडवोकेट, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।



## मेधावी छात्राओं को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**कांठ, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा रिजल्ट में बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को प्रधानाचार्या व स्टाफ द्वारा मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। हाईस्कूल परीक्षा में जैनब परवीन ने 80 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, पायल ने 79 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, सामिया ने 78 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में मानसी गौतम ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गृह विज्ञान विषय में सर्वाधिक 94 अंक प्राप्त किए। दिया चौहान ने 79 .2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, जबकि प्रिया एवं आंचल ने 77 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## राजकीय हाईस्कूल का परिणाम 91 प्रतिशत

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय हाईस्कूल पैगम्बरपुर का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा। बेहतर परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्रधानाचार्य संजीव गुप्ता व समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। हाईस्कूल के टॉपर छात्र मोहम्मद कैफ को विशेष बधाई दी। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर में कुमारी सादिया 81 .6 प्रथम, फ़ायजा परवीन 80 .6 द्वितीय, साक्षी 79 .2 तृतीय, सायबा 77 .6 चतुर्थ, हुमैरा फातमा 75 .8 पंचम स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## हाईस्कूल टॉपर को मिली स्कूटी, 40 मेधावी सम्मानित

**कुंदरकी, अमृत विचार :** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 40 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हाईस्कूल के 20 और इंटरमीडिएट के 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को फूलमाला, शील्ड, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें हाईस्कूल टॉपर फैजुलरहमान को कॉलेज प्रबंधन ने इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर विशेष पुरस्कृत किया। शरीफ उद्दीन पाशा अवॉर्ड समारोह में प्रधानाचार्य मुताहिर अली खान, आईटीएम अकादमी प्रबंधक आसिफ पाशा एडवोकेट व कॉलेज प्रबंधक आरिफ पाशा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से सम्मान प्रदान किया। स्वर्गीय शरीफ उद्दीन पाशा अवॉर्ड वितरण समारोह में अभिभावक व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस वर्ष इंटरमीडिएट में 302 और हाईस्कूल में 255 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता छात्रों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



## स्क्रूटनी के लिए 17 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि यूपी बोर्ड 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा से सम्बंधित उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। स्क्रूटनी शुल्क 500 रुपये प्रति प्रश्न पत्र की दर से लिखित एवं प्रयोगात्मक अलग-अलग राजकीय कोषागार में जमा किए जाएंगे। ऑफ लाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

स्क्रूटनी के लिए परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित विषयों के लिए निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे। इसके बाद स्क्रूटनी विवरणों को डाउनलोड कर उसके प्रिंट आउट के साथ स्क्रूटनी के लिए जमा किए ए शुल्क के मूल चालान को उसके सत्यापन के लिए रजिस्टर्ड डाक से परिष्इद के सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय बरेली को 17 तक भेजना होंगे।

# 34 दिन बाद हल्के वाहनों के लिए खुला राम-रहीम पुल

## मिली राहतः करीब एक माह से त्रस्त थे ज्वालानगर के लोग, पनवड़िया बाईपास और सीआरपीएफ क्रासिंग से हो रही थी आवाजाही

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 34 दिन बाद हल्के वाहनों के लिए राम-रहीम पुल शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे से खोल दिया गया है। करीब 20 वर्ष बाद राम-रहीम पुल मरम्मत के लिए 21 मार्च से बंद कर दिया गया था। राम-रहीम सेतु बंद होने से ज्वालानगर की करीब 50 हजार आबादी बहुत परेशान थी।

ज्वालानगर के लोगों के लिए रामपुर शहर की ओर आने के लिए पनवड़िया बाईपास और सीआरपीएफ रेलवे क्रासिंग से करीब 10 किमी फेर से आवाजाही हो रही थी। राम-रहीम सेतु हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए खोले जाने से लोग बहुत खुश हैं। ज्वालानगर में रफत कालोनी, राजमाता फार्म, शिव विहार, विष्णु विहार, सीआरपीएफ रोड, राम विहार, साईं विहार, गड्ढा कालोनी, रजा टैक्सटाइल्स कालोनी, पुरानी कॉलोनी समेत दर्जन भर से अधिक कालोनियां आबाद हैं। एक माह से अधिक समय से राम-रहीम सेतु बंद होने से लोगों को हाईवे, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, जिला अस्पताल, राजकीय महिला डिग्री कालेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कचहरी, कलेक्ट्रेट, एसपी आफिस, पुरानी तहसील, नई तहसील समेत तमाम राजकीय दफ्तरों तक पहुंचने में कर्मचारियों, अधिकारियों और फरियादियों समेत छात्र-छात्राओं का आवाजाही में परेशानी हो रही थी। लोगों की समस्याओं के मद्देनजर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कई बार मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से काम में तेजी लाए जाने और काम को जल्दी से जल्दी निपटाने के लिए कहा था। नोडल अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश होने के कारण भी दो-तीन दिन तक कार्य बाधित रहा। शनिवार की शाम को राम-रहीम पुल शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है।



राम-रहीम सेतु खुलने के बाद फर्राटा भरते छोटे वाहन। ● अमृत विचार

### थाना सिविल लाइंस रेलवे क्रासिंग पर बने अंडरपास

थाना सिविल लाइंस रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनने से लोगों को हाईवे तक पहुंचने में बहुत आसानी हो जाएगी। राम-रहीम सेतु पर छोटे वाहनों का दबाव बहुत कम हो जाएगा। लोगों को हाईवे से ज्वालानगर तक पहुंचने में पुल पर जाना नहीं पड़ेगा।



राम-रहीम सेतु पिछले करीब एक माह से बंद होने से लोगों को आवाजाही में बहुत परेशानी हो रही थी। लोग ज्वालानगर से हाईवे तक पहुंचने के लिए पनवड़िया बाईपास से गुजर रहे थे वहां जाम लग जाता था। - पुलकित सक्सेना



राम-रहीम पुल शनिवार की शाम से लोगों के लिए खोल देने से बड़ी राहत मिली है। ज्वालानगर के लोग हाईवे, रोडवेज, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल तक पहुंचने के लिए 10 किमी. का फेर काट रहे थे। - नवीन सारस्वत



राम-रहीम पुल की मरम्मत करीब 20 वर्ष बाद हुई है। पुल की मरम्मत नहीं होने से खतरा हो सकता था। राम-रहीम सेतु खुलने से लोगों को बहुत राहत मिली है। जल्दी ही भारी वाहनों की आवाजाही भी शुरू हो जाएगी। - वेद प्रकाश आहूजा



राम-रहीम पुल ज्वालानगर क्षेत्र के लोगों के लिए लाइफ लाइन का काम करता है। राम-रहीम पुल बंद हो जाने से लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा है। जल्दी ही भारी वाहनों के लिए पुल खुलेगा। - रेहान

> राम-रहीम सेतु 24 फरवरी की शाम से हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। सेतु पर भारी वाहनों का आवागमन मरम्मत का शेष कार्य पूर्ण होने तक पूर्णत: बंद रहेगा।
> **- गौरव सिंह**, अधीक्षण अभियंता लोनिवि निर्माण

## जमनादास इंका मांटखेड़ा प्रबंध समिति का चुनाव 27 को

**रामपुर, अमृत विचार :** चौधरी जमनादास इंटर कॉलेज की नवीन प्रबंध समिति के चुनाव 27 अप्रैल 2026 को राजकीय बाकर इंटर कॉलेज रामपुर में होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर अंजलि अग्रवाल ने इंटर कॉलेज नवाबगंज बिलासपुर के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह प्रधानाचार्य नवीन प्रबंध समिति के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। 14 अप्रैल 2026 को विद्यालय की प्रबंध समिति का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। इसलिए प्रबंधक और अध्यक्ष द्वारा चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति चुनाव के लिए नहीं की जा सकती। चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 8 बजे राजकीय बाकर इंटर कॉलेज रामपुर में में प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न होगा। सभी नवीन प्रबन्ध समिति के चुनाव से सम्बंधित मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# एसपी ने पासिंग आउट परेड को लेकर रिहर्सल का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में 26 अप्रैल को पासिंग आउट परेड (दीक्षांत परेड) आयोजित होगी। इसके सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन में रिहर्सल परेड की गई। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने टोलीवार मार्च पोस्ट का अवलोकन किया। रिक्रूट महिला आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्नआउट और कदमताल के समन्वय की सराहना करते हुए इसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम बताया। रिहर्सल के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। ताकि मुख्य समारोह के समय प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो सके। महिला सशक्तिकरण का प्रतीकः- इस अवसर पर महोदय ने कहा कि महिला आरक्षियों का यह बैच न केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ाएगा, बल्कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने में सेतु का कार्य करेगा। परेड संबोधन के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों को पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का निस्तारण अत्यंत संवेदनशीलता के साथ कर सकें। इस बैच को आधुनिक साइबर अपराधों से निपटने और डिजिटल युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, क्षेत्राधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी मिलक अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड का रिहर्सल का निरीक्षण करते एसपी।

## सेलफोन रिपेयरिंग व सर्विस प्रशिक्षण के लिए आवेदन 2 मई तक

**रामपुर, अमृत विचारः** नैनीताल रोड पहाड़ी गेट रामपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी रामपुर में 18 से 50 वर्ष के युवाओं को 30 दिवसीय सेलफोन रिपेरिंग एंड सर्विस प्रशिक्षण मई माह के प्रथम सप्ताह से कराया जाना है। निदेशक आरसेटी देशराज मीणा ने बताया कि इसके लिए 2 मई 2025 तक आवेदन लिए जाएंगे। प्रशिक्षण में संपूर्ण जिले से 30 सीट निर्धारित है, जिसमें से 25 सीटें ग्रामीण गरीब प्रशिक्षणार्थियों के लिए आरक्षित हैं। स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छुक युवाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड 5 फोटो, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लगेगी। अधिक जानकारी के लिए 9058382486, 9012183432 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

# सब-जूनियर योगासन में आरोही प्रथम, दीया द्वितीय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन रामपुर एवं राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के तत्वावधान में पांचवी जनपदीय योगासन खेल प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि पारुल अग्रवाल और जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया। सब जूनियर प्रतियोगिता में आरोही यादव प्रथम, दीया बालियान द्वितीय और एलिजा नूर तृतीय स्थान पर रहीं।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागियों ने ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक, सिंगल आर्टिस्टिक, पेयर और रिदमिक पेयर इवेंट में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर आयु वर्ग में प्रतिभाग किया। जूनियर वर्ग में स्तुति केसरवानी प्रथम, उनशा द्वितीय, ट्रेडिशनल योगासन सीनियर वर्ग में आसमा प्रथम स्थान पर रहीं। सब जूनियर ट्रेडिशनल में सुखद जुगरान प्रथम, ऋषभ द्वितीय एवं रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रेडिशनल योगासन जूनियर वर्ग में लकी भट्ट प्रथम, अर्पित ठाकुर द्वितीय कुशल तृतीय स्थान प्राप्त किया, आर्टिस्टिक सिंगल में कुशाग्र ने प्रथम संजय पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, आर्टिस्टिक सिंगल में इशरत प्रथम आयत ने द्वितीय स्थान और जैनम हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारत भूषण गुप्ता एवं कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव, क्रीड़ा प्रभारी अरविन्द भास्कर ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऑब्जर्वर जोगेंद्र सिंह की उपस्थिति में प्रतियोगिता हुई। सचिव जिला योगासन खेल संघ मीनाक्षी रानी, अंतरा यादव, मनोज कुमार, सतीश चंद्र, जयमाला गंगवार, अवधेश मिश्रा, अमरपाल सिंह, तुषार जौहरी, कमलेश गंगवार भूमिश पाठक आदि ने निर्णायकों में शामिल रहे। इस मौके पर रचना चतुर्वेदी, तुषार शर्मा ओम प्रकाश सैनी, फरहत अली खान, हीराकाली, राजीव कुमार, शबनम आरा, रेनू वर्मा, रीना कुमारी, रामबहादुर गौतम, अनीता सक्सेना आदि उपस्थित रहे। संचालन डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह ने किया।



राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योगासन करता प्रतिभागी।



जनपदीय योगासन प्रतियोगिता में योग करता प्रतिभागी।

● राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हुई जनपदीय योगासन प्रतियोगिता

# दंगा नियंत्रण रिहर्सल कर पुलिस ने पैदल मार्च किया



शाहबाद गेट के पास रिहर्सल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने सर्किल के थाना क्षेत्रान्तर्गत दंगा नियंत्रण रिहर्सल व मार्च निकाला गया। रिहर्सल के दौरान पुलिस बल को संभावित कानून-व्यवस्था की परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न ड्रिल कराई गईं। जिसमें भीड़ नियंत्रण, त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय स्थापित करना तथा न्यूनतम बल प्रयोग के सिद्धांतों का पालन करते हुए प्रभावी कार्रवाई के संबंध में निर्देश दिए। अभ्यास का उद्देश्य जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

# फार्मर रजिस्ट्री में लाएं तेजी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिला सहकारी बैंक सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर के ग्राम प्रधानों, लेखपाल, सचिव एवं पंचायत सहायकों के साथ फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर्मियों को फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश दिए और लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अब तक नहीं बन पाई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फार्मर रजिस्ट्री न होने की स्थिति में किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उर्वरक सब्सिडी सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल एवं पंचायत सहायकों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भविष्य में किसानों की पहचान फार्मर आईडी के माध्यम से ही की जाएगी, इसलिए इस कार्य को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए। जिलाधिकारी ने पंचायत सहायकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने गांवों के कृषकों के साथ-साथ अन्य जनपदों में निवास कर रहे किसानों का भी चिन्हांकन कर संबंधित लेखपाल एवं पंचायत सचिव को सूचित करें, ताकि उनकी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ग्राम प्रधानों का भी पूर्ण सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 10 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराई जाए। बैठक में उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह ने बताया कि जिले में कुल 307015 कृषकों के सापेक्ष अब तक 263524 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है, जबकि शेष 43491 किसानों की फार्मर आईडी बननी शेष है।



जिला सहकारी बैंक सभागार में फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर हुई बैठक में बोलते डीएम।

● 10 दिन में सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी करने के निर्देश

### पूर्ति निरीक्षक शाहबाद मिलक व सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर पूर्ति निरीक्षक शाहबाद, मिलक व सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्देश दिए। स्पष्ट कहा कि कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर श्रेणी में न जाए तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। दिए गए। साथ ही ईओ केमरी द्वारा स्पेशल क्लोज किए गए प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

# 11 परीक्षा केंद्रों पर आज से शुरू होगी होमगार्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 11 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार से दो पालियों में होमगार्ड परीक्षा शुरू होगी। प्रत्येक पाली में 2784 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सुबह पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 से सायं 5 बजे तक होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि ने बताया कि 25, 26 और 27 अप्रैल को होने वाली परीक्षा में कुल 16704 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकल विहीन परीक्षा कराने को तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि होमगार्ड परीक्षा के लिए प्रत्येक पाली में 2784 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिए राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज ककरौआ और राजकीय इंटर कालेज काशीपुर आंगा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर तमाम तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। होमगार्ड परीक्षा में सीसीटीवी कैमरों द्वारा निगरानी की जाएगी। इसके अलावा परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र पर पहुंचने पर बायोमेट्रिक जांच भी की जाएगी।



होमगार्ड परीक्षा के लिए बनाया गया परीक्षा केंद्र राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय।

# इंडस्ट्रियल पार्क योजना उद्योगों के विकास के लिए अमूल्य उपहारः पाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रामपुर चैप्टर की गुरुवार रात को होटल रेडियंस पार्क में जनरल बॉडी मीटिंग हुई। इसमें मुख्यातिथि उप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा घोषित इंडस्ट्रियल पार्क योजना को उद्योगों के विकास के लिए अमूल्य उपहार है।

उन्होने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यमी निर्भीकता से अपना उद्योग चला सकते है। सरकार उद्यमियों के लिए काफी नई योजनाएं ला रही है। उन्होंने आईआईए के सभी सदस्यों को सपरिवार 2 मई को उत्सव मंडप में होने वाले कार्यक्रम "स्मरणोत्सव" के लिए निमंत्रित किया। आईआईए के चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित एमएसएई इंडस्ट्रियल पार्क योजना स्वागत योग्य है। इस योजना से उद्योगों की स्थापना करने के इच्छुक उद्यमियों, युवाओं, महिलाओं को इंडस्ट्रियल प्लॉट सस्ते दर पर उपलब्ध होने की सुविधा मिल सकती है। इससे प्रदेश व जिले में औद्योगीकरण को बल मिलेगा। इंडस्ट्रियल पार्क में सड़क, बिजली, ड्रेनेज, कम्युनिटी सेंटर, फायर स्टेशन, डिस्पेंसरी, पुलिस चौकी आदि की सुविधाएं रहेंगी। वाईस चेयरमैन आदर्श अग्रवाल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि इछुक उद्यमी अपने प्रस्तावित उद्योग की डीपीआर तैयार कर जिला उद्योग केंद्र या आईआईए से संपर्क करें। जिससे से प्रभावी योजना तैयार की जा सके। पूर्व चेयरमैन विपिन कुमार ने बिजली विभाग से औद्योगिक क्षेत्रों को बिजली की अनवरत आपूर्ति उपलब्ध कराने की मांग की। आईआईए सचिव मनोज गर्ग ने एमएसएमई उद्योगों पर युद्ध के कारण उद्योगों पर विभागों के एनफोर्समेंट का दबाव कम करने की सदस्यों की भावना को मीटिंग में रखा। संजय अग्रवाल, विमल मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, भारत गुप्ता, अंकुर रस्तोगी, सुनील भगत, भास्कर गर्ग, अनुज गुप्ता आदि रहे।



बैठक में निमंत्रण देते मुख्यातिथि सूर्य प्रकाश पाल। ● अमृत विचार

● आईआईए की बैठक में बोले उप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष

## रजा बिजली घर से उपभोक्ताओं को 12 घंटे मिल रही बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में उप केंद्र विद्युत रजा इंटर कॉलेज से बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान हैं। गुरुवार की रात 1:10 बजे से बिजली कटौती की गई और सुबह को सुचारु हुई। लोग गर्मी से बेहाल हो गए है। इस मोहल्ले के करीब 8 हजार लोगों को बिजली की कटौती से जूझना पड़ा।

रजा इंटर कालेज उप केंद्र पर 8 फीडर हैं और फीडरो पर जब चाहे कटौती कर दी जाती है। उपकेन्द्र पर 13 आउटसोर्सिंग से 5 सरकारी कर्मचारी हैं। उपकेन्द्र पर रात में स्टाफ कम होने के कारण कहीं फाल्ट होने पर दिन में ही विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाती है। सराय गेट निवासी समाजसेवी मोहम्मद राकिम खां ने कहा कि रात में कहीं कोई फाल्ट हो जाने पर पूरी रात अंधेरा रहता है। 24 घंटे में मात्र 12 घंटे ही बामुश्किल बिजली मिल पा रही है जबकि मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालयों को 24 घंटे आपूर्ति देने का आदेश दिया है।

सोलर इनर्जी | 343 किलोवाट बिजली का प्रतिदिन हो रहा उत्पादन

# सोलर लाइट से जगमगया जिला अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद जिला अस्पताल सोलर लाइट से जगमग हो गया है। जिला अस्पताल में सोलर से 343 किलोवाट बिजली का उत्पादन प्रतिदिन शुरू हो गया है। करीब दो वर्ष से जिला अस्पताल की छत पर लगी सोलर प्लेट मीटर का इंतजार कर रही थीं। शासन से मीटर के लिए 5 लाख रुपये की दरकार थी। पांच लाख रुपये मिलने के बाद मीटर लगवा दिया गया है। अब सही मुहूर्त देखकर विधिवत उद्घाटन कराया जाएगा।

जिला अस्पताल में 343 किलोवाट का सोलर प्लांट बिजली बनाने लगा है। शासन ने कनेक्शन के लिए पांच लाख रुपये का बजट जारी किया है। जिला अस्पताल में इमरजेंसी, ओपीडी से लेकर प्रत्येक वार्ड में सोलर प्लांट से सप्लाई शुरू हो गई है। इससे जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी और प्रत्येक के वार्ड में सोलर पैनल का कनेक्शन दिया जा चुका है, जिससे अब लगातार आपूर्ति हो रही है। अब गर्मियों में पंखे, कूलर और एसी सोलर लाइट से संचालित हो रहे हैं। और मरीजों को गर्मियों के मौसम में गर्मियों में कई-कई घंटे तक बिजली गुल हो जाती थी, जिससे अस्पताल में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और पैथोलॉजी लैब समेत तमाम कामों पर असर पड़ता था। इसी समस्याओं के समाधान के लिए शासन की ओर से जिला अस्पताल की छत पर 343 किलोवाट का सोलर प्लांट लगाया गया है। इससे जिला अस्पताल में विद्युत आपूर्ति हो रही है।



सौर ऊर्जा से जगमग हुई जिला अस्पताल की इमारत।



जिला अस्पताल की छत पर लगी सोलर प्लेट्स।

● पिछले दो साल से जिला अस्पताल की छत पर लगी थीं सोलर प्लेटें

> जिला अस्पताल की छत पर सोलर प्लांट लगाया जा चुका है। सोलर प्लांट को चालू करने के लिए कनेक्शन की कमी रह गई थी वह पूरी हो गई है। जिला अस्पताल सौर ऊर्जा से जगमग हो रहा है।
> **-डॉ. बीसी सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को पुलिस ने चोरी के मामले में तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से सोने के दो झाले बरामद किए हैं। गुरुवार रात ग्राम धल्लिया थाना केमरी निवासी अजय कुमा, विकास बाबू व अनीता देवी तीन महिला आरोपी जैनब, सब्बो व भावना लखीमपुर विष्णु थाना मिलक को पकड़कर थाने ले आए। तीनों महिलाओं ने थाना मिलक निवासी अनीता देवी का पर्स चुरा लिया था, जिसमें सोने के दो झाले रखे थे। भागते समय तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। मामले में थाना मिलक पर चोरी में मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसको पुलिस ने तीनों आरोपी महिलाओं को रात 10 :40 बजे गिरफ्तार किया। शुक्रवार को तीनों महिलाओं को न्यायालय में पेश किया।

### आज चार घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**मिलक अमृत विचार :** बिजनेस प्लान के तहत मरम्मत कार्य के चलते आज शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मिलक क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी। अवर अभियंता, मोहम्मद हसनैन अंसारी ने बताया कि 33 एवं 11 केवी उपकेंद्र 220 केवी शंकरपुर से पोषित 33 एवं 11 केवी उपकेंद्र मिलक की 33 केवी मेन लाइन अहमदाबाद से खातानगरिया तक 06 किमी लाइन कंडक्टर तार व 20 पोल बदले जाएंगे।इस कारण उपकेन्द्र से संबंधित मिलक की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र धमौरा के अंतर्गत 11 केवी फीडर बहादुरपुर, धमौरा व अकौदां की विद्युत आपूर्ति भी बंद रहेगी। अवर अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं पर सहयोग की अपील की है।

### वार्ड 37 में वाटर पम्प खराब, पानी की किल्लत

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका के वार्ड 37 के सभासद दिनेश रस्तोगी ने पालिकाध्यक्ष का भेजे पत्र में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। कहा कि कैथ वाली मस्जिद, मिस्टन गंज क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप है। क्योंकि मिस्टन गंज क्षेत्र का वाटर पम्प खराब हो गया है। जिसके कारण पानी की किल्लत हो रही है टिल्लू पंप सही कराए जाने की मांग की गई है।

# हाईवे पर डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

## नैनीताल मार्ग पर शुक्रवार सुबह हुआ हादसा, दो लोग घायल, एक की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मृतक फिरासत।

**अमृत विचार :** शुक्रवार को दिल्ली-नैनीताल हाईवे पर एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कोयली चौराहे के पास ब्रेड से भरी एक तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर पलट गया, इसमें थाना गंज सैंजनी नानकार निवासी फिरासत (42) की दबकर मौत गई, जबकि ट्रैक्टर पर सवार दो लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे सैंजनी नानकार निवासी फिरासत ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। सामने से आ रहे डीसीएम ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर पलट गया और फिरासत उसके नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।


पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े मृतक के स्वजन। ● अमृत विचार



हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त डीसीएम।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों में से एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दूसरे घायल शमी को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के भाई परवेज ने बताया कि डीसीएम में ब्रेड लदी हुई थी। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। फिरासत दूध डेयरी संचालक थे और दूध के व्यवसाय से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के समय वह भोट थाना क्षेत्र के कोयली गांव में भैंसों के लिए भूसा लेने जा रहे थे। परिवार में पत्नी और छह बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। उनको पांच बेटियां और एक 7 साल का बेटा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश जारी है।


कोयली चौराहे पर पलटा ट्रैक्टर।

# स्वार में अधेड़ का शव मिला, नहीं हुई शिनाख्त

**स्वार, अमृत विचार :** कोतवाली के निकट एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी रही। लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी।

गुरुवार से एक अधेड़ व्यक्ति कोतवाली मार्ग पर घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने उससे उसका नाम और पता पूछने का कई बार प्रयास किया, लेकिन वह कुछ भी स्पष्ट नहीं बता सका। उसकी मानसिक स्थिति भी सामान्य नहीं लग रही थी। लोगों ने मानवता के नाते उसे कोतवाली के बराबर स्थित खाली तहसील की भूमि पर बैठा दिया ताकि वह आराम कर सके। कुछ देर बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और वह मरणासन्न अवस्था में पहुंच गया। यह देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और अधेड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# बिजली समस्या पर टांडा चेयरमैन डीएम से मिलीं


टांडा पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज डीमए को पत्र देते हुए। ● अमृत विचार

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की गुहार लगाई है।

नगर पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में कहा गया है कि पिछले कई दिनों से टांडा के हाजीपुरा, भब्बलपुरी, सेंटाखेड़ा, गोदापुरी समेत अन्य कई मोहल्लों में बिजली की भारी किल्लत है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में इस बात पर भी चिंता जताई गई है कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में भी बिजली व्यवस्था को सुचारू करने और नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई थी, लेकिन उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नतीजतन, स्थानीय निवासियों को अभी भी उसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने जिला अधिकारी से मोहल्ला बरगद व पड़ाव में 250-250 केवीए के नए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज ने बताया जिलाधिकारी द्वारा जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

# पुलिस ने गोवध अधिनियम से संबंधित किया 14 का चालान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियुक्तों के सत्यापन अभियान के तहत एक साथ 14 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त गोवध अधिनियम से सम्बंधित हैं। जिन्हें चालानी कार्रवाई के बाद एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया पकड़े गए लोगों में मोहल्ला विशारदनगर के जमील अहमद और मोहल्ला साहूकारा के अजीम, जहीर, जमीर व राशिद शामिल थे। इसी तरह मोहल्ला शीरी मियां के गुड्डू व इलियास और मौहल्ला कस्बा राजपुर के महबूब व राशिद गिरफ्तार किए गए थे। मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी अफजाल, अलीम, लईक, जावेद व आमिर को भी हिरासत में लिया गया था। गिरफ्तार किए गए सभी 14 लोगों का शाम के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमानुसार मेडिकल परीक्षण कराया गया और शांतिभंग की धाराओं में चालान करके एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराध व अपराधियों और गोवध से संबंधित अभियुक्तों के सत्यापन के सम्बंध में अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत गोवध अधिनियम से सम्बंधित 14 अभियुक्तों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया और उनका चालान किया गया।


पुलिस की हिरासत में गोवध अधिनियम के संबंधित अभियुक्त। ● अमृत विचार

● एसपी के निर्देश पर चलाया जा रहा है सत्यापन अभियान

# शाहबाद पुलिस ने हत्या में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद पुलिस ने हत्या के एक पुराने मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 नवंबर 2025 को धुरियाई गांव निवासी जयराम की तहरीर पर गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस घटना में वादी के पिता बलवीर (64) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मामले में हत्या समेत अन्य गंभीर धाराएं बढ़ा दी गई थीं। विवेचना के दौरान कई आरोपियों के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, फायरिंग

संवाददाता, स्वार

● दो लोग घायल, दोनों पक्षों की ओर से लूट व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव छपर्रा में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सक्रिय हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

एक पक्ष ने जहां जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष ने मेडिकल स्टोर से दो लाख रुपये लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर निवासी अमरनाथ पुत्र प्रभुनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम छपर्रा में अपना मेडिकल स्टोर चलाता है। घटना के समय उसका भाई रघुवीर दुकान पर अकेला था। आरोप है कि गांव का ही विकास पुत्र मुरारी वहां आया और नशे की हालत में गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर विकास ने अपने साथियों सुभाष, ओमपाल, सूरजपाल, किशनपाल, होरीलाल और अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर रघुवीर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। अमरनाथ का आरोप है कि जब वह बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया और तमंचे के बल पर मेडिकल स्टोर के गल्ले से दो लाख रुपये लूट लिए और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायरिंग भी की। वहीं दूसरी ओर से गांव छपरा निवासी मुन्नी देवी पत्नी होरीलाल ने भी तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि उनका आरोप है कि 23 अप्रैल को अमरनाथ, रघुवीर, राजीव और कपिल उनके भतीजे विकास के साथ गाली गलौज और मारपीट कर रहे थे। जब मुन्नी देवी विकास को बचाकर घर ले आई तो आरोपियों ने उनके घर में घुसकर हमला कर दिया। मुन्नी देवी का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें उनके पति होरीलाल और देवर पन्नालाल को लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद मामले का संज्ञान लिया। दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनो पक्षों के किशनलाल और रघुनाथ को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है।


मारपीट करते लोग। फोटो वीडियो ग्रैब।

# मेधावी छात्रा दीक्षा बनीं एक दिन की पालिकाध्यक्ष, सुनीं जनसमस्याएं

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक अनूठी मिसाल पेश की गई। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान हासिल करने वाली श्री गुरु नानक इंटर कालेज की मेधावी छात्रा दीक्षा गंगवार को एक दिन के लिए नगर पालिका चेयरमैन बनाया गया।

शुक्रवार को नगर पालिका की टीम पूरे मान-सम्मान के साथ दीक्षा गंगवार के आवास पर पहुंची और उन्हें कार्यालय लाया गया। यहां पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल और अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने छात्रा व उनके परिजनों का स्वागत किया। इसके बाद चेयरमैन ने अपनी कुर्सी सौंपते हुए दीक्षा को एक दिन के लिए कार्यालय की कमान सौंप दी। चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालते ही दीक्षा गंगवार पूरी तरह प्रशासनिक अंदाज में नजर आईं। उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुना। इतना ही नहीं, उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों को जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कड़े निर्देश भी दिए। उनकी कार्यशैली ने वहां मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रभावित किया। वहीं पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सरकार बेटियों को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। दीक्षा की इस उपलब्धि से अन्य बालिकाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने दीक्षा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिवार को बधाई दी। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक अनिल सक्सेना, विजय अनार्य, कमल सक्सेना आदि मौजूद रहे।



बिलासपुर के नगर पालिका कार्यालय में एक दिन पालिकाध्यक्ष बनीं मेधावी छात्रा दीक्षा तथा साथ में मौजूद चेयरमैन चित्रक मित्तल। ● अमृत विचार

# 3500 सौ रुपये का पेट्रोल डलवाकर कार सवार फरार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** स्वार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव रसूलपुर फरीदपुर स्थित आरएस पेट्रोल पंप पर बुधवार की शाम एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक सफेद रंग की होंडा अमेज कार में आए अज्ञात बदमाश ने 3500 का पेट्रोल डलवाया और पैसे देने के बजाय सेल्समैन के हाथ से नकदी लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाश सेल्समैन को धक्का देकर कार सहित मौके से फरार हो गया।

पेट्रोल पंप के मैनेजर प्रकाश मौर्य ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। मामले में आरोप लगाया कि घटना बुधवार को शाम करीब 5 बजे की है। एक सफेद रंग की कार होंडा अमेज तेल डलवाने के लिए पंप पर रुकी। सेल्समैन विपिन कुमार ने कार में 3500 का पेट्रोल डाल दिया। जैसे ही विपिन ने तेल के पैसे मांगे कार चालक ने पैसे देने के बजाय विपिन के हाथ में पहले से मौजूद नकदी को लूटने का प्रयास किया। जब सेल्समैन ने विरोध किया तो बदमाशो ने उसे जोर से धक्का मार दिया जिससे वह नीचे गिर गया। इसके बाद बदमाश कार लेकर फरार हो गए। मैनेजर प्रकाश मौर्य ने आरोपी युवक लूट के इरादे से ही पंप पर आया था। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई इस घटना से अन्य पेट्रोल पंप स्वामियों में भी रोष और असुरक्षा का माहौल है।


स्वार सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई कार।

● सेल्समैन के हाथ से नकदी भरा बैग लूटने का प्रयास

## न्यूज डायरी



### आंबेडकर पार्क में बैठक कर विकास कार्यों की चर्चा की

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ और आदि धर्म की संयुक्त बैठक शनिवार को अंबेडकर पार्क में हुई। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर ने कहा कि अंबेडकर पार्क के पर्यटन स्थल बनने से रामपुर की रौनक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर पार्क में कार्य प्रगति पर है और तीन बार शहर विधायक आकाश सक्सेना कार्यों का अवलोकन कर चुके हैं। इसके लिए शहर विधायक ने 11 लोगों की कमेटी भी बनाई है जोकि समय-समय पर समीक्षा करेगी। महेश सागर ने कहा कि पार्क का विकास किसी कीमत पर रुकने नहीं देंगे। शासन से पार्क के सौंदर्यीकरण का आया पैसा वापस नहीं जाने दिया जाएगा। बैठक में समरपाल सिंह, राकेश सागर, अमर सिंह, दिनेश सागर, अमर आदिवासी, प्रमोद सागर, राजाराम, हरिबाबू राज, संजीव कुमार आदि रहे।



### श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर हुई बैठक, जिम्मेदारी सौंपी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही श्रीराम कथा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। श्रीराम कथा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर स्वामी उमेशानंद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि मोहल्ला शिवबाग में एक से पांच तक श्रीराम कथा आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान आगामी श्री राम कथा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, तैयारियों तथा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ। आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जिम्मेदारियों का भी स्पष्ट रूप से निर्धारण किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से राजपाल सिंह, रोशन लाल, सुरजीत सिंह, सुच्चा सिंह, ध्यान सिंह, गिरजा शंकर आदि रहे।

### हज के लिए रवाना हो रहे हाजियों के जत्थे



**रामपुर, अमृत विचार :** मक्का और मदीना के लिए आजमीने हज के जत्थे रवाना हो रहे हैं। आजमीने हज के घरों पर खुशियां मनाई जा रही हैं। लोग आजमीने हज को फूल मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दे रहे हैं। हज करने के लिए आजमीने हज ने किराए के तीन लाख 46 हजार रुपये जमा किए हैं। हज ट्रेनर मेराजुल हक ने बताया कि फिलहाल दिल्ली से मदीने के लिए फ्लाइट जा रही हैं। इसके बाद 6 मई से दिल्ली से जद्दा के लिए फ्लाइट रवाना होंगी। जिले से 1044 आजमीने हज मक्का जाएंगे। एक फ्लाइट में देश भर के ढाई से तीन सौ आजमीने हज सफर कर रहे हैं। हज ट्रेनर ने बताया कि रामपुर से करीब 50 हाजी प्रतिदिन दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजमीन हज फ्लाइट के उड़ने से करीब 6 घंटा पहले एयरपोर्ट पर पहुंच जाएं और अपने साथ भीड़ को लेकर एयरपोर्ट पर नहीं पहुंचे। भीड़ होने से एयरपोर्ट पर अव्यवस्था हो जाती है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल, हायर सेंटर रेफर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विवाह समारोह से वापस लौट रहे युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। मिलक तहसील के आगापुर निवासी रमन बाबू पेशे से मजदूर हैं। वह गांव अहरो में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। रमन के पिता जगदीश प्रसाद के अनुसार शाम के समय उनका बेटा बाइक से बेगमाबाद रोड पर जा रहा था। सामने से तेज रफ्तार आ रहे किसी अन्य बाइक सवार ने रमन की बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। रमन गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने बताया कि घायल के सिर में एक पैर में गंभीर चोट लगी है।

### अब्दुल्ला आजम से जेल में मिलीं डॉ. तजीन फात्मा



**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा ने जिला कारागार में बंद बेटे अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। उनके साथ बड़े बेटे अदीब आजम भी साथ थे। सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने बताया कि वो बेटे अब्दुल्ला आजम से ही मिलीं। सपा नेता आजम खां से उन्होंने मुलाकात नहीं की। जिला कारागार से बाहर निकलकर डॉ. तजीन फात्मा ने मीडिया से बात नहीं की। वो वहां से सीधा आवास के लिए निकल गईं।

# शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावियों ने मारी बाजी

## यूपी बोर्ड परिक्षाफल

● हाईस्कूल के 17 टॉप टेन में शहर के एक स्कूल का बच्चा शामिल

● इंटरमीडिएट की टॉप टेन में शहर का एक भी बच्चा नहीं बना पाया जगह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा में शहरियों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बाजी मार रहे हैं। हाईस्कूल की टॉप टेन में 17 टेन शहरी क्षेत्र का एक बच्चे का नाम शामिल है। जबकि, इंटरमीडिएट की टॉप टेन में शहरी क्षेत्र का एक भी बच्चा जगह नहीं बना पाया है। जबकि, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पांच से छह किमी. दूर स्थित स्कूल में साइकिल से पढ़ने पहुंचे और शहरियों के पास तमाम संसाधन उपलब्ध है। गांव में लाइट लगातार नहीं मिलती घर में इन्वर्टर नहीं है टॉपर बच्चे बताते हैं कि उन्होंने लालटेन की रोशनी में पढ़ाई की है।


सरकथल की 12वीं की तीसरी टॉपर छात्रा शहरीन को मिठाई खिलाते परिजन।

हाईस्कूल की टॉप टेन में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक की कनिष्का गंगवार ने जिला टॉप किया है। कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी की समीक्षा कुमारी जिले की टॉप टेन में दूसरे स्थान पर है। श्री गुरु नानक इंटर कालेज बिलासपुर की दीक्षा टॉप टेन में तीसरे स्थान पर है। हाईस्कूल की टॉप टेन में नवें पायदान पर रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हिफ्जा ने है। टॉप टेन में मिलक क्षेत्र के बच्चों का कब्जा है। टॉप में 17 नाम शामिल हैं जिसमें 9 बच्चे मिलक क्षेत्र के हैं। इंटरमीडिएट में श्यामा देवी इंटर कालेज रास डंडिया मिलक की सेजल आर्या जिला टॉपर है। जिले में दूसरा स्थान कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की मंतशा का है। टॉप टेन में तीसरे स्थान पर केकेएमपी इंटर कॉलेज सरकथल टांडा की शहरीन का है।

टॉप टेन में 12 नाम शामिल हैं लेकिन इनमें शहर का एक बच्चा भी जगह नहीं बना पाया है। इंटरमीडिएट की टॉप टेन में 12 बच्चों के नाम शामिल हैं इनमें सात बच्चे मिलक क्षेत्र के स्कूलों से हैं। मनोवैज्ञानिक डॉ. राधेश्याम गिरि बताते हैं कि बच्चे विपरीत परिस्थितियों में अधिक मेहनत करते हैं। अधिक सुविधाएं देने से बच्चों में संघर्ष करने का माद्दा खत्म हो जाता है और वे आराम तलब बन जाते हैं। बताते हैं कि यही कारण है कि आईएएस और आईपीएस में अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र से और विपरीत परिस्थितियों में पढ़कर अपनी लक्ष्य तक पहुंचते हैं। बताते हैं कि वह यहीं नहीं कह रहे कि बच्चों को सुविधाएं नहीं दी जाएं इसके साथ उन्हें संघर्षशील भी बनाया जाए ताकि जिंदगी में कभी उन पर कोई विपदा आन पड़े तो वे उसका डटकर मुकाबला कर सकें। कहा कि शहरी क्षेत्र के बच्चों के लिए तमाम सुविधाएं हैं लेकिन, वह उतना बढ़िया रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदूषण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन 125वें दिन भी रहा जारी

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में शुक्रवार को 125वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जुबिलेंट फैक्ट्री के साथ हम साज होने वाले सभी अधिकारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पहली बार गजरौला क्षेत्र में जुबिलेंट फैक्ट्री दबंगाई के साथ जमीन में बोरवेल करके केमिकल युक्त पानी को जमीन में डालकर सारे भूजल को जहरीला करने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश की सरकार और अमरोहा प्रशासन अपनी कुर्सियों पर बैठकर इसको देखकर खुश हो रहा हैं। जिले का किसान जहरीला पानी पीकर हर रोज अपनी जान गंवा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राम कृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, होमपाल सिंह रामशरण सिंह ,पृथ्वी सिंह, गंगाराम सिंह, सान चौधरी, पंचम सिंह, ओम प्रकाश सिंह शादी किसान लोग मौजूद रहे।

### भीषण गर्मी ने किया जीना मुहाल, तापमान 42 डिग्री तक पहुंचा

**गजरौला . अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। आसमान से आग बरस रही है। पूरे दिन लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। गर्मी के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो उठा है। इंसान ही नहीं पशु पक्षी भी गर्मी से परेशान हैं। भीषण गर्मी के कारण जिले में सिंचाई का संकट गहराता जा रहा है। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप ने लोगों के होश उड़ा दिए। पूरे दिन गर्मी के तेवर तल्ख बने रहे। तीन दिन से शहर में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। दिन निकलते ही लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर में तेज धूप के साथ ही तेज गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा दिया है। रात में भी तापमान सामान्य से ज्यादा पर बना हुआ है। इससे लोगों को रात में भी गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप खिली रही। गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहा। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने हीटवेव से सतर्क रहने की सलाह दी है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत पर निजी अस्पताल में हंगामा

## चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप, स्वास्थ्य विभाग ने किया आपरेशन थियेटर सील

संवाददाता हसनपुर



अस्पताल के बाहर हंगामा करते एकत्र परिजन। ● अमृत विचार



अस्पताल की ओटी को सील कराती पुलिस।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की प्रसव के दौरान मौत होने के बाद परिजनों ने मृतका का शव अस्पताल गेट पर रखकर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा कांटा, हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग मौके पर पहुंचा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अस्पताल की ओटी को सील कर दिया गया, वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया।



मृतका रजनी।

तहसील क्षेत्र के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर सुल्तानठेर निवासी नेपाल सिंह की पत्नी रजनी 35 वर्षीय को प्रसव पीड़ा के दौरान नगर के बाईपास मार्ग स्थित केयर हॉस्पिटल में गुरुवार की दोपहर को भर्ती कराया गया था। पीड़ित नेपाल सिंह का कहना है कि अस्पताल संचालकों के द्वारा उसकी पत्नी रजनी का ऑपरेशन किया गया, ऑपरेशन के माध्यम से उसकी पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसको अस्पताल को द्वारा मशीनों में रखा गया। वही ऑपरेशन के बाद रजनी की तबीयत खराब हो गई, संथाल को द्वारा उसे बाहर रेफर कर दिया गया जहां उसे मृतक घोषित कर दिया गया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान लापरवाही के चलते रजनी की मौत हुई है और परिजनों ने शव को अस्पताल गेट पर रखकर जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह मौके पर पहुंचे। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने केयर हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ओटी को सील कर दिया, वही मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार

**● कार्रवाई की मांग को लेकर शव रखकर किया हंगामा**

पर कोतवाली पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। वही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि अस्पताल संचालकों के खिलाफ मृतका के परिजनों ने तहरीर दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच की जा रही है अग्रिम कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार:** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। दो की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मुरादाबाद के मिलन विहार कालोनी निवासी प्रतीक कुमार व उसका पड़ोसी हितेश बाइक से गुरुवार शाम बृजघाट गए थे। दोनों रात में वापस लौट रहे थे। हाईवे पर एक फैक्ट्री के पास गलत दिशा से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें प्रतीक व हितेश के अलावा दूसरी बाइक पर सवार जितेन्द्र निवासी मोहल्ला मायापुरी घायल हो गए। जितेन्द्र किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। आसपास की जमा भीड़ ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्रतीक व हितेश की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा सप्तमी के अवसर पर भक्तों ने की आरती



मां गंगा की आरती करते भक्त। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** गंगा सप्तमी एवं गंगा जयंती के पावन पर्व के अवसर पर भक्तों द्वारा मां गंगा की भव्य आरती की गई और आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुवार को गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर नगर श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के प्रांगण में स्थापित मां गंगा की मूर्ति का श्री गंगा सेवा समिति के तत्वाधान में बहुत सुंदर तरीके से श्रगार किया गया। इसके बाद भक्तों द्वारा बहुत ही भव्य रूप से मां गंगा की आरती की गई और आरती के बाद भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल द्वारा बताया गया कि आज के दिन मां गंगा धरती पर प्रकट हुई थी इसलिए आज को गंगा सप्तमी एवं जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महामंत्री विशाल देव गुप्ता, मोहित अग्रवाल,शोभित अग्रवाल, मुनमुन अग्रवाल, काशीनाथ, अनीता अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल,अभिषेक अग्रवाल, देवांश अग्रवाल,अमित गुप्ता, गोविंद शर्मा आदि भक्त उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटरों के विरोध में धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर



किसानों को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने तहसील परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला। पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने स्मार्ट मीटरों को खून चूसक करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी रूप से विफल इन मीटरों के कारण उपभोक्ताओं का बिल कई गुना बढ़कर आ रहा है। संगठन ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर स्मार्ट मीटर हटाकर पोस्टपेड मीटर लगाने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, बकाया गन्ना भुगतान और आवारा पशुओं से निजात दिलाने जैसी मांगें रखीं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 30 अप्रैल तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 1 मई से विद्युत अधिशासी अभियंता

**● भाकियू शंकर ने तहसील में जमकर की नारेबाजी**

कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। पंचायत की अध्यक्षता सरजीत चौहान ने की तथा संचालन कैप्टन वीर सिंह ने किया।प्रदर्शन करने वालों में चौधरी धर्मवीर सिंह, मदन सिंह, बबीता रानी , चौधरी धर्मवीर सिंह,चौधरी मदन सिंह ,नेम पाल सिंह, शेर सिंह राणा, जविंदर सिंह,लोकेश प्रधान ,जितेंद्र राणा,योगेश खड़गवंशी,राजपाल सैनी,चौधरी हरपाल सिंह, बीना रानी, नीरज चौधरी, ज्योति चौहान,कुसुम देवी, मुन्नी त्यागी ,रिंकी रानी,सरोज, संगम,कल्लू सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में बुजुर्ग पर हमला कर किया घायल

**डिडौली, अमृत विचार:** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों द्वारा एक बुजुर्ग के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में बुजुर्ग घायल हो गए, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी रिहान पुत्र इकबाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब आठ बजे उसके पिता इकबाल घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोप है कि आरोपियों ने इकबाल को गिराकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से जमकर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## ई-रिक्शा की टक्कर से घायल की हालत गंभीर

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में एक ई-रिक्शा की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नगर के रहरा अड्डे के पास एक अधेड़ व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा था, तभी वहां से गुजर रहे एक अज्ञात ई-रिक्शा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सीएचसी में भर्ती

**● पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती, हायर सेंटर रेफर**

कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल की पहचान नगर के मोहल्ला लालबाग रेतिया निवासी गय्यूर पुत्र मकबूल अहमद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उसका एक भाई भी था, जिसका फिलहाल कोई अता-पता नहीं है। पुलिस ने घायल के दूर के रिश्तेदारों को घटना की सूचना दे दी है।कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खेत की तारबंदी में करंट से मिस्त्री की मौत, हत्या का केस

**अमरोहा, अमृत विचार:** खेत की तारबंदी में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से एक मिस्त्री की मौत के मामले में पुलिस ने खेत स्वामी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने घंटों हंगामा किया था। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसा गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे थाना क्षेत्र के गांव धनौरी मीर में हुआ। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव खजूरी निवासी योगेश (मिस्त्री) की गांव में सबमर्सिबल मोटर मरम्मत की दुकान थी। बताया जा रहा है कि वह काम के दौरान प्यास लगने पर पास ही स्थित किसान कविंद्र सिंह के खेत में ट्यूबवेल पर पानी पीने गया था। इसी दौरान खेत की तारबंदी में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया।

## गैस किल्लत को लेकर नगर की गैस एजेंसी पर लगी भीड़



हसनपुर में गैस लेने के लिए लगी लाइन। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर व क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है।गजरौला मार्ग स्थित गैस एक गैस गोदाम पर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

शुक्रवार की दोपहर बाद जैसे ही गोदाम पर गैस से भरी गाड़ी पहुंची, वैसे ही सिलेंडर पाने की होड़ मच गई और देखते ही देखते सड़कों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस की आपूर्ति सुचारू न होने के कारण उन्हें दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और धूप के बावजूद महिलाएं और बुजुर्ग लंबी लाइनों में खड़े होने को मजबूर दिखे। एजेंसी संचालकों का कहना है कि मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने की वजह से यह स्थिति बनी हुई है, जिसे जल्द ही सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ट्राईसाइकिल पर मिले शव की हुई पहचान

**अमरोहा, अमृत विचार:** शहर कोतवाली क्षेत्र में ट्राईसाइकिल पर मिले विकलांग व्यक्ति के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा रोड स्थित मोहल्ला शिवनगर निवासी पुन्नूलाल सैनी के पुत्र जागन के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बता दें कि बुधवार देर रात मच्छरट्टा चौकी क्षेत्र के जे.एस. हिन्दू कॉलेज चौराहे के पास एक विकलांग व्यक्ति का शव ट्राईसाइकिल पर पड़ा मिला था। उस समय उसकी पहचान नहीं हो सकी थी, जिस पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। गुरुवार देर शाम परिजन युवक की तलाश करते हुए मोर्चरी पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान जागन के रूप में की।

## व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कलेक्ट्रेट पर समस्याओं को लेकर डीएम के पास जाते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्था के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी नितिन गौड़ का कलेक्ट्रेट पहुंचकर स्वागत किया। इस दौरान फोरम सदस्यों ने शहर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से अवैध नशे के धंधेबाज के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सार्वजनिक संपत्तियों, तालाबों और नालों पर हो रहे अवैध कब्जों को तत्काल हटाने की भी मांग उठाई। प्रदेश संयोजक खत्री मनोज टंडन, कुंवर नकवी, युवा जिलाध्यक्ष समीर खान, नगर अध्यक्ष मोनू यादव, युवा नगर अध्यक्ष रजा आदिल और नगर मंत्री विकास चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने ज्ञापन में पांच प्रमुख समस्याओं का उल्लेख किया। इसमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों और पेड़ों की अवैध कटान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी शामिल रही। ज्ञापन में नशे के अवैध कारोबार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। फोरम ने प्रतिबंधित दवाओं और नशीले पदार्थों के व्यापार में लिप्त लोगों पर रासुका के तहत कार्रवाई करने की मांग की। संस्था ने इस भेदभावपूर्ण रवैये पर रोक लगाने की मांग की। व्यापारी सुरक्षा फोरम ने अपने पत्र में कहा कि उनका उद्देश्य एक संगठित, सुरक्षित, स्वाभिमानी और राष्ट्रभक्त व्यापारी समाज का निर्माण करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवागंतुक जिलाधिकारी जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## प्रैक्टिकल के नाम पर वसूली विरोध में छात्रों ने खोला मोर्चा



जुलूस निकालते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर स्थित एक डिग्री कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्र-छात्राओं से प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कॉलेज गेट पर धरना प्रदर्शन किया, वही कॉलेज कॉलेज निदेशक द्वारा व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन देने पर वापस लौटे।

नगर स्थित एक डिग्री कालेज मे छात्र-छात्राओ से प्रैक्टिकल के नाम पर 1000 रूपय वसूले जा रहे थे, जानकारी प्राप्त होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा कालेज परिसर में प्रर्दशन किया गया, जिस के फलस्वरूप कालेज प्रबंधन ने प्रैक्टिकल की फीस वापस

**● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कालेज गेट पर किया धरना प्रदर्शन**

कराने व अवैध वसूली बन्द करने की जिम्मेदारी ली, जब जाकर कार्यकर्ता शांत हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रांत सहमंत्री विकास शर्मा ने कहा कि कालेज प्रशासन के द्वारा छात्रो से वसूली कर अपने जेब मे पैसा रखा जा रहा है,इस सब को देखते हुए विधार्थी परिषद द्वारा प्रत्येक कैम्पस मे ऐसी अवैध वसूली करने वालो पर कार्यवाही करायी जाएगी।इस समय पर जिला प्रमुख पकंज शर्मा, जिला संयोजक राजा शर्मा,तहसील संयोजक हरित कसाना, यश बंसल , प्रतीक , दीपक गिल , अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



टॉपर छात्राओं को सम्मानित करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। अमृत विचार



बैठक में निर्देश देते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री केपी मलिक की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कृषि रक्षा रसायन डीबीटी योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र किसानों को शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाई है, उनके लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाकर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। गोशालाओं की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए निराश्रित गोवंशों के लिए सभी गोशालाओं में पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। आयुष्मान योजना के दुरुपयोग पर सख्ती दिखाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पात्रता की जांच सुनिश्चित की जाए और किसी भी तरह की अनियमितता न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि विकास और निर्माण कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। ग्रामों में बनाई जा रही लाइब्रेरी का लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों के अनुभवों का उपयोग करने और लाइब्रेरी में पढ़ने वाले बच्चों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन, पीएम व सीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्मार्ट मीटर और स्कूल चलो अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं में किसी पात्र व्यक्ति को वंचित न रखा जाए और समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाकर त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले विभागों के कार्यों की सराहना की गई और अन्य विभागों को भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।

हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के मेधावी सम्मानित

प्रभारी मंत्री ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जनपद की मेधावी छात्राओं वंशिका, छवि,

**● प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विकास कार्यों की समीक्षा की**

इशिका और अंशिका को प्रभारी मंत्री ने फूलमाला, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा और योजनाओं के क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खडगवंशी और विधायक धनौरा राजीव तरारा, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलासपुर जनपद रामपुर (उ.प्र.)**

पत्रांक : 13(1)/न.पा.परि.बि./2026-27 दिनांक : 24.04.2026

**सार्वजनिक सूचना**

समस्त साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बिलासपुर में यूको बैंक के सामने स्थित पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पी.एम. स्वनिधि गलियारा का निर्माण किया गया है जिसमें लगभग 20 स्टॉल के लिए जगह निर्धारित की गयी है, उक्त जगह को आवंटन करने हेतु पी.एम. स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त किये जाने है, लाभार्थी अपना आवेदन दिनांक 27.04.2026 की प्रातः 10:00 बजे से 08.05.2026 की सायं 3:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है। समस्त आवेदनों की जांच की जायेगी, जांच उपरान्त वैध आवेदन पत्रों पर विचार कर दिनांक 12.05.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे लकी ड्रा के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। पी.एम. स्वनिधि के लाभार्थी का केवल 01 ही वैध आवेदन पत्र मान्य होगा। आवेदन पत्र उक्त समयावधि में आवेदन फीस रू. 500.00 कार्यालय में जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त कर जमा कर सकते है। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर-रामपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलासपुर-रामपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी प्रमाण पत्र धारकों को बोनस अंक दिलाने की मांग

**चंदौसी, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों से आए एनसीसी कैडेट्स ने शुक्रवार को सुभाष रोड स्थित राज्यमंत्री आवास पर एकत्र होकर ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से एनसीसी सर्टिफिकेट रखने वालों को बोनस दिए जाने की मांग की गई। उन्होंने सरकार से मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं अन्य सरकारी भर्तियों में एनसीसी सर्टिफिकेट धारकों को भी बोनस अंक प्रदान किए जाएं। इस अवसर पर कैडेट्स गौरव बघेल, जितिन कुमार, शाहनवाज आलम, रुद्राक्ष, अभय प्रताप, यश शर्मा, विवेक पाठक, सुशील दिवाकर, ब्रजगोपाल मौर्य ने एकजुट होकर कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आगे भी वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

### कार ने ग्रामीण को मारी टक्कर, घायल

**चंदौसी।** थाना गुन्नौर के गांव काशीपुर निवासी शाकिर हुसैन शुक्रवार की दोपहर बेहतरी रेलवे फाटक स्थित नई बस्ती जा रहा था। जब वह रेलवे फाटक 35 बी के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही बोलेरो ने उसमें टक्कर मार दी और चालक वाहन वहां से भगा ले गया। टक्कर लगने से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान लोगों की वहां भीड़ लग गई। एंबुलेंस बुलाकर घायल को सरकारी अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### यातायात पुलिस ने पहनाये हेलमेट

**बहजोई, अमृत विचार** : जनपद में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रही मौतों को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को बहजोई कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर विशेष जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया। पुलिस ने मौके पर ही बिना हेलमेट चल रहे वाहन चालकों को हेलमेट खरीदकर पहनने के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क हादसों में होने वाली जनहानि को कम करना है।

---

**जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने किया किले का किया निरीक्षण, अतिक्रमण पर दिखाया सख्त रुख**

# संभल के ऐतिहासिक सौंधन किले को पर्यटन केंद्र बनाने की कवायद तेज

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार** : संभल जनपद के ऐतिहासिक सौंधन किला को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने अब ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुगल काल में शाहजहां के शासनकाल में वर्ष 1645 ईस्वी में बने इस किले को नई पहचान देने की कवायद तेज हो गई है। जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने शुक्रवार को एएसआई व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किले का स्थलीय निरीक्षण किया।



संभल के सौंधन में ऐतिहासिक किले की जमीन के दस्तावेज देखते डीएम व एसपी।



संभल के सौंधन में मरम्मत के बाद ऐतिहासिक किले का मुख्य द्वार। • अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी किले के ऊपरी हिस्से तक पहुंचे और वहां की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, मरम्मत कार्य और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद हल्का लेखपाल तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों से किले की ऐतिहासिक स्थिति, संरचनात्मक मजबूती और हाल ही में कराए गए जीर्णोद्धार कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने बताया कि 5 जनवरी 2025 को जब पहली बार इस किले का निरीक्षण किया गया था, उस समय इसकी स्थिति बेहद जर्जर थी और कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके थे। इसके बाद प्रशासन ने इसे संरक्षित करने का निर्णय लिया और जून 2025 में जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया गया। यह कार्य फरवरी 2026 में पूर्ण हुआ, जिस पर करीब 29 लाख रुपये की लागत आई। हालांकि अभी किले में आंशिक रूप से ही विकास कार्य हुआ है और इसे पूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए आगे की विस्तृत कार्ययोजना बनाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि करीब 3600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले इस किले में ऐतिहासिक रूप से पहरेदारों के लिए बनाए गए दो कक्ष भी मौजूद हैं, जिन्हें पुनः तैयार कर संरक्षित किया गया है। किले के जीर्णोद्धार में पारंपरिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। निर्माण कार्य में चूना, सुरखी और डस्ट जैसी पारंपरिक सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे किले की मूल संरचना और ऐतिहासिक स्वरूप को सुरक्षित रखा जा सके। इस कार्य को राजस्थान और झांसी से आए कुशल कारीगरों द्वारा पूरा किया गया, जिनकी पारंपरिक निर्माण शैली ने किले को नया जीवन दिया है।

- एएसआई ने कराया है किले की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का कार्य
- किले के जीर्णोद्धार में पारंपरिक तकनीकों का किया गया इस्तेमाल

### अतिक्रमण देख भड़के डीएम, तत्काल हटाने की हिदायत

**सौंधन, अमृत विचार** : निरीक्षण के दौरान किले के आसपास और अंदर हो रहे अतिक्रमण को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर लोगों ने कब्जा कर पशु बांध रखे हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए। वहीं, जिन लोगों के स्थायी मकान किले की भूमि पर बने हुए हैं, उन्हें 200 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध कराकर उनकी सहमति से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासन इस कार्य को संवेदनशीलता के साथ लेकिन सख्ती से लागू करेगा। इसके अतिरिक्त किले के मुख्य द्वार के पास लगे बिजली के पोल को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किले की ऐतिहासिक सुंदरता और दृश्यता प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि पहले किले के चारों ओर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण था, जिसे चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है और शेष अतिक्रमण भी जल्द ही समाप्त कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल किले का संरक्षण करना नहीं है, बल्कि इसे एक प्रमुख पर्यटन हब के रूप में विकसित करना है। इसके लिए भविष्य में यहां सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सुविधाएं, मार्ग सुधार और अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। इससे न केवल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

---

# लहरा कमंगर गांव में खेलते समय तालाब में डूबकर मासूम की मौत

**ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, अस्पताल में किया मृत घोषित**

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार** : संभल जनपद के थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां तालाब किनारे खेल रहे 6 वर्षीय मासूम की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।



मृतक रेहान।



संभल के लहरा कमंगर गांव में बच्चे की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव लहरा कमंगर निवासी गोसे आजम का पुत्र रेहान (6) अपने तहेरे भाई कादिर के साथ गांव के पास स्थित तालाब किनारे खेल रहा था। खेलते समय अचानक रेहान का पैर फिसल गया और वह पानी से भरे गहरे तालाब में जा गिरा। देखते ही देखते वह पानी में डूबने लगा। यह देखकर उसके साथ मौजूद कादिर घबरा गया और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चे के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े और देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को बचाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद उसे तालाब से बाहर निकाला गया। इस बीच सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए संभल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

- तहेरे भाई के साथ तालाब किनारे खेल रहा था छह साल का मासूम
- पैर फिसलने से तालाब में गिरा ग्रामीणों ने देखा तो मदद करने के लिए दौड़ पड़े

मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां साइन, बहन साबिया और भाई फरहान का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का दुख देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव में इस घटना के बाद मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में पानी गहरा होने के कारण इस तरह के हादसों की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से तालाब के आसपास सुरक्षा के इंतजाम कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। वहीं इस हादसे को लेकर देर शाम तक पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी।

---

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा 10 केंद्रों पर आज से

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : संभल जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार 25 अप्रैल से शुरू होगी जो 27 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

जनपद में इस भर्ती परीक्षा के लिए कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां प्रत्येक पाली में 3648 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों में आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बृज रत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज संभल, हिंद इंटर कॉलेज संभल, जवाहर लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज सिरसी, महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी, राजकीय महाविद्यालय हयातनगर, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज संभल तथा जेडयू इंटर कॉलेज सरायतरीन शामिल हैं। प्रशासन की ओर से एडीएम प्रदीप वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों के लिए सीटिंग अरेंजमेंट करता कर्मचारी।

- 25, 26 और 27 अप्रैल को दो पालियों में होने वाली परीक्षा के दौरान रहेंगे कड़े सुरक्षा प्रबंध
- पहली पाली प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक चलेगी

वहीं, जनपद स्तर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने साथ पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। किसी भी कर्मचारी को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी केवल महिला पुलिसकर्मियों द्वारा निर्धारित एंक्लोजर में की जाएगी। कंट्रोल रूम और स्ट्रांग रूम को अलग-अलग रखा गया है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनी रहे।

---

# पुलिस चौकी का नया भवन तैयार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा चौधरपुर मार्ग स्थित गांव राजागालबपुर में मंसूरपुर माफी पुलिस चौकी का नवनिर्मित भवन तैयार होने के बाद अब उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। करीब दो माह पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी भवन का लोकार्पण नहीं हो सका है, जिससे इसे अब तक उपयोग में नहीं लाया जा सका है।

क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से संभल और अमरोहा जिले की सीमा के पास गांव मंसूरपुर माफी में वर्ष 2021 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने अस्थायी पुलिस चौकी का शुभारंभ किया था। तब से यह चौकी किंग गार्डन में संचालित हो रही है। स्थायी भवन निर्माण के लिए पुलिस विभाग ने 4 जनवरी 2024 को मनोटा चौधरपुर मार्ग स्थित गांव राजागालबपुर में भूमि चिह्नित की थी और प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजा गया था। मंजूरी मिलने के बाद 23 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन क्षेत्राधिकारी आलोक सिद्धू ने भूमि पूजन कर चौकी भवन की नींव रखी थी, हालांकि शुरुआती दौर में निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ सका। बाद में 22 फरवरी 2025 को वर्तमान क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह ने मौके का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिसके बाद निर्माण कार्य में तेजी आई। निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करते हुए अब चौकी का भवन पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। नया भवन बनने के बाद स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही इसका उद्घाटन कर पुलिस चौकी को यहां स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। सीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि जल्द ही पुलिस चौकी भवन का लोकार्पण किया जायेगा।




संभल के असमोली थाना क्षेत्र में बनकर तैयार मंसूरपुर माफी पुलिस चौकी का भवन।

- पुलिस अधिकारी जल्द लोकार्पण कराने की कर रहे बात

---

## ससुराल आए युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**रजपुरा, अमृत विचार** : थाना चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव बुद्धनगर खंडुआ निवासी 22 वर्षीय हरिओम की शादी करीब एक वर्ष पहले रजपुरा के गांव चाऊपुर डांडा निवासी आरती के साथ हुई थी। वह इन दिनों अपनी ससुराल आया हुआ था। ग्रामीणों के मुताबिक गुरुवार शाम करीब 8 बजे हरिओम परचून की दुकान से तंबाकू लेने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार सुबह चाऊपुर डांडा से दुपट्टा कला जाने वाले मार्ग किनारे एक सहतूत के पेड़ पर रस्सी के सहारे युवक का शव लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतक के ससुर सुखराम ने शव की पहचान अपने दामाद हरिओम के रूप में की।

---

# बिजली संकट से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार** : संभल जनपद में गहराते बिजली संकट को लेकर किसानों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। खराब विद्युत आपूर्ति से परेशान किसानों ने भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश प्रवक्ता जयवीर सिंह यादव व संजीव गांधी ने कहा कि संभल डिवीजन के हसनपुर मुंजबता क्षेत्र सहित कई गांवों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। किसानों को समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा और फसलें सूखने लगी हैं।




संभल में एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकियू असली के पदाधिकारी।

उन्होंने कहा कि कई गांवों में हालात इतने खराब हैं कि किसानों को तीन-तीन दिन बाद बिजली मिल रही है। किसानों ने बताया कि इस समय मक्का की फसल खेतों में तैयार खड़ी है, लेकिन सिंचाई के अभाव में वह झुलस रही है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पहले ही आलू की फसल में घाटा झेल चुके किसान अब दूसरी फसल के भी बर्बाद होने से आर्थिक रूप से टूटने की कगार पर पहुंच गए हैं।

किसानों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो उनके सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो जाएगा। वहीं, पल्था गांव के किसानों ने बिजली लाइन की खराब स्थिति को लेकर भी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि लंबे समय से शिकायत करने के बावजूद लाइन की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर को लेकर भी किसानों में भारी रोष देखने को मिला। किसानों का आरोप है कि बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और इनके जरिए अत्यधिक बिजली बिल वसूले जा रहे हैं। उनका कहना है कि 15-15 दिन के भीतर 5 से 7 हजार रुपये तक के बिल आ रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर और छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर हो रही है। किसानों ने प्रदर्शन के दौरान अधिशासी अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली आपूर्ति में सुधार, खराब लाइनों की मरम्मत और स्मार्ट मीटर की समस्या के समाधान की मांग की। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 30 अप्रैल तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

- भाकियू असली के बैनर तले किसानों ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी

---

**साधा निशाना** | **कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य बोलीं, सपा-कांग्रेस सिर्फ अपने परिवार की महिलाओं को आगे बढ़ा रहीं**

# महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को मिलेगा जवाब

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार** : पूर्व दर्जा राज्यमंत्री आजम कुरैशी की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने पहुंचीं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल महिलाओं के अधिकारों को दबाने का काम कर रहे हैं। महिला आरक्षण बिल पास न होने के लिए यही दल जिम्मेदार हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा साफ थी और वे लोकसभा-विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहते थे, लेकिन सपा, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी जैसे दलों ने मिलकर इस बिल को पास नहीं होने दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल नहीं चाहते कि सामान्य परिवारों की महिलाएं राजनीति में आगे आएं, बल्कि वे केवल अपने परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि महिला आरक्षण लागू हो जाता तो गरीब, दलित, पिछड़ी, सवर्ण और मुस्लिम समाज की महिलाओं को भी बराबर का अवसर मिलता। यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा विषय है। विपक्ष ने इस बिल का विरोध करके देश की करोड़ों महिलाओं का अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं सब कुछ भूल सकती हैं, लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलतीं। 2027 और 2029 के चुनावों में विपक्ष को इसका जवाब देंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बेबी रानी मौर्य ने कहा कि इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना बेहद निंदनीय है और यह उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर कहा कि इस बार वहां बदलाव तय है।



संभल में पत्रकारों के सवालों का जवाब देतीं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य।

- संभल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंची थीं कैबिनेट मंत्री
- महिलाएं अपना अपमान नहीं भूलेंगी विपक्ष को 2027 में मिलेगा सबक

### महिला बिल गिराकर विपक्ष ने किया कौरवों जैसा कार्य : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**संभल, अमृत विचार** : संभल में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री आजम कुरैशी की बेटी की शादी समारोह में पहुंचे कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाभारत में एक महिला का अपमान हुआ था, लेकिन भारत की संसद में महिला बिल को गिराकर विपक्ष ने कौरवों जैसा कार्य किया है और करोड़ों महिलाओं का अपमान किया है। पत्रकारों से बातचीत में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि बंगाल की जनता परिवर्तन चाहती है और जिस जोश के साथ मतदान हो रहा है, उससे स्पष्ट है कि टीएमसी का सफाया तय है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहे जाने और बाद में माफी मांगने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा आतंकवादियों, माओवादियों और नक्सलियों का समर्थन राहुल गांधी करते हैं। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी भी मौजूद रहे।

---

## वैष्णवी ने हाईस्कूल में जिले में हासिल किया 11वां स्थान



टापर बच्चों को सम्मानित करते प्रबंधक।

**संभल, अमृत विचार** : संभल जनपद के विकासखंड पंवासा स्थित श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज की छात्रा वैष्णवी शर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में 540 अंक प्राप्त कर जनपद में 11वां स्थान प्राप्त करने के साथ ही कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय, अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। संचालक अवधेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य संजीव यादव, दिनेश कुमार यादव, सुभाष सिंह, तरस प्रताप, अर्जुन सिंह, ओम राघव आदि मौजूद रहे।

---

# रिक्रूट आरक्षियों का फाइनल रिहर्सल में दिखा जोश

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार** : जनपद संभल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी अब देश सेवा के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं। बहजोई स्थित ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टीट्यूट में आयोजित पासिंग आउट परेड के फाइनल रिहर्सल के दौरान युवाओं ने अनुशासन, समर्पण और जोश का शानदार प्रदर्शन किया।

रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को देश सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण की शपथ दिलाई गई। परेड में कदमताल करते हुए युवाओं का तालमेल और अनुशासन देखते ही बन रहा था, जो उनके कठिन प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने परेड की सलामी ली। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार, आरटीसी प्रभारी राधेश्याम शर्मा सहित अन्य अधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे।



बहजोई में पासिंग आउट परेड की फाइनल रिहर्सल करते रिक्रूट आरक्षी।

न्यूज ब्रीफ

### डीएल में गलत जन्मतिथि सुधारने की सुविधा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) में गलत दर्ज जन्मतिथि को आसानी से सुधारा जा सकेगा। परिवहन विभाग ने संशोधन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे आवेदकों को बड़ी राहत मिलेगी। विभाग के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के डीएल या आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत दर्ज है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन करा सकता है। इसके लिए आवेदक को तीन मान्य दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही जन्मतिथि में बदलाव किया जाएगा। यह सुविधा Sarathi Parivahan Portal पर उपलब्ध है, जहां आवेदक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### शिक्षामित्रों के मानदेय को 250 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को बड़ी राहत देते हुए प्रदेश सरकार ने उनका मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है। इसके लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे इसी माह से बढ़े हुए मानदेय का भुगतान शुरू हो जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जारी यह बजट बेसिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से सभी जिलों को आवंटित कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह राशि केवल शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान के लिए ही उपयोग की जाएगी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धनराशि का उपयोग निर्धारित मद में ही किया जाए। समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत भी मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी रहेगी।

### बलिया में पर्यटन विकास के आठ प्रोजेक्ट मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास को गति देने के लिए बलिया में 9 .08 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत आजमगढ़ मंडल में आने वाले बलिया जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए यह धनराशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत परियोजनाओं में रसड़ा क्षेत्र स्थित लखनेश्वर मंदिर (50 लाख), बांसडीह का काली मंदिर (60 लाख), सिकंदरपुर का शिव मंदिर (50 लाख) और बेल्थरा क्षेत्र के राम जानकी मंदिर (64 लाख) शामिल हैं। इसके अलावा बलिया नगर स्थित महर्षि भृगु आश्रम के लिए 437 लाख, फेफना क्षेत्र के बाबा मुक्तिनाथ धाम के लिए 101 लाख, बैरिया के खपड़िया बाबा आश्रम के लिए 51 लाख तथा नगरा (जमुआंव) के प्राचीन शिव मंदिर के लिए 55 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### सपा प्रमुख से उलेमाओं ने की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिमी उप्र. के प्रमुख उलेमाओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। उलेमाओं का कहना था कि 2027 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। देश को आज उनकी बहुत जरूरत है। सभी ने एकस्वर में कहा कि प्रदेश बचाना है, अखिलेश को लाना है। सय्यदना खालिद बिन वालीड ट्रस्ट देवबंद के निदेशक कारी मो. सलीम कासमी ने शेखुल हिंद मेडिकल कॉलेज सहारनपुर में चिकित्सा सुविधाओं का मसला उठाया। सपा प्रमुख ने आश्वासन दिया कि सपा सरकार बनने पर शेखुल हिंद मेडिकल कॉलेज में उच्चस्तरीय इलाज की व्यवस्थाएं की जाएगी।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत विद्यार्थी रहे सफल

## कक्षा-10 में सृष्टि और कक्षा-12 में रजनीश यादव ने हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। पारदर्शी और नकलविहीन व्यवस्था के बीच आयोजित परीक्षा में इस बार 95 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी सफल रहे हैं।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सरकार की पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का परिणाम बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 1091 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।

पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) में सृष्टि ने 94.43 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। वहीं उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) में रजनीश यादव ने 89.36 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया।



परिणाम के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव, माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिव लाल व अन्य। अमृत विचार

### तीनों स्तरों पर शानदार प्रदर्शन

पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) में 95.91 प्रतिशत, उत्तर मध्यमा प्रथम में 94.40 प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) में 94.86 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

### आंकड़ों में सुधार के संकेत

इस वर्ष परिणाम में भी सुधार दर्ज किया गया है। कक्षा-10 के उत्तीर्ण प्रतिशत में पिछले वर्ष की तुलना में 2.79 प्रतिशत और कक्षा-12 में 6.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# जेवर एयरपोर्ट पर सुलझा सीईओ विवाद, भारतीय को मिली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीतू समरा बनीं अंतरिम सीईओ नियम के अनुरूप बदलाव से सुरक्षा मंजूरी का रास्ता साफ

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानें शुरू होने में आ रही बड़ी बाधा अब दूर होती दिख रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने नेतृत्व ढांचे में बदलाव करते हुए भारतीय नागरिक नीतू समरा को अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। इससे सुरक्षा नियमों से जुड़ा विवाद सुलझने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

दरअसल, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के नियमों के अनुसार किसी भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, क्योंकि वही सुरक्षा समन्वयक की भूमिका निभाता है। इसी कारण एयरड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) की मंजूरी अटकी हुई थी और उड़ानों की शुरुआत में देरी हो रही थी।

एयरपोर्ट संचालन कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. ने अब इस बाधा को दूर करते हुए नीतू समरा को अंतरिम सीईओ बनाया है। वह इससे पहले मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत थीं और परियोजना के विकास में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। वहीं, पूर्व सीईओ स्विस नागरिक क्रिस्टोफ श्नेलमैन को कार्यकारी उपाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दी गई है, ताकि प्रबंधन में निरंतरता बनी रहे।

इस बदलाव के बाद एयरपोर्ट के लिए आवश्यक एएसपी सुरक्षा मंजूरी मिलने की संभावना बढ़ गई है। एएसपी के बिना किसी भी एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ान संचालन संभव नहीं होता था और सीईओ की विदेशी नागरिकता इस प्रक्रिया में प्रमुख बाधा बनी हुई थी।

# धर्मांतरण गिरोह को विदेशों से मिले थे अरबों रुपये

## छांगुर बाबा मामले में एटीएस और ईडी की चार्जशीट में खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के धर्मांतरण गिरोह के खिलाफ एटीएस कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने अरबों रुपये के विदेशी फंडिंग और धर्मांतरण के गिरोह संचालित करने वाले छांगुर बाबा की डिस्चार्ज अर्जी को हाल ही में खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद छांगुर व उसके साथियों के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

ईडी और एटीएस की संयुक्त टीम ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुरबाबा के खिलाफ 1400 पन्नों की विस्तार से चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी फंडिंग, जमीन खरीद और संगठित तरीके से धर्मांतरण कराने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। चार्जशीट में फंडिंग, संपत्ति खरीद, बैंक ट्रांजैक्शन और आरोपियों के बीच संबंधों का विस्तृत विवरण दिया गया है। चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि आरोपी एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे थे, जिनका उद्देश्य बड़े पैमाने पर धर्मांतरण गतिविधियों को अंजाम देना था। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस पूरे मामले में सबसे बड़ा खुलासा विदेशी फंडिंग को लेकर हुआ है। ईडी की जांच में सामने आया है कि वर्ष 2015 से 2024 के बीच 100 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन हुआ। यह रकम सऊदी अरब और दुबई समेत खाड़ी देशों से भारत लाई गई। एजेंसियों ने मनी ट्रेल को खंगालते हुए पाया कि यह पैसा अलग-अलग खातों और माध्यमों से ट्रांसफर किया गया, ताकि इसकी असल पहचान छिपी रहे।

### देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोप

**अमृत विचार :** ईडी ने अपनी जांच में एटीएस द्वारा जुटाए गए तथ्यों को आधार बनाया और दोनों एजेंसियों के बीच समन्वय से पूरे गिरोह के नेटवर्क का खुलासा किया। अधिकारियों का दावा है कि इस फंडिंग का उपयोग धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा देने, लोगों को प्रलोभन देने और नेटवर्क को मजबूत करने में किया गया। जांच में सामने आया है कि सह आरोपी बनाए गए नवीन और उसकी पत्नी नीतू ने इस फंड का इस्तेमाल कई जिलों में जमीन खरीदने के लिए किया। बलरामपुर के तरबगंज क्षेत्र समेत अन्य स्थानों पर खरीदी गई इन संपत्तियों का प्रयोग धर्मांतरण गतिविधियों के संचालन के लिए किया जाता था। लोगों को आर्थिक व सामाजिक प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जाता था। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि कई संपत्तियां पत्नी के नाम से खरीदी गई। पूरे खरीद-फरोख्त में छांगुर बाबा को एक गवाह व संरक्षक के रूप में दिखाया गया है। मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों पर देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोप हैं। इस मामले में सीरिया लिंक और स्विस बैंक खातों की जांच अभी बाकी है।

# जातिवाद के नाम पर देश लूटने वालों से रहें सावधान

## मुख्यमंत्री ने की 'रश्मिरथी पर्व' की शुरुआत, दिनकर की कृतियों को बताया राष्ट्र चेतना की मशाल



'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व महापौर सुषमा खर्कवाल।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने और विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा। उन्होंने ऐसे लोगों को राष्ट्रद्रोही बताते हुए जनता से सतर्क रहने का आह्वान किया।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' के शुभारंभ और 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि "ऊंच-नीच का भेद न जाने, वही श्रेष्ठ ज्ञानी है" जैसी पंक्तियां आज भी समाज को दिशा देती हैं। कालजयी कृति 'रश्मिरथी' को उन्होंने राष्ट्र निर्माण की प्रेरक धरोहर बताया। "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" जैसी पंक्तियों को उन्होंने लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'रश्मिरथी' के नाट्य मंचन की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और संस्कृति विभाग को ऐसी प्रेरक प्रस्तुतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### तीन दिन चलेगा साहित्य-संस्कृति का संगम

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजन में 'रश्मिरथी' पर आधारित नाट्य मंचन के साथ ही स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य तिलक और अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विशेष प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कड़ी सुरक्षा में होमगार्ड लिखित परीक्षा आज से

## सीसीटीवी, ई-केवाईसी और डबल लॉक सिस्टम से नकल पर रहेगा कड़ा पहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 41,424 पदों के लिए 25 लाख से अधिक अभ्यर्थी, 1053 केंद्रों पर तीन दिन परीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होमगार्ड एनरॉलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा शुक्रवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो रही है। 25, 26 और 27 अप्रैल को प्रदेश के 1053 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 25.32 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जबकि कुल 41,424 पदों के लिए भर्ती की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर के अनुसार परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। हर जिले में अपर पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। वहीं, प्रत्येक 240 अभ्यर्थियों पर एक निरीक्षक या उपनिरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग अलग परिसर में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जाएगी। सभी केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी रहेगी। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जबकि यूपी-112 की गाड़ियां और एम्बुलेंस अलर्ट मोड में रहेंगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी अफवाह पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

**डबल लॉक में सुरक्षित प्रश्नपत्र :** प्रश्नपत्रों को कोषागार में 'डबल लॉक सिस्टम' के तहत रखा गया है, जिसकी चाबियां अलग-अलग अधिकारियों के पास होंगी। स्ट्रॉन्ग रूम में बिजली, इंटरनेट और अग्निशमन की समुचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षित परिवहन के लिए रूट मैप तैयार कर पूर्वाभ्यास भी कराया गया है।

**ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक अनिवार्य :** अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। साथ ही केंद्रों पर आइरिस बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है, जिससे फर्जी अभ्यर्थियों और प्रतिरूपण (इंपर्सनेशन) पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## 986 महिला आरक्षियों की दीक्षांत परेड कल, मुख्यमंत्री लेंगे सलामी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजधानी में आयोजित 986 महिला आरक्षियों की दीक्षांत परेड में सलामी लेंगे। यह परेड रिजर्व पुलिस लाइंस, महानगर में आयोजित होगी, जिसमें पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त महिला रिक्रूट आरक्षी हिस्सा लेंगी।

आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2025 के तहत चयनित इन महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक पुलिसिंग, साइबर क्राइम, फॉरेंसिक साइंस और कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम सुबह करीब 8 बजे शुरू होगा और प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस लाइंस, पीएसी वाहिनियों और प्रशिक्षण संस्थानों में इसका लाइव प्रसारण किया जाएगा। 2017 से पहले यूपी पुलिस में महिलाओं की संख्या करीब 10 हजार थी, जो अब बढ़कर 44-45 हजार के आसपास पहुंच गई है। वर्तमान में पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य कर दी गई है।

महिला आरक्षियों को फिजिकल ट्रेनिंग के साथ सोशल पुलिसिंग, साइबर क्राइम, सीसीटीएनएस, हथियार संचालन, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण और संचार प्रणाली जैसे विषयों में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

# वक्फ संपत्तियों पर कब्जों के खिलाफ कोर्ट जाएगा बोर्ड: जैदी

## अनियमितताओं की खबरों पर चेयरमैन ने दी सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की तैयारी
- वक्फ संपत्तियों से कब्जे हटवाए मन्दिर व धर्मशालाओं को किया गया मुक्त

**अमृत विचार :** उप्र. शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि प्रदेश की बहुत सी वक्फ संपत्तियों पर भू-माफियाओं की नजर है। बोर्ड जल्दी ही उनके कब्जों के खिलाफ कोर्ट में पिटीशन फाइल करेगा। पिछले कुछ दिनों से बोर्ड अध्यक्ष द्वारा वक्फ संपत्तियों से अनियमितताओं को लेकर चल रही खबरों के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने ऐसी खबरें चलवाईं, वही जिम्मेदार हैं और उन्हें मेरा पक्ष भी पूछना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि मैं जब बोर्ड का अध्यक्ष बना तो कर्मचारियों का 37 महीने का वेतन बकाया था। मैंने बोर्ड की आमदनी बढ़ाकर बोर्ड के रिटायर हो चुके कर्मचारियों और काम कर रहे कर्मचारियों का लगभग 50 लाख रुपये का भुगतान कराया। मेरे कार्यकाल का 4 महीने का वेतन अभी भी बकाया है।



शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी

अली जैदी ने बताया कि वक्फ दरोगा मीर वाजिद अली की वजीरगंज, डालीगंज और सआदतगंज स्थित सम्पत्ति गैर मुस्लिम के नाम दर्ज थी, जिसे कब्जे से मुक्त कराया। इसी तरह से कुछ मन्दिर और धर्मशालाओं को वक्फ सम्पत्ति में दर्ज किया गया था, उसे वक्फ रिकार्ड से हटवाया और मन्दिरों व धर्मशालाओं को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने लखीमपुर में इमामबाड़े को अतिक्रमण मुक्त कराकर वहां बाउंड्री कराई। बुलंदशहर में इमामबाड़े से अतिक्रमण हटवाया।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि जब उन्हें अध्यक्ष बनाया गया तब बोर्ड में सालाना एक लाख रुपये की आय वाले 38 वक्फ थे, मौजूदा समय में एक लाख आय वाले 81 वक्फ हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में कुल 7785 अवकाफ रजिस्टर्ड है, जिसको नये वक्फ अधिनियम- 1995 (यथासंशोधित- 2025) के अन्तर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए उम्मीद पोर्टल पर 21 अप्रैल 2026 तक लगभग 7647 अवकाफ मुतवल्ली/मेकर्स द्वारा अपलोड किये जा चुके हैं, जिसके सापेक्ष 3595 अवकाफ के सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 2167 अवकाफ बोर्ड द्वारा अप्रूव्ड किये जा चुके हैं।

# प्रयागराज में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग के तहत चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों को प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

रेलवे के अनुसार 29 अप्रैल को 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग से चलेगी। वहीं 30 अप्रैल को 11072 बलिया-एलटीटी एक्सप्रेस जंघई-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-झांसी होते हुए बीना के रास्ते संचालित की जाएगी। इसके अलावा अहमदाबाद-दरभंगा, दरभंगा-अहमदाबाद, गोरखपुर-एलटीटी, रक्सौल-एलटीटी और पुणे-दरभंगा समेत कई ट्रेनों को भी परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

कार्य अवधि के दौरान कुछ ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाने का निर्णय लिया गया है। पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस लगभग 90 मिनट देरी से चलेगी, जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस को दोनों जोनों में 120-120 मिनट नियंत्रित किया जाएगा।

सुधार | राष्ट्रीय मंच पर एसीएस पार्थ सारथी सेन शर्मा ने रखा यूपी का पक्ष

# कॉन्क्लेव में छाया रहा शिक्षा का 'योगी मॉडल'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएनएल, एआई व एडटेक के साथ मूल्यांकन सुधार पर व्यापक चर्चा

**अमृत विचार:** देश में शिक्षा सुधार को लेकर दिल्ली में आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव 2026 में उत्तर प्रदेश का 'योगी मॉडल' छाया रहा। सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय मंच पर अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश में हुए शिक्षा सुधारों को विस्तार से प्रस्तुत किया।

कॉन्क्लेव में विभिन्न राज्यों के नीति-निर्माताओं, शिक्षा विशेषज्ञों और प्रशासकों ने उत्तर प्रदेश के मॉडल पर विमर्श किया। खासतौर पर आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएनएल), प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एडटेक के उपयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। एसीएस सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा सुधार को स्पष्ट लक्ष्य, सतत मूल्यांकन और शिक्षक-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर आगे बढ़ाया गया है। 'लक्ष्य आधारित शिक्षण' और निरंतर आकलन प्रणाली से शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार देखने को मिला है। एडटेक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से प्रशासन और शिक्षकों के बीच रियल-टाइम कनेक्टिविटी स्थापित हुई है, जिससे त्वरित निर्णय और बेहतर क्रियान्वयन संभव हो पाया है। प्रदेश का यह मॉडल शिक्षा के क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है, जहां नीतियों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारकर ठोस परिणाम हासिल किए जा रहे हैं।

### शिक्षक बने बदलाव की धुरी

प्रदेश में शिक्षकों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) जैसे मेंटर कैडर, संकुल बैठकों और नियमित संवाद से शिक्षण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया गया है।

### मूल्यांकन में सुधारात्मक दृष्टिकोण

मूल्यांकन प्रणाली को दंड या पुरस्कार के बजाय सीखने की कमियों की पहचान और सुधार के उपकरण के रूप में विकसित किया गया है। इससे छात्रों के वास्तविक अधिगम परिणामों पर फोकस बढ़ा है।

# निगेटिव बैलेंस पर भी 30 दिन की मोहलत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को कनेक्शन कटने से पहले पांच एसएमएस अलर्ट अनिवार्य

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन काटने से पहले पांच अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएं, ताकि उन्हें भुगतान का पर्याप्त समय मिल सके।

नई व्यवस्था के तहत एक किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शनधारकों का बिजली कनेक्शन नेगेटिव बैलेंस होने पर भी 30 दिन तक नहीं काटा जाएगा। वहीं, दो किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी राहत देते हुए 200 रुपये तक के माइनस बैलेंस पर कनेक्शन न काटने का फैसला लिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को आर्थिक दबाव से राहत देने और गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और अचानक बिजली कटौती की समस्या में कमी आएगी।



मनुष्य का कर्तव्य है, प्रयास करना और मेहनत करना। सफलता संयोग और परिस्थितियों पर निर्भर करती है।

-शहीद आजम भगत सिंह



## अशोभनीय टिप्पणी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत 'नरक का द्वार' है, जैसी टिप्पणी कूटनीतिक मर्यादाओं के विपरीत है, इस तरह की भाषा उस परिपक्व वैश्विक नेतृत्व की अपेक्षाओं पर प्रश्न चिह्न लगाती है, जिसकी जिम्मेदारी किसी भी महाशक्ति के नेता पर होती है। ट्रंप ने बात पलटते हुए भारत को महान बताया, यह बात अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कही और यह नहीं बताया कि ट्रंप ने कब और कहां कहा, इसकी प्रमाणिकता संदिग्ध है।

विदेश मंत्रालय द्वारा ट्रंप के बयान को 'अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और खराब सोच वाला' बताया जाना एक संतुलित और संस्थागत प्रतिक्रिया है, किंतु देश के बारे में ऐसी ओछी टिप्पणी के विरोध में उच्च राजनीतिक स्तर से प्रत्यक्ष टिप्पणी का अभाव भी अपने आप में अलग संकेत देता है। भारत की यह चुप्पी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी परिपक्व कूटनीति का हिस्सा मानी जानी चाहिए। भारत और अमेरिका के संबंध दशकों से साझा हितों, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक संतुलन पर आधारित रहे हैं। ऐसे में किसी एक व्यक्ति के विवादास्पद बयान को द्विपक्षीय रिश्तों के व्यापक ढांचे पर हावी होने देना व्यावहारिक नहीं होगा, इसीलिए भारत अक्सर 'व्यक्ति नहीं, नीति' के स्तर पर प्रतिक्रिया देता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप का यह पहला विवादास्पद बयान नहीं है। उन्होंने पहले भी भारत के व्यापार, कश्मीर और आंतरिक राजनीति पर असामान्य टिप्पणियां की हैं, जिनमें कई बार बाद में यू-टर्न भी लिया गया। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा है, जहां तीखे बयान देकर घरेलू राजनीति में चर्चा बटोरी जाती है और फिर परिस्थितियों के अनुसार नरमी दिखाई जाती है। ट्रंप ने भारत जैसी ही टिप्पणी चीन के बारे में भी की, वहां की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत अधिक तीखी और प्रत्यक्ष रही। यह दोनों देशों की कूटनीतिक शैली का अंतर दर्शाता है, जहां चीन सार्वजनिक आक्रामकता दिखाता है, वहीं भारत संयमित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाता है। ट्रंप के बयान अक्सर अगंभीर और विरोधाभासी होते हैं। एक ओर वे भारत के प्रधानमंत्री को 'अच्छा मित्र' बताते हैं, तो दूसरी ओर उनका राजनीतिक करियर 'तबाह करने' जैसी बातें करते हैं। यह असंगति उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक रणनीति दोनों को उजागर करती है। कई अमेरिकी विश्लेषक इसे 'पॉपुलिस्ट पॉलिटिक्स' का हिस्सा मानते हैं, जहां उत्तेजक बयान देकर जनभावनाओं को भुनाया जाता है, खासकर तब जब घरेलू मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ रही हों।

भारत को चाहिए कि वह ऐसी परिस्थितियों में अपनी गरिमा बनाए रखते हुए अमेरिका और ट्रंप को स्पष्ट संदेश भी दे। सरकार आवश्यक होने पर अधिक मुखर और दृढ़ रुख अपनाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता भारत के प्रति इस तरह की टिप्पणी करने से पहले दो बार सोचे। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि द्विपक्षीय संबंध किसी व्यक्ति विशेष की बयानबाज़ी के बजाय संस्थागत मजबूती पर टिके रहें। कुल मिलाकर ट्रंप का बयान भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करता। यह एक क्षणिक राजनीतिक अभिव्यक्ति है, न कि स्थायी कूटनीतिक दृष्टिकोण।

### प्रसंगवश

## सुकून की तलाश में रिवायत की ओर लौटता जीवन

मानव सभ्यता ने पिछले कुछ दशकों में जितनी तीव्र गति से प्रगति की है, उतनी शायद इतिहास के किसी अन्य कालखंड में नहीं हुई। आज मनुष्य सुविधा-संपन्न जीवन जी रहा है। आज पक्के मकान हैं, बिजली, पानी, वातानुकूलन, आधुनिक फर्नीचर, यातायात के लिए ट्रेन, बस, कार, स्कूटर, मोटरसाइकिल और विमान जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि संचार क्रांति ने आज पूरी दुनिया को एक छोटे से गांव में बदल दिया है।

इंटरनेट, मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी तकनीकों ने जीवन को तेज, आसान और बहुत ज्यादा सुविधाजनक बना दिया है। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि इन सब उपलब्धियों के बीच मनुष्य के जीवन से शांति, संतोष और आत्मीयता कम होती चली गई है। सच तो यह है कि आज का मनुष्य जितना साधनों, मशीनों से समृद्ध हुआ है, उतना ही मानसिक रूप से वह व्यस्त, तनावग्रस्त और अकेला भी हुआ है। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि इन सबने मानव का चैन-सुकून छीन लिया है।



सुनील कुमार महला

लेखक

पहले के समय में मनुष्य का जीवन प्रकृति के अधिक निकट था। लोग पैदल चलते थे, खेत-खलिहानों से जुड़े रहते थे, दिन-भर अथाह परिश्रम करते थे और शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ रहते थे। गांवों में बच्चे कई-कई कोस पैदल चलकर स्कूल जाते थे। बाजार जाना हो, खेत जाना हो या किसी रिश्तेदार से मिलने जाना हो, पैदल चलना सामान्य बात थी। इस कारण मनुष्य का शरीर सक्रिय रहता था, बीमारियां कम होती थीं और जीवन में अनुशासन भी बना रहता था।

आशा की किरण यह है कि अब समाज धीरे-धीरे अपनी जड़ों की ओर लौटने लगा है। लोगों को समझ में आने लगा है कि केवल आधुनिक साधन जीवन का समाधान नहीं हैं, इसलिए मिलेट्स यानी मोटे अनाजों की ओर फिर से ध्यान बढ़ा है। बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा जैसे अनाज फिर से थालियों में लौट रहे हैं। दादी-नानी के घरेलू नुस्खों को महत्व दिया जा रहा है। आयुर्वेद, योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि बढ़ रही है।

सुबह-शाम टहलने, योग करने, व्यायाम करने और पार्कों में समय बिताने की प्रवृत्ति पुनः बढ़ी है। लोग जैविक खेती (आर्गेनिक खेती) की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खेती के साथ आज पुनः पशुपालन को महत्व दिया जा रहा है। घरों में फिर से तुलसी, नीम, एलोवेरा, फूल-पौधे लगाए जा रहे हैं। पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए जा रहे हैं। मिट्टी के घड़े और पारंपरिक रसोई के साधनों का प्रयोग पुनः आरंभ हो रहा है।

भोजन में भी लोग पारंपरिक व्यंजनों की ओर लौट रहे हैं। दाल-बाटी-चूरमा, खीर, खिचड़ी, सत्तू, राबड़ी, दलिया, लस्सी, छाछ और घर के बने पकवानों का महत्व पुनः बढ़ा है। लोग समझ रहे हैं कि स्वाद और स्वास्थ्य का वास्तविक मेल घर के भोजन में ही है। वास्तव में मनुष्य को जीवन में केवल धन-पैसा नहीं चाहिए। धन आवश्यक है, पर पर्याप्त नहीं। यदि घर में शांति न हो, मन में संतोष न हो, संबंधों में प्रेम न हो और समाज में मानवीयता न हो, तो वैभव भी अधूरा है। आदमी को सुकून चाहिए, अपनापन चाहिए, चैन की नींद चाहिए, स्वस्थ शरीर चाहिए और ऐसा समाज चाहिए जहां संवेदना जीवित हो।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## बंगाल में ऐतिहासिक मतदान, तमिलनाडु भी पीछे नहीं






प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने कमाल कर दिया। उन्होंने आजादी के बाद अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग की है। बंगाल में 92.72 फीसदी वोट पड़े हैं, तो तमिलनाडु में 85.14 प्रतिशत।

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुए बढ़-चढ़कर मतदान ने इतिहास रच दिया। इसे 'वोट क्रांति' कह सकते है। बंगाल में पहले चरण में 294 सीटों में से 152 सीटों पर मतदान हुआ। पहले चरण में 92.72 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.14 प्रतिशत मतदान ने पिछले सब रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29 प्रतिशत था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। आजादी के बाद हुए निर्वाचन के इतिहास में किसी भी राज्य एवं केंद्र शासित राज्य में इतना मतदान पहले कभी नहीं हुआ। इससे पहले रिकॉर्ड पुडुचेरी में नौ अप्रैल 2026 को हुए विधानसभा चुनाव का मतदान 89.87 प्रतिशत रहा है। परिणाम जो भी आएं, इस मतदान से परिपक्व संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र की मजबूती दिखाई देती है।

दूसरे राज्यों में रह रहे मतदाता बड़ी संख्या में वापस लौटे और मतदान किया। खासकर मालदा, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर पहुंचने वाले मतदाताओं की संख्या अधिक रही। मुस्लिम मतदाताओं ने भी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत और केरल से आकर बड़ी संख्या में वोट डाले। एसआईआर की प्रक्रिया के चलते मतदाताओं में यह धारणा बनी कि मतदान नहीं करने पर मतदाता सूची से नाम कट सकता है। इस कारण नागरिकता भी गंवानी पड़ सकती है। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को बार-बार उछाला।

तृणमूल यहां मोदी और शाह के आक्रामक चुनाव प्रचार के आगे अस्तित्व बचाए रखने के लिए जूझ रही है। कांग्रेस और वाममोर्चा का प्रयास रहा है कि अपने-अपने पारंपरिक और छिटक चुके मतदाताओं तक पहुंच बनाकर वोट डलवा लें। गोया, इस बार सभी राजनीतिक दल पूरे समय अधिकतम मतदान के लिए सक्रिय रहे। इसी का नतीजा रहा कि रिकॉर्ड मतदान ईवीएम में कैद हो गया। यह मतदान उस गहरी राजनीतिक हलचल और विभाजित सामाजिक चेतना के संकेत हैं, जो इस बार के चुनाव को असाधारण बना रही हैं। यह रिकॉर्ड इसलिए भी बना, क्योंकि एसआईआर के चलते 91 लाख वोट हटाए गए हैं। ग्रामीण महिलाएं समूहों के रूप में मतदान के लिए आईं।

इसी तरह तमिलनाडु में भी पहली बार मतदाताओं ने बढ़े तापमान के बीच भारी मतदान किया। यहां सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ है। तमिलनाडु के 5.73 करोड़ मतदाताओं ने 85.14 प्रतिशत मतदान करके इतिहास रच दिया है। इसके पहले सर्वाधिक 78.12 प्रतिशत मतदान 2011 में हुआ था। तब एआईए-डीएमके की मुखिया रहीं जयललिता ने डीएमके को करारी शिकस्त देकर सत्ता के गलियारे से बाहर कर दिया था। यहां एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 74 लाख मतदाता बाहर हुए हैं। अतिम शाह बंगाल में इस बढ़े मतदान को टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाने का आधार बता रहे हैं, हालांकि यहां अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच कड़ा मुकाबला है। बहरहाल, ऊंट किस करवट बैठता है, यह तो परिणाम के बाद ही पता चलेगा।

बड़े मत-प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी, क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है, तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता, लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है।


कालांतर में यह स्थिति मतदाता को धन व शराब के लालच से भी मुक्त कर देगी, क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होता है? बावजूद इन चुनावों में जातीय और अल्पसंख्यक राजनीति सभी दलों की कार्यशैली में खुले रूप में दिखाई दी है। साफ है, जातीय कुचक्र का धरातल नीचे से नहीं, बल्कि ऊपर से बनाए रखने के उपाय किए जा रहे हैं।

बढ़ा हुआ यह मतदान विशुद्ध रूप से मतदाता की मनस्थिति से उपजा प्रतिशत है। कई मुद्दों पर वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहुति देकर ही लौटा। ज्यादातर चुनावों में कुलीन मतदाता इसलिए मतदान नहीं करते हैं, क्योंकि एक तो वे मौसम की मार झेलने में स्वयं को समर्थ नहीं पाते, दूसरे वे अपनी बड़ी हैसियत का ख्याल रखते हुए लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान से बचते हैं, लेकिन बंगाल और तमिलनाडु में हुए मतदान से पता चलता है कि इस बार कुलीन मतदाताओं ने भी चुनावी यज्ञ में मतदान की आहुतियां दी हैं। अन्यथा मतदान का प्रतिशत इतना ऊंचा नहीं पहुंचता।

यह स्थिति मतदाता में बढ़ती राजनीतिक चेतना का प्रतीक भी है। वैसे भी लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की अधिकतम भागीदारी में निहित है। बावजूद भारतीय लोकतंत्र की विशेषता है कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक और चुनावी सर्वे एजेंसियां परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाकर परिणामों के शत-प्रतिशत सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



यहां (अमेरिका में) पैदा होने वाला बच्चा तुरंत नागरिक बन जाता है, फिर वो चीन, भारत या धरती के किसी दूसरे नर्क से अपने पूरे परिवार को यहां ले आते हैं। ऐसे उदाहरण अब आम हो गए हैं और इसके कारण अमेरिका में भाषा और पहचान बदल रही है।

-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

ट्रंप की टिप्पणियां अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और भद्दी हैं। ये बयान भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों का सही चित्रण नहीं करते। ट्रंप का बयान न केवल भारतीयों के लिए अपमानजनक है, बल्कि यह अमेरिका के साथ भारत के संबंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

-रणधीर जायसवाल
प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, भारत



## तपती धरती का असर अनौपचारिक श्रमबल पर



प्रो. आरके जैन

शिक्षाविद

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है, जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है।

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिज़ाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है, जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया मंस तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन मजबूत होगा। यह कदम औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है।

गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है।

इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बन रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं, असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा, यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं, जहां पहले उनका नामोनिशान नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाला है। पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं।

समाधान के स्तर पर अब आधे-अधूरे उपायों से आगे बढ़कर ठोस और व्यापक कार्रवाई की जरूरत है। अनौपचारिक मजदूरों के लिए हीट-सेफ्टी कानून लागू करना, हर कार्यस्थल पर छाया और स्वच्छ पानी की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा काम के घंटों को तापमान के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से पुनर्निर्धारित करना बेहद जरूरी है। शहरी इलाकों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, सुलभ कूलिंग सेंटर विकसित करना और जलवायु-लचीला स्वास्थ्य ढांचा तैयार करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## परिवार में बुजुर्ग पुरुष

हर वृद्ध पुरुष को इसे पढ़कर चिंतन अवश्य करना चाहिए। पुरुष बूढ़ा होता है, जबकि स्त्री परिपक्व होती है। जैसे ही पुरुष अपने बच्चों की शादी कर देता है और परिवार की आर्थिक नींव मजबूत कर देता है, परिवार में उसका वरिष्ठ और सम्मानित स्थान धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। इसके बाद उसे बोझ समझा जाने लगता है। चिड़चिड़ा, गुस्सैल और अनिश्चित स्वभाव वाला बूढ़ा व्यक्ति। जिन कठोर निर्णयों से उसने कभी पत्नी और बच्चों के लिए व्यवस्था बनाई थी, आज उन्हीं निर्णयों की चीर-फाड़ होकर आलोचना होती है। एक न एक कारण से उसे दोषी ठहरा दिया जाता है और यदि वास्तव में उससे कोई गलती हुई हो तो भगवान ही रक्षा करे। वृद्ध स्त्री को इसके विपरीत, बच्चों और बहुओं से सहानुभूति मिलती है, क्योंकि उसके माध्यम से अभी भी कई काम करवाने होते हैं। सही समय आने पर वह समझदारी से पति के पक्ष से बच्चों के पक्ष में चली जाती है। जब पति उम्र में बड़ा हो, तो पत्नी बहू के साथ तालमेल बना लेती है, ताकि बेटा उससे दूर न हो और उसकी देखभाल करता रहे।



भूमिका पांडेय

राइटर

पुरुष ने जीवन में चाहे कितनी ही महान उपलब्धियां हासिल की हों, बुढ़ापे में वे किसी काम नहीं आतीं, जबकि वृद्ध स्त्री अपने पुराने पुण्यों का ब्याज जीवन भर पाती रहती है। जिन लोगों के पास पैतृक संपत्ति या खेती होती है (जिसकी बच्चों को अब भी इच्छा रहती है) उनकी स्थिति थोड़ी बेहतर होती है, लेकिन जिन्होंने भविष्य के झगड़ों से बचने के लिए समय से पहले संपत्ति बांट दी वे अक्सर उपरोक्त ही दुःखद स्थिति का सामना करते हैं, इसलिए संपत्ति समय से पहले न बांटना ही बेहतर है। किसी भी अस्पताल में चले जाएं, रिश्तेदारों की आंख देखकर ही पता चल जाता है कि भर्ती वृद्ध पुरुष है या वृद्ध स्त्री। यदि वृद्ध पुरुष हो, तो उसकी बेटी को छोड़कर शायद ही किसी की आंख नम होती है। जैसे ही पुरुष वृद्ध होता है, उसे सीख लेना चाहिए कि दूसरों से किसी भी प्रकार की अपेक्षा न रखे। याद रखें, मनुष्य जीवन भर विद्यार्थी है। समझ लें कि इस संसार में कोई किसी का नहीं है। विरक्ति, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ जीना सीखें।

आपने दूसरों के लिए क्या-क्या किया, यह सोचना भी छोड़ दें और इस बारे में बात करना भी बंद कर दें। प्राचीन शास्त्रों में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता कि किसी स्त्री ने वानप्रस्थ या संन्यास ग्रहण किया हो। ये आश्रम केवल पुरुषों के लिए निर्धारित थे। इनके महत्व को समझें, तब ज्ञात होगा कि हमारे पूर्वज कितने दूरदर्शी थे।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## यूपीः स्टार्टअप के क्षेत्र में महिलाओं का बढ़ता प्रभाव

उत्तर प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि और उद्योग तक सीमित राज्य नहीं रहा, बल्कि तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इस बदलाव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। आज महिलाएं न केवल स्टार्टअप शुरू कर रही हैं, बल्कि उन्हें सफलतापूर्वक चला भी रही हैं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक ढांचे दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण अब केवल सामाजिक बदलाव का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक मजबूत इंजन बन चुका है। महिलाओं की उद्यमिता को जो प्रोत्साहन मिला है, उसने राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा दी है। आज महिलाएं न केवल नौकरी तलाशने वाली हैं, बल्कि रोजगार देने वाली भी बन रही हैं।



धनीश शर्मा

लेखक

जहां पहले उत्तर प्रदेश में महिलाओं की स्थिति काफ़ी दयनीय हुआ करती थी, वहीं अब प्रदेश की महिलाएं पुरुषों की भांति कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए मजबूती के साथ बढ़ रही हैं। एक वक्त वह था जब महिलाएं केवल घर तक ही सीमित थीं, लेकिन समय के बदलाव के साथ समाज में उनकी सोच और भूमिका दोनों में बड़ा परिवर्तन आया है।

किसी भी प्रदेश की महिलाएं तभी तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ सकती हैं, जब वहां उन्हें अवसरों के साथ-साथ सुरक्षा और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिले। यह कोई अनायास नहीं है कि जहां वर्ष 2017 में केवल 174 महिला-निदेशक स्टार्टअप्स थे, वही संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 2525 हो गई है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के आंकड़े इस बदलाव की स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं। यह वृद्धि सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे सरकार की दूरदर्शी नीतियां, बेहतर निवेश माहौल और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता है।

राज्य सरकार ने महिला उद्यमियों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें आसान ऋण, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और मार्केट तक पहुंच जैसी सुविधाएं शामिल हैं। स्टार्टअप इंडिया जैसी पहल ने भी महिलाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मंच दिया है। इसके साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना ने स्थानीय स्तर पर महिला कारीगरों और उद्यमियों को नई पहचान दिलाई है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक बदलाव भी तेजी से हो रहा है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उनके परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार देखने को मिलता है।

इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ई-कॉमर्स के विस्तार ने भी महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का अवसर दिया है। अब गांवों और छोटे शहरों की महिलाएं भी अपने व्यवसाय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जा रही हैं। यह बदलाव उत्तर प्रदेश को एक नए आर्थिक मॉडल की ओर ले जा रहा है, जहां विकास का केंद्र केवल बड़े शहर नहीं, बल्कि हर जिला और हर गांव है, हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। वित्तीय साक्षरता की कमी, सामाजिक बाधाएं और तकनीकी ज्ञान का अभाव कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लगातार काम करने की जरूरत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शनीय स्थल
# अमरकंटक

मध्य प्रदेश भारत के उत्तर और दक्षिण तथा पूर्व और पश्चिम का संधि-स्थल ही नहीं है, अपितु भौगोलिक दृष्टि से यहां पहाड़ पठार, घने वन, विस्तृत मैदान और नदी घाटियों का आकर्षक एवं समृद्ध प्रकृति का वरदान भी है। प्रकृति, कला और सौंदर्य की दृष्टि से यह पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। ऐसा संयोग कम ही स्थलों को मिलता है, जहां प्रकृति की सुंदर छटा भी बिखरी हो और साथ ही धार्मिकता का पुण्य-लाभ भी प्राप्त हो, कदाचित मध्य प्रदेश का अमरकंटक ऐसा ही अनुपम स्थान है।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

अमरकंटक में प्रकृति रोमांचित करती है। घने जंगल आनंदित करते हैं तथा अध्यात्म और धर्म इस नगरी को एक विशिष्ट पहचान दिलाते हैं। वास्तव में यह ऐसी जगह भी है, जो दो बड़ी नदियों नर्मदा और सोन का उद्गम स्थल भी है। पूर्व से पश्चिम की दिशा में बहने वाली देश की दो नदियों में एक नर्मदा का उद्गम एक छोटे कुंड से हुआ देखकर आश्चर्य होता है। पानी की झिर इस कुंड से होकर बड़े आयताकार कुंड में एकत्र होती है। इस जलसंरचना का निर्माण कल्चुरी काल में किया गया। इसी प्रकार सोनमूढ़ा नर्मदाकुंड से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर मैकल पहाड़ियों के किनारे पर है। सोन नदी 100 फीट ऊंची पहाड़ी से एक झरने के रूप में यहां से गिरती है। इनके उद्गम को देखेंगे, तो लगेगा ही नहीं कि छोटे-छोटे कुंडों से निकलकर काफी दूर तक बहुत पतली धारा में बहने वाली ये नदियां देश की संस्कृति और धार्मिकता एवं विकास को नए आयाम देती हैं।

## पहाड़ों पर बसावट

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के बीच स्थित अमरकंटक को तीर्थराज की संज्ञा भी दी गई है। यह समुद्र तट से लगभग 1065 मीटर ऊंचाई पर स्थित हिल स्टेशन की अनुभूति कराता है। कल्चुरी कालीन प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध अमरकंटक घने जंगल तथा औषधीय गुणों से भरपूर पौधों की संपदा के लिए प्रसिद्ध है। यहां खदानें भी हैं और जलप्रपात भी, जल के अदृश्य स्रोत भी और सुंदर आश्रम तथा मंदिर भी। यहां का शांत वातावरण पर्यटकों को सहज ही आत्ममुग्ध कर देता है। अमरकंटक की यात्रा आध्यात्मिक स्पर्श कराती है। यहां आते ही हवा में ताजगी और शुद्धता का आभास होने लगता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार माता सती के दो अंग इस क्षेत्र में गिरे थे, अतः यह क्षेत्र दो शक्तिपीठों का क्षेत्र होने के कारण अति पवित्र है। उन दो स्थानों में से एक सोनमूढ़ा सोन नदी के उद्गम स्थल के पास है और दूसरा मां नर्मदा के उद्गम के पास स्थित देवी पार्वती जी का मंदिर है। यहां से मनमोहक झरने, पवित्र तालाब, ऊंची पहाड़ियों और शांत वातावरण यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।



## यहां कैसे पहुंचें

अमरकंटक जबलपुर और बिलासपुर के निकट है। शहडोल से भी सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। अमरकंटक का निकटतम हवाई अड्डा जबलपुर में है। यहां से अमरकंटक की दूरी 245 किमी है। जबलपुर - बिलासपुर ट्रैक पर पेंड्रा रोड स्टेशन अमरकंटक के सबसे समीपस्थ रेलवे स्टेशन है। बिलासपुर, अनूपपुर और जबलपुर जंक्शन से भी अमरकंटक पहुंचा जा सकता है। शहडोल रेलवे-स्टेशन से अमरकंटक से 80 किमी तथा अनूपपुर रेलवे-स्टेशन से 72 किमी दूर है, जहां से लगातार बसें और टैक्सियां चलती रहती हैं।

## प्रमुख स्थल

- **भगवान शिव का त्रिमुखी मंदिर** – अमरकंटक के प्रमुख मंदिरों में भगवान शिव का त्रिमुखी मंदिर है। इसे कल्चुरी शासक कर्ण देव महाचंद्र ने 1041-1073 ई. में निर्माण कराया था। मंदिर में कल्चुरी कालीन शिल्पकारों की बनाई आकृतियां सम्मोहित करती हैं।
- **कपिलाधारा**– अमरकंटक की यात्रा कपिलाधारा देखे बिना अधूरी रहेगी। यहां 100 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है। धर्मग्रंथों में कहा गया है कि कपिल मुनि यहां रहते थे। कपिल मुनि ने सांख्य दर्शन की रचना इसी स्थान पर की थी। कपिलाधारा के निकट ही कपिलेश्वर मंदिर भी बना है। इस जगह के आसपास कई गुफाएं हैं, जहां अब भी साधु-संत ध्यानमग्न देखे जा सकते हैं।
- **कबीर चबूतरा** – कबीरपंथियों के लिए इस स्थान का बहुत महत्व है। कहा जाता है कि संत कबीरदास संवत 1569 में बांधवगढ़ से जगन्नाथपुरी प्रवास के समय यहां लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने यहां पर ध्यान लगाया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर कबीरदास के प्रवास के बीच गुरु नानक देव जी उनसे मिलने आए थे। कबीर चबूतरे के निकट ही रानी झरना (कबीर झरना) भी है। कबीर चबूतरे के ठीक नीचे एक जलकुंड है, जिसके बारे में कहा जाता है कि सुबह की किरणों के साथ ही यहां के जलकुंड का पानी दूध की तरह सफेद हो जाता है।
- **धूनी पानी** – यहां गर्म पानी का झरना है। इसके बारे में कहा जाता है कि यह झरना औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें स्नान करने से शरीर के असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं।
- **दुग्धधारा** – दुग्धधारा एक ऐसा झरना है, जिसका जल दूध के समान प्रतीत होता है, इसीलिए इसे दुग्धधारा के नाम से जाना जाता है।
- **सोनमूढ़ा**– यह सोन नदी का उद्गम स्थल है। यहां से घाटी और जंगल से ढकी पहाड़ियों के सुंदर दृश्य देखे जा सकते हैं।
- **मां की बगिया**– यह माता नर्मदा को समर्पित है। कहा जाता है कि इस हरी-भरी बगिया से शिव जी की पुत्री नर्मदा पुष्पों को चुनती थीं। यह बगिया नर्मदा कुंड से एक किलोमीटर की दूरी पर है।



## सर्वोदय जैन मंदिर

यह मंदिर भारत के अद्वितीय मंदिरों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इस मंदिर को बनाने में सीमेंट और लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है। मंदिर में स्थित मूर्ति का वजन 24 टन के लगभग है। भगवान आदिनाथ अष्ट धातु के कमल सिंहासन पर विराजमान हैं, कमल सिंहासन का वजन 17 टन है। प्रतिमा को मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज ने 6 नवंबर, 2006 को विधि-विधान से स्थापित किया था।

## 100 फीट ऊंचा जलप्रपात

पहले अमरकंटक शहडोल जिले में था। अब यह अनूपपुर जिले में है। यह मैकल पर्वत श्रृंखला पर स्थित है। पत्थरों की चारदीवारी के अंदर पत्थर से निर्मित नर्मदाकुंड मंदिर, शिव परिवार, कार्तिकेय मंदिर, श्री सूर्यनारायण मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ग्यारह रुद्र मंदिर, अन्नपूर्णा, गुरु गोरखनाथ, श्री रामजानकी, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री ज्वालेश्वर महादेव, सर्वोदय जैन मंदिर, कबीर चबूतरा, कपिलाधारा, माई की बगिया आदि स्थल सदियों पुरानी स्थापत्यकला को सहेजे हुए हैं, जहां धार्मिक पर्यटकों को आना उपकृत करता है। मंदिर परिसर के आसपास परिक्रमावासियों के समूह अमरकंटक को तपस्थली के रूप में प्रतिबिंबित करते हैं। नर्मदा विश्व की एक मात्र सरिता है, जिसकी परिक्रमा की जाती है। कुंड से आगे निकलकर नर्मदा कल-कल बहने लगती है। लगभग 6 किलोमीटर की यात्रा कर नर्मदा 100 फीट ऊंचा जलप्रपात बनाती है, जिसे कपिलाधारा के नाम से जाना जाता है। हरे-भरे वातावरण से घिरे इस झरने के आगे दूध धारा है, जो छोटा जलप्रपात है। यहां पर्यटक निडर होकर स्नान करते हैं। कालिदास भी यहां आए थे और वे यहां की सुंदरता में निमग्न हो गए। उनके मेघदूत के बादल इसी अमरकंटक नगरी के ऊपर से विचरण करते हैं। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने भी यहां आकर तप किया था।




## नर्मदा परिक्रमा

नर्मदा परिक्रमा विधि-विधान नियम से की जाए,तो 1300 किमी से भी अधिक लंबी परिक्रमा होती है, जो 3 वर्ष 3 महीने 13 दिन में पूर्ण होती है, किंतु आज के समय में मोटरसाइकिल या चौपहिया वाहन के द्वारा यात्रा को जल्दी पूरा कर लिया जाता है। नर्मदा परिक्रमा में नर्मदा नदी को पार नहीं किया जाता है। परिक्रमा में सभी स्थानों पर दर्शनीय स्थल देखने को मिलते हैं।

---

**बीती यादें**

# कहां खो गया इक्का!

पता नहीं इक्का कहां खो गया? पहले शहरों-कस्बों में आवागमन का यही मुख्य साधन हुआ करता था। बैलगाड़ी गांव-देहात में आवागमन और भार वाहन का साधन थी।





मोहनजोदड़ो, हड़प्पा की खुदाई में बैल की एक प्रतिमा मिली है। तांबे का एक इक्का मिला है। इससे प्रमाणित होता है कि इक्का भारत सहित एशिया के एक बड़े भूभाग में आवागमन का प्रमुख साधन था। अब करनाल की राखीगढ़ी की खुदाई में कुछ ऐसी ही चीजें मिल रही हैं। इक्का को एक घोड़ा या एक बैल खींचता था। एक धुरी पर दो पहिए लगे होते थे और ऊपर छाया के लिए एक छतरी। गाय दूध देती थी और उसके बछड़े खेत में हल चलाते थे। यही बैल गाड़ी भी खींचते थे। रथ, रब्बा, बहल,छकड़ा और सग्गड़ भी। प्राचीन काल में इक्का घोड़ा दौड़ और बैल और बैल गाड़ी की दौड़ प्रतियोगिता होती थी।



शिवचरण चौहान
लेखक

एक्का, तांगा, खड़खड़ा, टमटम, रथ, रब्बा, सग्गड़ और बैलगाड़ी यही आवागमन के प्रमुख साधन थे। जब तक डीजल और पेट्रोल की खोज नहीं हुई थी। बिजली और सौर ऊर्जा की खोज नहीं हुई थी। इन सबका बहुत महत्व था। गांव की बारात बैलगाड़ियों से जाती थीं। कतार में गाड़ियां कच्ची सड़कों पर चलती दिखाई देती थीं। गाड़ी वाले बैला धीरे हांक रे तथा जरा ललकार के बैला हांकों, मेरे सैंया गाड़ीवान जैसे गीत फिल्मों में लोकप्रिय होते थे।

फिल्म तीसरी कसम का गाड़ीवान बहुत लोकप्रिय हुआ था। टमटम चार पहियों की गाड़ी होती थी। जबकि इक्का दो पहियों की जिसमें सिर्फ एक सवारी बैठती थी। बग्घी भी चार पहियों की सवारी होती थी। पहले राजा महाराजा और बादशाह अमीर लोग बग्घी पर चला करते थे। बग्घी पर अभी भी बारातें निकलती हैं। डेकोरेटेड बग्घी कई शहरों में शादी-बारात के लिए बुक की जाती थी। अब सब बीती यादें हैं। चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी उसने कहा था में तांगे वाले का जिक्र आया है।

अब पेट्रोल-डीजल बैटरी और बिजली सौर ऊर्जा से चलने वाली कारें, बसें आ गई हैं, तो इक्के वालों को कौन पूछेगा? एक संस्कृति विलुप्त हो रही है। आवागमन के साधन इतिहास में पढ़ाए जाएंगे इक्का, तांगा, टमटम और बग्घी।

---

**जॉब का पहला दिन**

# एक नई सोच को स्थापित करने वाला पहला कदम

जीवन में कुछ पल ऐसे होते हैं, जो बिना किसी पूर्व सूचना के आ जाते हैं और आपने कभी सपने में भी नहीं सोचा होता है कि इसी राह पर आपका करियर बनेगा, पर नियति आपको उसी दिशा में मोड़ देती है, जिसके लिए आप बने हैं। बात उन दिनों की है जब मैं मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी कर नई दिल्ली में एक निजी कंपनी में अपना भविष्य टटोल रहा था। एक कंपनी में 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए मैं दिल्ली में ही था। संयोग देखिए – 11 सितंबर 2001, जिस दिन न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर दुनिया का सबसे भीषण आतंकी हमला हुआ, उसी दिन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट से एक संदेश मिला: "आपका चयन मास्टर इन टूरिज्म मैनेजमेंट के पहले बैच में अतिथि शिक्षक के रूप में हो गया है।" वही क्षण मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट बना, जब मैंने अकादमिक जगत में पहला कदम रखा। मन में हलचल थी, 25 साल की उम्र और सामने लगभग हमउम्र विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी, भीतर कहीं डर भी था, मगर पहली कक्षा के बाद संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकों, खासकर निदेशक महोदय और वरिष्ठ प्रोफेसर ने जब कहा, "धीरे-धीरे सब परिपक्व होते हैं," तो उन्हीं शब्दों ने मेरे भीतर नई ऊर्जा भर दी।

नौकरी का पहला दिन था। पिताजी ने सहज भाव से कहा, "यह तो प्रोफेसर बन गया।" अगले दो दिन रिश्तेदारों के फोन आते रहे- सब यही दोहराते, "आपका बेटा प्रोफेसर हो गया।" किसी को यह एहसास ही नहीं था कि प्रोफेसर एक बड़ा पद होता है, जबकि मैं तो केवल पार्ट-टाइम गेस्ट फैकल्टी, यानी लेक्चरर के रूप में जुड़ा था। मैं जब स्वयं विद्यार्थी था, तभी से डायरी लिखने का शौक था। जब पुराने पन्ने पलटे तो कहीं नहीं लिखा था कि मुझे शिक्षक बनना है। मैं तो देश-शहर सुधारने के सपने देखता हुआ सिविल या डिफेंस सर्विस में जाना चाहता था। किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बिना हिचक मैंने शिक्षण को अपनाया। पहले ही वर्ष संस्थान में पहचान बनने लगी और दो साल के भीतर मैं नियमित लेक्चरर के पद पर चुन लिया गया। जीवन अनिश्चितताओं और संघर्ष का ही दूसरा नाम है। मेरा जीवन भी उससे अलग नहीं था। इन्हीं संघर्षों ने मेरे व्यक्तित्व को तराशा, एक नई पहचान दी। वह दौर था जब कई युवा शिक्षक एक साथ आए थे, प्रतिस्पर्धा चरम पर थी। इन्हीं संघर्षों और मेरे शांत स्वभाव ने मुझे स्थायित्व दिया।



शुरुआत में लगता था कि सब पीछे खींचना चाहते हैं, पर वह केवल भ्रम था। पहले वर्ष से ही मैंने इसे स्वीकार कर अपने व्यक्तित्व को निखारना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे नए पड़ाव आते गए। अपने शुरुआती विचारों को साकार करने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के भीतर रचनात्मकता दिखाने का मौका मिला। विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल, काउंसलिंग सेल, होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग की स्थापना और राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे नए कॉन्सेप्ट स्थापित किए। एनएसएस ने समाज के प्रति मेरा दृष्टिकोण व्यापक किया। एक नई विचारधारा जन्मी-शैक्षिक दायित्व के साथ-साथ समाज के प्रति भी हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, इस सोच के साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ी। कुछ ही वर्षों में पर्यटन, सामाजिक विकास और जन-जागरूकता जैसे विषयों पर पकड़ बनी। आज कानपुर शहर को केंद्र में रखकर हैप्पीनेस, स्वास्थ्य और विजन कानपुर पर काम हो रहा है। "मुस्कुराए कानपुर", "कानपुर हेल्थ कमेटी" और "कानपुर सुपर 100" जैसी संस्थाएं खड़ी कर शहर के हर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों को जोड़ते हुए "नव कानपुर, कुशल कानपुर" बनाने का प्रयास जारी है। सामाजिक दृष्टिकोण और प्रबंधन क्षमता के साथ जिला प्रशासन के साथ भी पर्यटन विकास और शहर के विकास में सलाहकार की भूमिका निभाकर आत्मिक संतुष्टि मिल रही है। हर इंसान के जीवन में अलग-अलग पड़ावों पर रोल मॉडल होते हैं। माता-पिता के बाद प्रारंभिक काल में एक सरकारी कार्यालय के अधीक्षक रोल मॉडल थे। सेवा भाव से भरे हुए, आज कुलपति महोदय की प्रशासनिक क्षमता, कार्य के प्रति समर्पण और दूरदर्शिता मुझे प्रेरित करती है।



डॉ. सुधांशु राय
असिस्टेंट प्रोफेसर
कानपुर

आज जहां भी खड़ा हूं, अपने परिवार के समर्पण एवं सहयोग से। मैं मानता हूं कि मैंने सब कुछ नहीं पाया, पर काफी हद तक जीवन में संतुष्ट हूं खुश हूं। शैक्षिक दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाते हुए समाज को नया नेतृत्व देने की कोशिश कर रहा हूं। ऐसा नेतृत्व जो अपने शहर कानपुर को "नया कानपुर, खुशहाल कानपुर" बनाने की दिशा में कुछ सार्थक कर सके।

---

# कालजयी उपन्यास 'देवदास' के रचयिता शरतचंद्र

भारत में कई ऐसे यशस्वी साहित्यकार हुए हैं, जिनकी कृतियां विश्व भर में पढ़ी जाती हैं। इन साहित्यकारों में शरत चंद्र चट्टोपाध्याय की गणना प्रथम पंक्ति में की जाती है। आम आदमी को केंद्र में रखकर सामाजिक और पारिवारिक ताने-बाने पर बुने उनके उपन्यास और कहानियां पाठकों में बहुत लोकप्रिय हुईं।

शरतचंद्र चट्टोपाध्याय, एक ऐसे उपन्यासकार हैं, जिन्होंने अपने शब्दों और कुछ अविस्मरणीय लेखन के कारण लोगों के मन-मस्तिष्क पर एक गहरी छाप छोड़ी। उन्हें पश्चिम बंगाल के लोगों के मनोभावों, उनकी रुचियों, परंपराओं तथा उनकी जीवन शैली की गहरी समझ थी। एक विख्यात लेखक, जिनकी स्पष्ट और अविस्मरणीय लेखन की सरल शैली उस समय के नियमित पाठकों को पढ़ने के लिए एक बेहतरीन समाग्री थी। शरतचंद्र ने अपने उपन्यास और कहानियों में बंगाल के ग्रामीण अंचल में प्रचलित संस्कृति और वहां की जीवन शैली को एक नया आयाम दिया। उनके उपन्यासों और कहानियों के अधिकांश पात्र समाज के सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके आचरण तथा व्यवहार में सादगी तथा भोलापन स्पष्ट रूप से झलकता है।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

शरतचंद्र का जन्म हुगली जिले के देवानंदपुर गांव में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन भागलपुर में अपने मामा के घर में बिताया। 1894 में, उन्होंने टीएन जुबली कॉलेजिएट स्कूल से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें एफए क्लास में भर्ती कराया गया, लेकिन गरीबी के कारण अपनी आगे की शिक्षा जारी रखने में असमर्थ हो गए।


शरतचंद्र का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का धनी था, इसलिए उन्होंने जीवन के कई क्षेत्रों में कार्य किया। सबसे पहले उन्होंने बनाली एस्टेट में सहायक सेटलमेंट ऑफिसर के रूप में कार्य करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता के उच्च न्यायालय में एक अनुवादक के रूप में काम किया। फिर उन्होंने बर्मा रेलवे में लेखा विभाग में क्लर्क के रूप में काम किया। शरतचंद्र चट्टोपाध्याय बंगाल कांग्रेस के सक्रिय सदस्य भी रहे। वे भारतीय कांग्रेस द्वारा देश की आजादी के लिए चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में भाग लेते थे। बाद में, उन्हें हावड़ा जिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

शरतचंद्र चट्टोपाध्याय को एक ऐसा लेखक माना जाता है, जिन्होंने बंगाल के ग्रामीण परिवेश को अपने लेखन में अच्छी तरह से समाहित किया है। उनके कृतियों में ग्रामीण सार है, क्योंकि इनमें साधारण परिवारों, शहरों से बहुत दूर प्रकृति की गोद में, नदियों, पेड़ों और कृषि भूमि के बीच के जीवनकाल को कहानियों के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने महिलाओं के बारे में बहुत अधिक लिखा और एक पितृसत्तामक समाज में उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट रूप से और ईमानदारी से बताया। उन्होंने धर्म के नाम पर हो रहे सामाजिक भेदभाव, अन्याय और अंधविश्वास के खिलाफ विरोध किया।

शरतचंद्र का पहला उपन्यास 'बड़ीदीदी' 1907 में प्रकाशित हुआ। यह उपन्यास पाठकों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुआ। इसके बाद उनका उपन्यास 'बिंदुर छेले' सन् 1913 में और एक अन्य उपन्यास 'परिणीता' 1914 में प्रकाशित हुआ। उनके इन उपन्यासों को पाठकों ने हाथों-हाथ लिया और उन्हें अपार लोकप्रियता हासिल हुई।

सन् 2016 में उनका उपन्यास 'बैकुन्ठेर उइल' सन् 1917 में 'देवदास', 'श्रीकांत' और 'चरित्रहीन' प्रकाशित हुए। देवदास और चरित्रहीन उपन्यास के प्रकाशन के बाद शरतचंद्र की गणना देश के चोटी के उपन्यासकारों में होने लगी।

सन् 1926 में शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का उपन्यास 'पाथेर दाबी' प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास का कथानक क्रांतिकारी विषयवस्तु पर आधारित था और पाठकों को आजादी के लिए प्रेरित करता था, इसलिए ब्रिटिश सरकार द्वारा इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। अपनी साहित्य यात्रा के दौरान शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने बच्चों के लिए कई कहानियां और उपन्यास लिखे। इनमें 'रामर शुमाती' तथा 'लालू और उनके दोस्त' जैसी लघु कथाएं शामिल हैं। उनके उपन्यास और कहानियों पर



सफल फिल्में भी बनाई गईं। इन फिल्मों में 'देवदास', 'परिणीता', और 'श्रीकांत' जैसी फिल्मों ने अपार सफलता अर्जित की और वे दर्शकों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुईं। शरतचंद्र को बंगाली साहित्य में योगदान देने के लिए कई पुरस्कार मिले। इनमें सन् 1903 में उन्हें मिला 'कुंतालिन पुरस्कार' सबसे महत्वपूर्ण है। सन् 1923 में बंकिम चंद्र चटर्जी को 'जगत्तारिणी स्वर्ण पदक' से विभूषित किया गया। सन् 1934 में उन्हे 'बंगाली संगीत परिषद' की सदस्यता प्रदान की गई।

16 जनवरी 1938 को उनकी मृत्यु से बंगाल साहित्य को भारी नुकसान हुआ। उनके द्वारा लिखे गए उपन्यास हिंदी साहित्य की भी अनमोल धरोहर हैं। उनके विश्व प्रसिद्ध उपन्यासों के लिए उनका सदैव स्मरण किया जाएगा। यह देश और समाज उनका ऋणी रहेगा।

## बिजनेस ब्रीफ

### नीतू समरा बनीं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अंतरिम सीईओ

**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को अपनी मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नीतू समरा को अंतरिम सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की। यह बदलाव नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने निर्देश दिया था कि भारत में किसी भी हवाई अड्डे का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है। अगस्त 2020 से सीईओ के रूप में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नेतृत्व करने वाले स्विटजरलैंड के नागरिक क्रिस्टोफ श्नेलमान अब एयरपोर्ट के निदेशक मंडल में कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने बयान में कहा, तत्काल प्रभाव से नीतू समरा को अंतरिम आधार पर सीईओ नियुक्त किया गया है।

### भारत- न्यूजीलैंड 27 को करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शुक्रवार को बताया कि भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को नयी दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। इस समझौते का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के सामान को द्वीप राष्ट्र के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करना है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में करीब 20 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की संभावना जताई गई है। लक्सन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, "हम सोमवार को भारत के साथ अपना मुक्त व्यापार समझौता हस्ताक्षर करेंगे।" दोनों देशों ने पिछले वर्ष 22 दिसंबर को इस व्यापार समझौते की वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक दोगुना करना है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.30 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद के हफ्तों में भंडार में गिरावट देखी गई जिसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया संघर्ष था। बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने भारतीय रुपये पर दबाव डाला जिससे आरबीआई को डॉलर की बिक्री के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा।

# अनिश्चितता से घिरे शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा

## तेल की बढ़ती कीमतों और आईटी शेयर में बिकवाली ने दिया झटका, निफ्टी भी 455 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान से कारोबारियों के बीच निराशा का माहौल गहराया रहा। बीएसई सेंसेक्स 999.79 अंक यानी 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 275.10 अंकों की गिरावट हुई।

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,260.13 अंक यानी 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 अंक तक चला गया था। बीएसई पर कुल 2,905 शेयर में गिरावट आई जबकि 1,326 में बढ़त हुई और 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। पिछले सप्ताह सेसेंक्स 1,829.33 अंक या नी2.33 प्रतिशत गिरा जबकि निफ्टी में 455.6 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज रही। जोखिम से बचने की भावना ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आईटी क्षेत्र में लगातार कमजोरी ने बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा।



### इन्फोसिस का शेयर 7.09 प्रतिशत टूटा

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस का शेयर सर्वाधिक 7.09 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

**बढ़त के साथ हुए बंद:** ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक।

### स्मॉलकैप 0.95, मिडकैप 0.91 प्रतिशत टूटा

बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.95 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट 0.91 प्रतिशत टूटा। बीएसई आईटी में 5.13 प्रतिशत, बीएसई फोकस्ड आईटी में 4.65 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल में 1.35 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.33 प्रतिशत, रियल्टी में 1.30 प्रतिशत, सेवाओं में 1.17 प्रतिशत की गिरावट आई।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 107.3 डॉलर प्रति बैरल
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बेचे 3,254.71 करोड़ रुपये के शेयर
- दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ हुए बंद
- जापान का सूचकांक निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ हुआ बंद

### रुपया 15 पैसे कमजोर 94.16 प्रति डॉलर हुआ

**मुंबई।** रुपये में भी शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 94.16 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से घरेलू मुद्रा दबाव में है। रुपये में पिछले पांच सत्रों से लगातार गिरावट जारी है। घरेलू बाजार से निरंतर निकासी का भी असर पड़ रहा है।

### डॉलर के मजबूत होने से तीसरे दिन भी सोना, चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना-चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर सभी करों सहित 1,55,900 रुपये 10 ग्राम रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,47,000 रुपये किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण नहीं पूरे हो सके राजमार्ग निर्माण के लक्ष्य

**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 9,380 किलोमीटर रहा, जो 10,000 किलोमीटर के लक्ष्य से कम है।

- भूमि अधिग्रहण से पहले ही प्रोजेक्ट शुरू करना कारण

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि लक्ष्य से पीछे रहने का मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी और अन्य मंजूरियां मिलने में समय लगना रहा। पिछले वित्त वर्ष में राजमार्ग निर्माण की लंबाई 2017-18 के बाद से सबसे कम रही। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10,660 किलोमीटर, 2023-24 में 12,349 किलोमीटर और 2022-23 में 10,331 किलोमीटर राजमार्ग बनाए थे। निर्माण की रफ्तार में यह कमी मुख्य रूप से नई परियोजनाओं के आवंटन में गिरावट के कारण आई है। राजमार्ग परियोजनाओं के ठेके देने की गति वित्त वर्ष 2022-23 में 12,376 किलोमीटर से घटकर वित्त वर्ष 2024-25 में 7,538 किलोमीटर रह गई। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसका जिक्र किया था।

## सिफारिश: घरेलू कीटनाशकों पर जीएसटी घटाकर 5% करें

**नई दिल्ली।** मच्छरों और कीटों से होने वाली बीमारियों से लड़ने और निवारक स्वास्थ्य देखभाल सेवा को मजबूत करने के लिए जीएसटी परिषद को घरेलू कीटनाशकों पर लगने वाले कर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए। ईवाई-एचआईसीए ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में इस पर जोर दिया गया है।

- ईवाई-एचआईसीए ने रिपोर्ट जारी कर जीएसटी परिषद से किया आग्रह

रिपोर्ट के अनुसार लिक्विड वेपोराइजर, कॉइल और एरोसोल जैसे घरेलू कीटनाशक भारत के निवारक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेष रूप से घरेलू स्तर पर जहां इन बीमारियों से सुरक्षा अभी भी असमान है। ईवाई और होम इंसेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन की इस संयुक्त रिपोर्ट में इस बात की पड़ताल की गई है कि वर्तमान 18 प्रतिशत की जीएसटी दर इन उत्पादों की वहनीयता, पहुंच और उपयोग को खासकर संवेदनशील और उच्च जोखिम वाली आबादी के बीच किस तरह प्रभावित करती है। रिपोर्ट में इन उत्पादों पर कर को अन्य आवश्यक स्वच्छता और स्वास्थ्य-सुरक्षा उत्पादों की तर्ज पर पांच प्रतिशत करने का तर्क दिया गया है।

## पाकिस्तान ने यूएई को लौटाया 3.45 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** वित्तीय संकट में घिरे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को बकाया 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर का पूरा कर्ज लौटा दिया है। एक अरब डॉलर की राशि अबू धाबी फंड फॉर डेवलपमेंट को चुकाई गई, जबकि 2.45 अरब डॉलर का भुगतान पिछले सप्ताह कर दिया गया था।

- हाल ही में सऊदी अरब से मिली थी तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के मुताबिक यह भुगतान 23 अप्रैल को पूरा किया गया। इसके साथ ही यूएई को कुल 3.45 अरब डॉलर की जमा राशि की वापसी पूरी हो गई है। पाकिस्तान को हाल ही में सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मिली है। यह राशि दो किस्तों में आई, जिसमें दूसरी किस्त के रूप में एक अरब डॉलर 21 अप्रैल को प्राप्त हुए। पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर अमेरिका-इजराइल के साथ बढ़े तनाव के बाद यूएई ने पाकिस्तान से यह धन तत्काल लौटाने को कहा था। यह राशि 2019 में यूएई द्वारा पाकिस्तान को उसके भुगतान संतुलन को स्थिर करने के लिए दी गई बाहरी वित्तीय सहायता का हिस्सा थी। इससे पहले मार्च में पाकिस्तान यूएई के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर की जमा राशि को आगे बढ़ाने का समझौता करने में नाकाम रहा था।

## टेस्ला भारत में सुपरचार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला भारत में अपने कारोबार को मजबूत करके के उद्देश्य से अपनी चार्जिंग सुविधा का विस्तार करेगी। कंपनी ने हाल ही में भारत में अपने वाहन पेश किए हैं और अब वह ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता को कम करना चाहती है।

टेस्ला ने हाल ही में मॉडल वाई के साथ भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद बुधवार को उसने अपना दूसरा मॉडल मॉडल वाईएल पेश किया, जो तीन पंक्तियों और छह सीटों वाला वाहन है और जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। साथ ही कंपनी ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता दूर करने के लिए चार्जिंग सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल भारत में कंपनी के पांच तेज चार्जिंग केंद्र हैं, जिन्हें ऐसे स्थानों पर बनाया गया है जहां लोग काम, खरीदारी, भोजन और यात्रा के लिए जाते हैं।

# 'महिला सामर्थ्य' योजना से एक लाख महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कानपुर नगर के 1550 गांवों का कायाकल्प
- एक लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं का डेयरी नेटवर्क तैयार, रोज चार लाख लीटर दूध का संग्रह

**अमृत विचार:** योगी सरकार की 'महिला सामर्थ्य' योजना अवध क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है। अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर और कानपुर नगर के 1500 से अधिक गांवों में इस योजना के तहत एक लाख से ज्यादा महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। वहीं लखनऊ, उन्नाव और बाराबंकी में इसका तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

योजना के तहत एक मजबूत डेयरी नेटवर्क खड़ा हुआ है, जिसमें जुड़ी महिलाएं रोज करीब 4 लाख लीटर दूध का संग्रह कर रही हैं। अब तक 1380 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है, जिससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि हुई है। सुल्तानपुर के मुकुंदपुर गांव की अनीता वर्मा इस योजना की मिसाल बनकर उभरी हैं। दो गायों से शुरू किया गया उनका छोटा प्रयास आज उन्हें सालाना लाखों की आय दिला रहा है और वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। यह योजना साबित कर रही है कि सही अवसर और सरकारी सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर भी बदल सकती हैं।

### आत्मनिर्भर महिला, सशक्त परिवार

मुख्यमंत्री योगी का मानना है कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही समाज की असली ताकत है। इसी सोच के साथ योजना में महिलाओं को उत्पादन, संग्रहण और विपणन की पूरी प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिससे वे खुद निर्णय लेने में सक्षम हो रही हैं।

### 8000 से एक लाख तक का सफर

मार्च 2023 में 340 गांवों और 8000 महिलाओं से शुरू हुआ यह अभियान अब 1550 गांवों और एक लाख से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। डेयरी व्यवसाय का यह विस्तार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नया मॉडल बनकर उभरा है।

### डीबीटी से खत्म हुआ बिचौलिया तंत्र

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए भुगतान सीधे महिलाओं के खातों में जा रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

## संपर्क बनाए रखेंगे भारत और अमेरिका

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच तीन दिवसीय व्यापार वार्ता 23 अप्रैल को पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्ष भविष्य में इस गति को बनाए रखने के लिए निरंतर संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुगमीकरण, निवेश प्रोत्साहन, आर्थिक सुरक्षा और डिजिटल व्यापार जैसे कई क्षेत्रों पर चर्चा की।

बयान में कहा गया, बैठकें सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में हुईं जिसमें प्रमुख मामलों पर प्रगति के लिए सार्थक और भविष्योन्मुखी चर्चा की गई। दोनों पक्ष आगे बढ़ते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए निरंतर संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार के संबंध में एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे को अंतिम रूप देने के लिए संयुक्त बयान सात फरवरी को जारी किया था। यह ढांचा व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) वार्ता के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### व्यापार समझौते पर बातचीत

## एनएच पर दिसंबर से बाधामुक्त टोल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना रुकावट के टोल वसूली की नई व्यवस्था लागू की जाएगी। गडकरी ने लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवॉर्ड्स- 2026 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाकर परिवहन लागत घटाना जरूरी है।

गडकरी ने कहा कि इस नई प्रणाली के तहत वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। यह व्यवस्था उन्नत प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जिसमें वाहन नंबर पहचानने वाली प्रणाली और फास्टैग जैसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था शामिल होगी। इस प्रणाली में तेज गति वाले कैमरे और सेंसर के जरिए वाहनों की पहचान की जाएगी और उसी आधार पर टोल शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों को डिजिटल रूप से नोटिस भेजा जाएगा। भुगतान नहीं करने पर फास्टैग बंद किया जा सकता है और वाहन से जुड़ी अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# शाह का दावा, भाजपा पहले चरण की 110 सीटें जीतेगी

## कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को बताया दावे का आधार

कोलकाता, एजेंसी

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सभी विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को इस दावे का आधार बताया।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर शाह ने कहा , मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढ़ने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

# साजिश का मतदान से दिया है जनता ने जवाब : ममता

## दिल्ली से बंगाल चलाने के सपने कामयाब नहीं होंगे

कोलकाता, एजेंसी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अपने विभाजनकारी एजेंडे को थोपने की कोशिश कर रही ताकतों को शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव राज्य को कमजोर करने और उस पर नियंत्रण करने के व्यवस्थित प्रयास का प्रतिरोध करने के लिए है।

ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि बंगाल को कमजोर करने के हर प्रयास का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। दिल्ली में बैठे लोग बंगाल के अधिकारों को छीनने और अपना एजेंडा थोपने की साजिश रच रहे हैं, लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि बंगाल की जनता सब देख रही है और वोट के जरिए जवाब देगी। यह चुनाव बंगाल को कमजोर करने के प्रयास का विरोध करने का है। मुख्यमंत्री का इशारा राज्य में मोदी, शाह प्रचार अभियान की ओर था।

ममता ने कहा, चौरंगी, भवानीपुर, यादवपुर और टॉलीगंज में मैंने लोगों को कड़े इरादे, दृढ़ संकल्प, एकता के साथ बंगाल, उसकी पहचान और भविष्य की रक्षा के लिए उमड़ते देखा। जो लोग यह मानते हैं कि वे दिल्ली से बंगाल चला सकते हैं, उसके लोगों को बांट सकते हैं और संस्कृति को विकृत कर सकते हैं, वे बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं। इस भूमि की स्मृति लंबी है और इसकी रीढ़ की हड्डी बहुत मजबूत है।



खिदिरपुर में ममता बनर्जी ने किया रोड शो।

## भाजपा के विभाग की तरह बर्ताव कर रहा चुनाव आयोग: वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को भाजपा का एक विभाग करार देते हुए आरोप लगाया कि उसने कांग्रेस प्रमुख खरगे को तुरंत नोटिस जारी कर दिया, जबकि मोदी के संबोधन पर कोई कार्रवाई नहीं की। वेणुगोपाल ने दावा किया कि संसद में परिसीमन संबंधी विधेयक पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री का हालिया सार्वजनिक संबोधन चुनाव नियमों और आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन था।

## भाजपा कार्यकर्ता को तृणमूल ने धमकाया

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दक्षिण कोलकाता में पार्टी की एक कार्यकर्ता को उसके आवास पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा धमकाया गया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# चुनाव में निर्वाचन अधिकारी मगर मतदाता सूची से बाहर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत कई लोगों के नाम भी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी इन लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और उन्हें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष अपील करने का निर्देश दिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कीं वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए दायर याचिकाएं**

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने सीजेआई सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ को बताया कि कई अधिकारियों के नाम बिना किसी कारण मनमाने ढंग से मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। न्यायमूर्ति बागची ने स्वीकार किया कि जिन लोगों की अपील अभी लंबित है, वे शायद पश्चिम बंगाल के मौजूदा विधानसभा चुनावों में मतदान नहीं कर पाएंगे, लेकिन वे अपनी अपील जारी रख सकते हैं ताकि भविष्य के लिए मतदाता सूची में उनका नाम बहाल किया जा सके।

### सीजेआई ने पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड वोटिंग पर खुशी जताई

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को राज्य में पहले चरण में भारी मतदान पर खुशी जताई। कहा, भारत के एक नागरिक के रूप में मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं। जब लोग मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि एसआईआर के बाद जिन लोगों का नाम जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई की जरूरत है, उनकी याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए।

# बंगाल में मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों के डेटा की सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश

- निर्वाचन अधिकारी के सामने कैमरों से निकाले जाएंगे एसडी कार्ड कैमरा उतारे जाने तक पोलिंग टीम नहीं छोड़ सकेगी मतदान केंद्र

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद नए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद निगरानी कैमरों और वीडियो डेटा का सुरक्षा और प्रबंधन के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय किए गए हैं। इसके अलावा पोलिंग टीमों को तब तक मतदान केंद्रों को न छोड़ने का निर्देश दिया है, जब तक वहां से तय प्रोटोकॉल के मुताबिक सारे कैमरे न उतार लिए जाएं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को जारी नए दिशानिर्देशों के अनुसार, मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों में उपयोग किए गए एसडी कार्ड मतदान समाप्त होते ही तुरंत नहीं निकाले जा सकेंगे। संबंधित अधिकारियों को केवल कैमरे उतारने की अनुमति होगी, जिसके बाद कैमरे सेक्टर अधिकारी की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा, एसडी कार्ड केवल निर्धारित डेटा संग्रहण और रिसीविंग सेंटर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ही निकाले जा सकेंगे। चुनाव अधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान रिकॉर्ड की गई सभी वीडियो फुटेज को सुरक्षित तरीके से संरक्षित किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, जब तक कैमरा उपकरण पूरी तरह नहीं उतार लिया जाता, तब तक मतदान दल का कोई सदस्य या बीएलओ मतदान केंद्र नहीं छोड़ सकता।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने दी रूस व कई देशों को शुल्क में छूट

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़रने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रज़ा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गयी है। वहीं श्री जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा कि हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गयी हैं।

### रूस ने अफगानिस्तान को भेजी सहायता

**मास्को।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) में अपने मुख्य योगदान के तहत अफगानिस्तान में मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंचायी है। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 23 अप्रैल को मजार-ए-शरीफ में अफगानिस्तान को रूसी मानवीय सहायता की पहली खेप (फोर्टिफाइड गेहूं का आटा) सौंपने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। मंत्रालय ने बताया कि रूस ने यह सहायता डब्ल्यूएफपी में अपने मुख्य योगदान के हिस्से के तौर पर दी है, और मानवीय सहायता की कुल मात्रा लगभग 3,977 टन होगी।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी को सम्मान

**वाशिंगटन।** भारत के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं। यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के विशिष्ट फेलो जनरल द्विवेदी, जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के तीसरे प्रमुख हैं। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज, कार्लाइल बैरक्स का दौरा किया, जहां उन्हें इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।

# अल्जीरिया में नौका पलटने से 17 सोमाली प्रवासियों की मौत

- मृतकों में 12 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल

**मोगादिशु, एजेंसी**

अल्जीरिया और स्पेन के बीच समुद्री क्षेत्र में एक नौका के पलट जाने के बाद कम से कम 17 सोमाली प्रवासी मारे गए। अल्जीरिया में सोमालिया के राजदूत ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राजदूत यूसुफ अहमद हसन ने सोमालिया की सरकारी मीडिया को बताया कि अपने परिचितों की तलाश कर रहे लोगों ने उनसे संपर्क किया। यूरोप की यात्रा के दौरान नौका के पलटने के बाद डूबने से 12 पुरुष और पांच महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मुझसे उन अभिभावकों ने संपर्क किया जो अपने बच्चों की तलाश कर रहे थे और उनके बारे में जानना चाहते थे। हसन ने बताया कि इसके बाद उन्होंने अल्जीरियाई विदेश मंत्रालय से संपर्क किया, जिसने उन्हें सूचित किया कि राजधानी अल्जीयर्स से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में एक तटीय प्रांत में अफ्रीकी प्रवासियों के एक समूह में शामिल लोगों की मौत हो गई है।

यूरोप जाने की कोशिश कर रहे प्रवासियों के लिए, उत्तरी अफ्रीका और स्पेन के बीच का मार्ग आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों में से एक है।

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति चिंताजनक

## संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा, कार्रवाई में कमी से बढ़ रहे धर्मांतरण और अगवा किए जाने के मामले

**लंदन, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों और महिलाओं को अगवा किए जाने तथा जबरन शादी के जरिये उनका धर्मांतरण कराए जाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है।

उन्होंने कहा है कि कार्रवाई की कमी" ऐसे मामलों में वृद्धि का कारण बन रही है। जेनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) के विशेषज्ञों ने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, धर्म या आस्था में कोई भी बदलाव वास्तव में दबाव मुक्त होना चाहिए। साथ ही शादी दोनों पक्षों की पूर्ण एवं दबाव मुक्त सहमति पर आधारित होनी चाहिए, जो कानूनी रूप से तब संभव नहीं है, जब पीड़ित नाबालिग हो।

विशेषज्ञों के मुताबिक, पाकिस्तान में 2025 में अपहरण, जबरन शादी और धर्मांतरण से पीड़ित लड़कियों एवं महिलाओं में से लगभग 75 फीसदी हिंदू और 25 प्रतिशत ईसाई समुदाय की थीं। उन्होंने कहा कि ऐसी लगभग 80 फीसदी घटनाएं सिंध प्रांत से दर्ज की गईं। विशेषज्ञों के अनुसार, कार्रवाई की कमी लगातार जारी इस कृत्य को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, 14 से 18 साल की उम्र की किशोरियों को खास तौर पर निशाना बनाया जाता है। गरीब और हाशिये पर रहने वाले परिवारों की लड़कियों और युवतियों के साथ ऐसे कृत्य होने की आशंका ज्यादा रहती है। विशेषज्ञों ने कहा कि पीड़ित लड़कियों और महिलाओं को न सिर्फ शारीरिक एवं यौन हिंसा, सामाजिक कलंक और गंभीर आघात का सामना करना पड़ता है, बल्कि धर्म और आस्था के पालन की उनकी आजादी भी छीन ली जाती है। उन्होंने कहा, ये महिलाएं और लड़कियां लगातार आतंक के साये में जी रही हैं... इसे रोकना होगा।

### गाज़ा युद्ध में प्रतिदिन औसतन 47 महिलाएं मारी गईं : संरा

**न्यूयॉर्क।** गाज़ा पट्टी में अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2025 के बीच इजरायल की सैन्य कार्रवाई में 38,000 से अधिक महिलाएं और लड़कियां मारी गयी हैं, जो इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 47 मौतों के बराबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महिला इकाई की रिपोर्ट गाज़ा में युद्ध की कीमतः महिलाएं और लड़कियां में कहा गया है कि यह संख्या उसी अवधि में दर्ज कुल मौतों के आधे से अधिक है। गाज़ा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 71,200 लोगों की मृत्यु दर्ज की गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की कुल हिस्सेदारी सभी मृतकों में आधे से अधिक है। साथ ही यह भी संकेत दिया गया है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि मलबे में दबे शवों को निकालने में कठिनाई और स्वास्थ्य तथा सूचना तंत्र के बाधित होने के कारण कई मामलों की रिपोर्टिंग नहीं हो पाई है। आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों की मौतों में वृद्धि उन अवधियों में देखी गई जब नागरिक ढांचे जैसे घर, स्कूल और आश्रय स्थलों का व्यापक विनाश हुआ। अनुमान है कि गाज़ा में लगभग 11,000 महिलाएं, लड़कियां विकलांगता का सामना कर रही हैं।

# इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था के लिए नाबालिग को बाध्य नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट ने सात महीने से अधिक प्रेग्नेंट लड़की को अबॉशर्न की दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को 15 वर्षीय लड़की को सात महीने से अधिक की गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन कराने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला, विशेषकर नाबालिग को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि जन्म लेने वाले बच्चे की अपेक्षा गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि ऐसी गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा की संभावनाओं, सामाजिक स्थिति और समग्र विकास पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला की प्रजनन संबंधी स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। यदि किसी महिला को अवांछित गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह उसके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। पीठ ने कहा कि अपने शरीर से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार विशेषकर प्रजनन के मामलों में संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न हिस्सा है। यह अधिकार अव्यावहारिक प्रतिबंध लगाकर निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता, खासकर नाबालिगों और अवांछित गर्भावस्था जैसे मामलों में। न्यायालय ने कहा कि किसी भी अदालत को किसी महिला और विशेष रूप से नाबालिग बच्ची को उसकी स्पष्ट इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक ढोने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। ऐसा करना न केवल उसकी निर्णय लेने की स्वतंत्रता की अनदेखी होगी, बल्कि यदि उसे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाए तो उसे गंभीर मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक आघात भी पहुंचेगा। पीठ ने कहा कि राहत देने से इनकार नाबालिग को अपरिवर्तनीय परिणाम झेलने के लिए मजबूर करेगा और ऐसा दृष्टिकोण प्रजनन विकल्प को मौलिक अधिकार मानने वाले संवैधानिक तथा स्थापित सिद्धांतों के विपरीत होगा।

### गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण

न्यायालय ने कहा कि गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है, न कि जन्म लेने वाले बच्चे की। पीठ ने कहा कि यह कहना आसान है कि यदि गर्भवती महिला बच्चे का पालन-पोषण नहीं करना चाहती तो वह उसे गोद दे सकती है, इसलिए उसे बच्चे को जन्म देना ही चाहिए। लेकिन यह विचार विशेषकर उन मामलों में स्वीकार्य नहीं हो सकता, जहां जन्म लेने वाला बच्चा अवांछित हो। ऐसी स्थिति में महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने और गर्भावस्था जारी रखने का निर्देश देना गर्भवती महिला के कल्याण को नकारना होगा और उसे अभी जन्म न लेने वाले बच्चे के हितों के अधीन कर देगा। संवैधानिक अदालतों को ऐसे मामलों में जन्म लेने वाले बच्चे के बजाय गर्भवती महिला के कल्याण को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियों का मूल्यांकन करना चाहिए।

### गर्भसमापन के लिए सभी तथ्यों, परिस्थितियों पर देना होगा ध्यान

न्यायालय ने कहा कि संवैधानिक अदालत को उन सभी तथ्यों और परिस्थितियों को उस पक्ष के दृष्टिकोण से देखना चाहिए, जो गर्भसमापन चाहती है और चिकित्सकीय जोखिम उठाने को तैयार है, न कि गर्भावस्था पूरी कर अवांछित बच्चे को जन्म देने का निर्देश देना चाहिए। पीठ ने कहा कि यदि संवैधानिक अदालत यह कहे कि अवांछित गर्भावस्था भी जारी रखनी होगी, तो अनुमति लेने के लिए अदालत आने के बजाय लोग अवैध गर्भपात केंद्रों का रुख करेंगे या गुप्त रूप से गर्भसमापन कराएंगे, जिससे गर्भवती महिला को अधिक खतरा होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस मामले में लड़की 15 वर्ष की है और गर्भावस्था अवांछित है इसलिए इसे जारी रखना नाबालिग गर्भवती के हित में नहीं है, विशेषकर तब जब उसने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया है।

# पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां होने के उनके आरोपों से जुड़े मामले में दायर की गई थी। न्यायमूर्ति पार्थिव ज्योति सैकिया की एकल पीठ ने सोमवार को खेड़ा द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता को गुवाहाटी उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए कहा था।

एक संवाददाता सम्मेलन में खेड़ा द्वारा लगाए इन आरोपों के बाद मुख्यमंत्री शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा ने कांग्रेस नेता और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गुवाहाटी अपराध शाखा पुलिस थाने में आपराधिक मामले दर्ज कराए थे। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि जो आरोप उन्होंने लगाए हैं, वे कुछ दस्तावेजों पर आधारित हैं, जो उनके पास हैं जबकि पुलिस ने दावा किया कि उन दस्तावेजों को पहले ही फर्जी साबित किया जा चुका है। अदालत ने कहा कि मामला दर्ज होने के बाद याचिकाकर्ता ने यह कहीं नहीं कहा कि पुलिस ने झूठे या मनगढ़ंत दावे किए हैं।

# 18 माह बाद 400 फिट ऊंचे टावर से उतारा गया युवक

- गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर सख्त कानून की थी की मांग

**समाना, एजेंसी**

पंजाब में बेअदबी की घटनाओं के लिए सख्त कानूनों की मांग को लेकर करीब 560 दिनों से 400 फुट ऊंचे मोबाइल टावर पर बैठे कार्यकर्ता गुरजीत सिंह खालसा को आखिरकार शुक्रवार सुबह नीचे उतार लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम के साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान के लिए कड़ी सजा की मांग कर रहे खालसा (43) के अनूठे ढंग से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का समापन हो गया।

उन्होंने 12 अक्टूबर 2024 को पटियाला के समीप समाना में स्थित टावर पर चढ़कर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। पटियाला के एक दमकल अधिकारी ने बताया कि दमकलकर्मियों, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारियों की एक टीम ने विशेष 'क्रेन-लिफ्ट' की मदद से उन्हें नीचे उतारा। कार्यकर्ता को टावर से उतारते समय उन्होंने हाथ हिलाकर अपने उन समर्थकों का अभिवादन किया जो नीचे खड़े थे। इस बीच एक समर्थक ने चिल्लाकर कहा कि खालसा 'चढ़दी कला' (जोश) में हैं। खालसा को 'सिख जयकारा' और 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों के बीच टावर से उतारने के बाद चिकित्सा जांच के लिए एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाया गया। इस बीच उनके समर्थकों ने उन पर फूल बरसाए। कई स्थानीय लोगों को अपने घरों की छतों से इस पूरी प्रक्रिया को देखते हुए देखा गया। पटियाला जिले के खेड़ी नगैयां गांव के निवासी कार्यकर्ता ने जमीन पर कदम रखते हुए कहा कि हम जीत गए हैं। खालसा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां को बेअदबी विरोधी कानून लागू करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि गुरु की कृपा से मैं 18 महीने और 12 दिन बाद सुरक्षित वापस आ गया हूं। मैं पंजाब सरकार का आभारी हूं। पंजाब सरकार ने गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ संशोधित कानून जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' को हाल ही में अधिसूचित कर दिया है, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के किसी भी कृत्य के लिए आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक के जुर्माने समेत कठोर दंड का प्रावधान है।



# इजराइल-लेबनान संघर्ष विराम तीन सप्ताह के लिए बढ़ा

- ट्रंप बोले-दोनों देशों के राजदूतों के बीच सार्थक रही बैठक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में हुई बातचीत इजराइल एवं हिजबुल्ला चरमपंथी डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बृहस्पतिवार के बाद इजराइल और लेबनान ने समूह के बीच युद्धविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाने पर सहमति जताई है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में इजराइल और लेबनान के राजदूतों के बीच हुई बैठक सार्थक रही। राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में हुई एक बैठक के दौरान हालांकि ट्रंप ने स्वीकार किया कि उन्हें हिजबुल्ला के बारे में भी सोचना होगा। हालांकि ईरान समर्थित इस समूह ने वार्ता का विरोध किया है और पिछले शुक्रवार को प्रारंभिक युद्धविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों द्वारा कई बार इसका उल्लंघन किया गया है। इजराइल और लेबनान के बीच दशकों में यह पहली सीधी राजनयिक वार्ता थी। दोनों पक्षों के बीच हुआ शुरुआती 10 दिवसीय युद्धविराम सोमवार को खत्म होने वाला था। ट्रंप ने सोशल पोस्ट में कहा कि लेबनान को हिजबुल्ला से रक्षा में मदद करने के लिए अमेरिका उसके साथ काम करेगा। बाद में ओवल ऑफिस में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले कुछ हफ्तों में वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से वाशिंगटन में मुलाकात करेंगे।

# सीबीएसई 10वीं : दूसरी बोर्ड परीक्षा को 6.68 लाख से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए 6.68 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अधिकांश आवेदन मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों में सुधार के लिए हैं, जिसके परिणाम इस महीने की शुरुआत में घोषित किए गए थे। सीबीएसई के अनुसार, दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 6,68,854 नियमित उम्मीदवारों ने आवेदन किया है जिनमें से 5,25,655 ने सुधार के लिए, 85,285 ने कंपार्टमेंट श्रेणी के तहत तथा 57,914 ने कंपार्टमेंट तथा सुधार दोनों श्रेणियों के लिए आवेदन किया है। बोर्ड ने बताया है कि 2026 से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो बार कराई जा रही है। इसके तहत छात्रों को पहली (मुख्य) परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा।

# चीनी कंपनियों पर सख्त कार्रवाई करेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल के दुरुपयोग पर नकेल कसने का संकल्प जताया है। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रशासन के निशाने पर विशेष रूप से चीन रहेगा, क्योंकि वह एआई की दौड़ में अमेरिका से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

# आरएसएस 'कु क्लक्स क्लैन' का भारतीय संस्करण नहीं : होसबाले

- सरकार्यवाह बोले-संगठन के बारे में कई हैं गलतफहमियां

**वाशिंगटन, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में कहा कि आरएसएस अमेरिकी श्वेत वर्चस्ववादी समूह 'कु क्लक्स क्लैन' का कोई भारतीय संस्करण नहीं है। साथ ही उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला।

हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'न्यू इंडिया कॉन्क्लेव' में संवादात्मक सत्र के दौरान होसबाले ने कहा कि अमेरिका में भारत के बारे में गलतफहमियों की तरह ही आरएसएस के बारे में भी गलत धारणाएं हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को लेखक वाल्टर रसेल मीड के साथ चर्चा के दौरान कहा कि दशकों से जानबूझकर या अनजाने में अन्यथा किसी एजेंडा के तहत इस तरह की धारणा गढ़ी गई है कि आरएसएस



एक हिंदू वर्चस्ववादी संगठन है या यह ईसाई विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी, विकास विरोधी और आधुनिकीकरण का विरोधी है। होसबाले ने कहा कि इसलिए सकारात्मक कार्यों को कभी उजागर नहीं किया गया। इसके बजाय हमेशा गलत छवि का ही प्रचार किया जाता रहा है... जैसे हम 'कु क्लक्स क्लैन' का कोई भारतीय संस्करण हों, जो कि हम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू दर्शन और संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार की तरह देखती है और यह वर्चस्ववाद का समर्थन नहीं करती। आरएसएस सरकार्यवाह ने कहा, हम सजीव और निर्जीव, हर चीज में एकता देखते हैं। जब यही हिंदुओं का मूल दर्शन है, तो श्रेष्ठता का प्रश्न ही नहीं उठता। इतिहास में हिंदुओं ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया है। होसबाले ने आरएसएस को भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विचारधारा में निहित एक स्वयंसेवी आंदोलन के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस भारत के प्राचीन समाज की सांस्कृतिक नैतिकता और सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरित एक जन स्वैच्छिक आंदोलन है जिसे सामान्यतः हिंदू संस्कृति के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि चरित्रवान, आत्मविश्वासी, समाज सेवा का भाव रखने वाले और समाज को संगठित करने में सक्षम स्वयंसेवकों को तैयार करने के लिए संघ एक घंटे की दैनिक और साप्ताहिक शाखाओं का आयोजन करता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज निर्णय लेने से पहले स्थिति को पूरी तरह समझना जरूरी होगा। दिन के दूसरे हिस्से में चीजें स्पष्ट होंगी।

**तुला** — आज किसी नई योजना की शुरुआत हो सकती है। आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा।

**वृष** — आज किसी बात को लेकर मन में दबाव रह सकता है। कारोबार में बड़ी साझदारी हो सकती है। धैर्य बनाए रखें।

**वृश्चिक** — आज विदेश से जॉब के ऑफर मिलने की संभावना बन रही है। दूसरों के कार्यों में टांग न अड़ाएं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**मिथुन** — आज का दिन अच्छा रहेगा। संपर्क आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। सही समय पर लिया गया निर्णय आपको आगे बढ़ाएगा।

**धनु** — आज परिस्थितियों के लगातार अनुकूल होने से खुश रहेंगे। ऑफिस में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज आपका ध्यान परिवार से जुड़े मामलों पर रहेगा। किसी जिम्मेदारी को निभाने का समय है। भावनाओं पर नियत्रंण रखें।

**मकर** — आज कुछ लोग आपके कार्यों में अवरोध डालने का प्रयास कर सकते हैं। नया कार्य आरंभ करने में जल्दबाजी न करें।

**सिंह** — आज आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई नया काम शुरू करने की सोच सकते हैं। दिन का दूसरा भाग आपके लिए अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। व्यवसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**कन्या** — आज आपको अपने कामों पर ध्यान देना होगा। किसी भी लापरवाही से बचें। छोटे-छोटे प्रयास ही आपको सही परिणाम देगा।

**मीन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। प्रशासन से जुड़े लोग कार्यों से संतुष्ट रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 18.27 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेशा 20.04 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

### सुडोकू -130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |

## शोध

### नींद संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज होने पर दूर हो सकते हैं डायबिटीज, हृदयरोग, अवसाद जैसे कई लक्षण

# अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, अलग से इलाज की जरूरत

**ब्रिटेन, एजेंसी**

अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इंसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। आज अनिद्रा ब्रिटेन में लोगों के सामने सबसे आम मानसिक समस्याओं में से एक बन गई है।

इंग्लैंड में लगभग एक-तिहाई वयस्क अनिद्रा से जुड़े लक्षणों का सामना करने की बात स्वीकार करते हैं। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयराइड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नजीता होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है। प्राइमरी और सेकेंडरी इंसोमेनिया से चिकित्सकीय रूप से निपटने के तरीके में इस अंतर को त्यागना इस बात को स्वीकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम था कि अनिद्रा अक्सर अपने आप में एक स्वतंत्र बीमारी होती है, जिसका अलग से इलाज करना जरूरी है। शोधकर्ताओं ने इस बात के पुख्ता सबूत जुटाए हैं कि अगर लोगों की नींद संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज किया जाए, तो उनमें मौजूद डायबिटीज, हृदयरोग, अवसाद, मनोभ्रंश, शराब की लत, बाइपोलर डिसऑर्डर आदि में सुधार हो सकता है।

### किसे होती है अनिद्रा की शिकायत?

पिछले दो दशक में दुनियाभर से अधिक सटीक आंकड़े मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि अनिद्रा की समस्या कितनी आम है। यह लगभग सभी वर्गों को प्रभावित करती है, लेकिन महिलाएं, बुजुर्ग और गरीब एवं हाशिये पर पड़े लोग इसके प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं, क्योंकि उनमें अक्सर जैविक, मानसिक और सामाजिक, तीनों कारक मिलकर अनिद्रा की समस्या को जन्म देते हैं। महिलाओं के सामने हार्मोन में बदलाव, गर्भावस्था, शिशु का जन्म, स्तनपान, रजोनिवृत्ति, घरेलू हिंसा, दूसरों की देखभाल की जिम्मेदारी, चिंता और अवसाद जैसी स्थितियां आती हैं।

# बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत यात्रा पर आएंगी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की अध्यक्ष सुश्री एन्नालेना बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आयेंगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बेयरबॉक की यह यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है और वह विदेश मंत्री के साथ आपसी हित के महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगी। बेयरबॉक महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। वह एआई पर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लेंगी।



> हमारा प्रदर्शन खराब इसलिए दिख रहा है क्योंकि हम हर मैच में लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। पिछले मैच में हमने एक ही ओवर में तीन विकेट गंवा दिए थे और हमारी बल्लेबाजी भी बहुत अच्छी नहीं रही थी।
> –ट्रिस्टन स्टब्स, दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज

# स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 25 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

### IPL 2026
### आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

# सुदर्शन के शतक से गुजरात टाइटंस ने बेंगलुरु को दिया 206 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सुयश शर्मा, जॉश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार को एक-एक विकेट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन (100 रन) के शतक की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात टाइटन्स की पारी के 12.4 ओवर टी20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं।

सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उनकी पारी टीम के लिए मजबूत नींव साबित हुई। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने सलामी जोड़ीदार और कप्तान शुभमन गिल (32 रन, 24 गेंद) के साथ 128 रन की साझेदारी में शुरू से ही पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। सुदर्शन ने पावरप्ले के दौरान 29 जबकि गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेली थीं।

तमिलनाडु के 24 साल के तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने पावरप्ले में 46 रन बनाए और फिर 33 गेंदों में बड़े ही शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसके लिए उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर एक जोरदार छक्का जड़ा। वह अपनी इस पारी के दौरान आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अगले पचास रन उन्होंने और भी तेज गति से बनाए जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 24 गेंद लीं। इस दौरान उन्होंने आरसीबी के स्पिन जोड़ी कृणाल पांड्या और सुयश शर्मा को पूरी तरह से बेअसर कर दिया। क्रुणाल ने सुदर्शन को शांत रखने के लिए अपनी खास बाउंसर गेंद का इस्तेमाल किया, लेकिन यह बल्लेबाज भी पूरी तरह से तैयार था। उसने गेंद को 'अपर कट' करते हुए छक्के के लिए बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने इसी गेंदबाज की गेंद पर एक चौका और स्वीप शॉट से एक छक्का जड़ा। जिसके बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार को गेंदबाजी के लिए दूसरे विकल्पों के बारे में सोचना पड़ा। गिल के आउट होने से मैच की दिशा में कोई खास बदलाव नहीं आया क्योंकि सुदर्शन ने लगातार रन बटोरना जारी रखा। सुयश ने 91 रन के स्कोर पर अपनी ही गेंद पर कैच छोड़कर उन्हें जीवनदान दिया था।

सुदर्शन ने सुयश की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया, पर वे इसे आगे नहीं बढ़ा पाए और जोश हेजलवुड को एक आसान सा कैच थमा बैठे। उनके आउट होने से आरसीबी को डेथ ओवर्स में थोड़ी वापसी करने में मदद मिली। 17वें ओवर गुजरात टाइटंस का स्कोर दो विकेट पर 174 रन था। लेकिन टीम 31 रन ही बना पाई। ये रन भी टीम के लिए पदार्पण करने वाले खिलाड़ी जेसन होल्डर की छोटी सी तेज पारी (नाबाद 23 रन, 10 गेंद) की बदौलत ही बन पाए।



साई सुदर्शन।

### गुजरात टाइटंस

**205/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का एवं बो हेजलवुड | 100 |
| शुभमन गिल का पडिक्कल बो सूयश | 32 |
| जोस बटलर का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 25 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 |

**अतिरिक्त** : 06, **विकेट पतन** : 1-128, 2-160, 3-177, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-31-1, हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, कृणाल पांड्या 4-0-50-0, शेफर्ड 1-0-17-0, सूयश शर्मा 4-0-36-1

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद–323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद –320
- सुभमन गिल गुजरात –297 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात – 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद– 12 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## संजू सैमसन की शतकीय पारी को कुंबले और हरभजन ने जमकर सराहा

**मुंबई, एजेंसी।** अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना की। उन्होंने इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की। मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहासीएसके की सफलता अक्सर उनके सलामी बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है। सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है। सिर्फ सात मैचों में दो नाबाद शतक, और उन्होंने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई है। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस शतक को सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा संजू सैमसन इसलिए अलग नजर आए क्योंकि उनकी खेल की समझ बहुत मजबूत थी। बहुत से खिलाड़ियों में प्रतिभा होती है, लेकिन बहुत कम खिलाड़ी यह समझ पाते हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में पारी को कैसे गति देनी है। उन्होंने यह समझा कि खासकर एक युवा टीम के साथ अंत तक टिके रहना कितना जरूरी है।



### हाईलाइट

### थॉमस कप फाइनल्स के पहले मैच में भारत ने कनाडा को हराया

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।

### भारत 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में होगा शामिल : मांडविया

**बडगाम।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2036 तक दुनिया के शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में शामिल होगा और 2047 तक शीर्ष पांच देशों में अपनी जगह बना लेगा। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खेल प्रशासन को अधिक सुव्यवस्थित किया है और देश में एक संगठित खेल ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के ओमपोरा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 30-बिस्तर वाले अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद कहा सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दे रही है।

### भारतीय महिला टीम आत्मसम्मान की लड़ाई में उतरेगी

**जोहान्सबर्ग।** पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला गंवाने के बावजूद भारत के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस शृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है।

## रॉयल्स की नजरें सनराइजर्स के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने पर

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।

यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी की ताकत उनके शीर्ष क्रम में है, जहां इशान किशन और हेनरिक क्लासेन पहले ही कई मौकों पर आक्रामक प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। हिंगे और साकिब दोनों ने रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में चार-चार विकेट लिए, लेकिन सनराइजर्स की गेंदबाजी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है। टीम कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है, हालांकि हाल के मैचों में कुछ सुधार देखने को मिला है। रॉयल्स की टीम मध्यक्रम की बल्लेबाजी को छोड़कर लगभग हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के नाम सात मैचों में पांच जीत हैं। उनकी बल्लेबाजी की रीढ़ युवा खिलाड़ियों पर टिकी है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** : ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिम्रोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रविंद्र जड़ेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नंद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा।


अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स के बल्लेबाज अभिषक शर्मा। एजेंसी

## दिल्ली के सामने अपराजेय पंजाब की चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी बल्लेबाजी में अस्थिरता रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने कुछ पारियों में योगदान दिया है, लेकिन पूरी टीम एक साथ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं।


दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल और पथुम निसांका। एजेंसी

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स** : अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब नबी डार, नीतीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद।

## सचिन ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन

**मुंबई।** भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को अपना 53वां जन्मदिन अपने घर पर परिवार और विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की मौजूदगी में मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी अंजलि भी उनके साथ मौजूद रहीं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने अपने आवास पर पहुंचे प्रशंसकों की तालियों और उत्साह के बीच केक काटा। उन्होंने इस दौरान अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनी एक छोटी बच्ची को देखकर उसे गोद में भी उठा लिया, जिससे माहौल और भावुक हो गया। तेंदुलकर ने इससे पहले दिन की शुरुआत में सोशल मीडिया पर अपनी मां, पत्नी अंजलि और अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा मेरी सुबह की परफेक्ट शुरुआत आई (मां), अंजलि और इस शरारती के साथ हुई। इससे बेहतर क्या हो सकता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने तेंदुलकर के जन्मदिन के मौके पर आयोजित लीजेंड्स क्लब कार्यक्रम के दौरान उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



पत्नी अंजलि तेंदुलकर और फैंस के साथ जन्मदिन मनाते सचिन तेंदुलकर। एजेंसी




### दी सफाई

**मुंबई इंडियंस की लगातार हार पर बोले मुख्य कोच महेला जयवर्धने, थकान की आशंकाओं को किया खारिज**

## मुंबई को आत्मविश्वास, एकाग्रता व अनुशासन की जरूरत

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप में खेलने के कारण लेकर थकान की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम लय और आत्मविश्वास हासिल करने पर ध्यान दे रही है।

मुंबई इंडियंस की टीम में सूर्यकुमार और हार्दिक के अलावा जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा पिछले महीने आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि मिचेल सैंटनर ने इस विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुवाई की थी और अनुभवी क्विंटन डिकॉक दक्षिण अफ्रीका टीम के अहम सदस्य थे। मुंबई इंडियंस को बृहस्पतिवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। यह टीम की सात मैचों में पांचवीं हार थी।

कप्तान हार्दिक पांड्या ने छह मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं और 97 रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव सात मैचों में 156 रन ही बना सके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह (2 विकेट) और तिलक वर्मा (181 रन) भी एक पारी को छोड़ दे तो खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, "मौजूदा दौर में सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं। विश्व कप खेलने वाले कई खिलाड़ी ब्रेक के बाद आईपीएल में लौटे हैं। मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ी खुद भी थकान को कारण मानेंगे। हमें लय और निरंतरता हासिल करनी है। यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है। गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, लेकिन बल्लेबाजी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, "हमें वह संतुलन ढूंढना होगा जहां हम मुकाबला कर सकें। हम अगर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें तो हमारे पास अच्छा मौका है, लेकिन अगले सात मैचों के लिए आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन जरूरी है।

इस बीच न्यूज़ीलैंड के टी20 कप्तान मिचेल सैंटनर को चोट के बाद स्कैन के लिए भेजा गया। उन्हें डाइव लगाकर कैच लेने के दौरान सिर, गर्दन और कंधे में चोट लगी थी। उनकी जगह कंकशन सब्स्टीट्यूट के रूप में शार्दुल ठाकुर को बल्लेबाजी के लिए उतारा गया। जयवर्धने ने कहा उसके सिर पर पहले चोट लगी, फिर गर्दन और कंधे पर। मैदान से वापस आने के बाद उसे चक्कर आने लगे, इसलिए उसने स्कैन करवाया। सैंटनर ने डगआउट में कंधे के लिए बर्फ रखी थी, लेकिन उसे लगा कि उसकी हालत स्थिर नहीं है, इसलिए हम उसे स्कैन के लिए ले गए।

### चेहरे पर हाथ रखकर अनोखे जश्न के पीछे कोई खास वजह नहीं : अकील हुसैन

चेन्नई सुपरकिंग्स की जीत में 17 रन पर चार विकेट लेकर अहम योगदान देने वाले अकील हुसैन ने कहा कि चेहरे पर हाथ रखकर उनके अनोखे जश्न के पीछे कोई खास वजह नहीं है। हर खिलाड़ी का अपना एक तरीका होता है। नूर अहमद का एक तरीका है, कुछ फुटबॉल खिलाड़ियों के भी अपने तरीके होते हैं, तो मैंने बस यही चुन लिया। इसके पीछे ज्यादा कुछ नहीं है, यह सिर्फ छोटी-छोटी सफलताओं का जश्न मनाने का तरीका है। हुसैन ने आगे कहा उन्हें पता था कि मुंबई के पास केवल पांच गेंदबाज हैं। उन्हें आखिरी ओवरों में एक ऐसे गेंदबाज का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसका शुरू में ज्यादा उपयोग नहीं हुआ था।

